15122023-Dak-01_page1.qxd 15/12/2023 00:48 Page 1


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शुक्रवार 15 दिसंबर 2023


# नक्सली विस्फोट में एक और जवान शहीद, सीएम ने की परिजनों से बात

## नारायणपुर के बाद कांकेर में नक्सलियों ने किया ब्लास्ट, प्रधान आरक्षक शहीद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर/रायपुर

नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में गुरुवार नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया। इसमें सीमा सुरक्षा बल का एक जवान शहीद हो गया। पिछले दो दिन में इस तरह की यह दूसरी घटना है। पहली घटना में शहीद जवान कमलेश साहू के पिता से सीएम विष्णुदेव साय ने कल रात ही फोन पर बात की। आज सुबह डिप्टी सीएम विजय शर्मा उनके निवास भी पहुंचे। श्री साय ने नारायणपुर जिले में हुए आईईडी ब्लास्ट में सक्ती जिले के हसौद निवासी शहीद जवान कमलेश साहू को नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा छत्तीसगढ़ उनके परिजनों के साथ है। कमलेश साहू ने आदम्य साहस का परिचय देते हुए वीरगति प्राप्त की है।

नारायणपुर के बाद आज दूसरी घटना परतापुर पुलिस थाना क्षेत्र में हुई। परतापुर थाना परिसर में स्थित 47वीं बटालियन की बीएसएफ व जिला की टीम रूटीन गश्त के लिए माहला के लिए 14 दिसंबर की सुबह निकली थी। माहला पहुंचने के पहले दोपहर को लगभग एक बजे के आसपास माहला के टेकरापारा पहाड़ के पास आईईडी की चपेट में टीम के आगे ▸▸ शेष पेज 4 पर

### 48 घंटों में दूसरा मामला

दो दिनों के भीतर यह दूसरा मामला है, जब नक्सलियों ने आईईडी से सुरक्षा बलों को निशाना बनाया है। अखिलेश उत्तर प्रदेश के मूल निवासी थे। उन्होंने बताया कि बीएसएफ, जिला रिजर्व गार्ड और जिले की एक संयुक्त टीम द्वारा तलाशी अभियान चलाया जा रहा था। वहीं, आईईडी ब्लास्ट के बाद इलाके में पुलिस बल तैनात है।



### मोहला-मानपुर के बॉर्डर पर मार गिराए दो नक्सली

मोहला। गढ़चिरौली जिले की एंटी नक्सल फोर्स सी-60 के जवानों ने मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के भीतर घुसकर नक्सली कैंप में स्ट्राइक की और दो हार्डकोर नक्सलियों को मार गिराया है। महाराष्ट्र फोर्स की कार्रवाई में एक की पहचान मुख्य रूप से कसनसुर दलम के डिप्टी कमांडर दुर्गेश वट्टी के रूप में की गई है।

### सीएम बोले- पूरा छग आपके साथ

## शहीद के परिजनों से मिले डिप्टी सीएम



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने परिजनों से फोन पर बात करते हुए कहा- पूरा छत्तीसगढ़ आपके साथ है। इधर, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सक्ती जिले के हसौद पहुंचकर शहीद कमलेश साहू को श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने शहीद के पिता मुकेश्वर साहू को गले लगाकर उन्हें ढांढस बंधाया। श्री शर्मा ने शहीद कमलेश की माता श्रीमती तारा देवी साहू, पत्नी श्रीमती वृंदाबाई साहू, शहीद की बड़ी बहन श्रीमती कमलेश्वरी साहू और छोटे भाई यशवंत साहू सहित अन्य परिजनों से भी मुलाकात की और सांत्वना दी। उन्होंने कहा ▸▸ शेष पेज 4 पर








# मोदी की पहली गारंटी पर मुहर, बनेंगे गरीबों के 18 लाख आवास, साय बोले- 25 को बोनस भी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

*छत्तीसगढ़ की नई साय सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में बड़ा फैसला लिया गया है। सीएम विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कैबिनेट ने 18 लाख पीएम आवास योजना को मंजूर कर लिया। फैसले के बारे में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि बैठक में केवल इसी एक ही मुद्दे पर चर्चा हुई। 18 लाख लोगों को जल्द से जल्द घर देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। उन्होंने कहा, मोदी की हर गारंटी पूरी होगी।*

### अर्जियां मंजूर कर ली गई

कैबिनेट के बाद नया रायपुर में मीडिया से रूबरू हुए मुख्यमंत्री ने कहा, मोदी की गारंटी में जो वादे छत्तीसगढ़ की जनता से किए गए हैं वह सभी पूरे किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ में 18 लाख लोग पीएम आवास योजना के लिए प्रतीक्षारत हैं, अब इनको मंजूरी दे दी गई है। उन्होंने कहा, आने वाले समय में उस पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पहली कैबिनेट में राज्य के दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा भी मौजूद थे। उन्होंने कहा, पिछली कांग्रेस सरकार ने राज्य को आर्थिक रूप से खोखला कर दिया है। ▸▸ शेष पेज 4 पर

### सरकार गठन के बाद साय कैबिनेट की पहली बैठक



### दो साल का बोनस 25 को

किसानों को बोनस देने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा, 25 दिसंबर को किसानों को बोनस दिया जाएगा। 25 दिसंबर को हमारे नेता और राज्य के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन है। इस दिन हम किसानों के खाते में 2 साल का बोनस देंगे।

### सचिवों से वन-टू-वन

पहली बैठक में विभागीय सचिवों से एक-एक कर बात की गई। उन्होंने अपने विभागों का प्रजेंटेशन भी दिया। सचिवों से आगे भी इस पर अगली बैठक में चर्चा की निर्णय लिए जाएंगे।

### आदिवासियों ने विश्वासघात का चखाया मजा

सीएम ने कहा कि आदिवासी और दलितों का जितना विकास बीजेपी की सरकार में हुआ है उतना किसी की भी सरकार में नहीं हुआ है। 2018 में आदिवासी कांग्रेस के भड़कावे में आ गए थे। उस भूल को इस विधानसभा चुनाव में सुधारा। जब दौरे में ▸▸ शेष पेज 4 पर

### कांग्रेस पर साधा निशाना

मुख्यमंत्री ने प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने राम के नाम पर पाखंड किया और वोट के लिए लोगों के पास नौटंकी की। जनता ने कांग्रेस के पाखंड को समझ लिया और सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। पिछली सरकार ने पूरे प्रदेश को आर्थिक रूप से खोखला कर दिया है। जनता ने हमें जनादेश दिया ▸▸ शेष पेज 4 पर

### पीसीसी ने लिया बड़ा एक्शन

## महंत ने कांग्रेस छोड़ी, बृहस्पत और विनय निकाले गए, पूर्व मंत्री जयसिंह को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस में बयानबाजी के साथ कार्रवाई का दौर जारी है। गुरुवार को अपने क्षेत्र में हार की जिम्मेदारी लेते हुए महंत रामसुंदर दास ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। इधर, पार्टी नेताओं पर बयानबाजी करने वाले पूर्व विधायक बृहस्पत सिंह और विनय जायसवाल को 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। साथ ही, पार्टी विरोधी ▸▸ शेष पेज 4 पर



### महंत ने ये कहा

रायपुर दक्षिण से कांग्रेस प्रत्याशी महंत रामसुंदर दास ने भारी अंतर से चुनाव हारने के बाद कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने इस्तीफा में लिखा है कि एआईसीसी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के समस्त वरिष्ठ पदाधिकारियों ने बहुत ही विश्वास करके मुझे रायपुर शहर दक्षिण विधानसभा का प्रत्याशी बनाया। सभी कार्यकर्ताओं ने कार्य किया, परन्तु परिणाम आशा के अनुरूप नहीं रहा और प्रदेश में सबसे ज्यादा वोटों के ▸▸ शेष पेज 4 पर

### खबर संक्षेप

### बैरेनबोइम, अव्वाद को इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार



**नई दिल्ली।** इजराइल-फलस्तीन संघर्ष के अहिंसक समाधान की दिशा में प्रयासों के लिए डैनियल बैरेनबोइम और अली अबू अव्वाद को इस वर्ष के इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया है। इंदिरा गांधी मेमोरियल ट्रस्ट ने कहा कि डैनियल अर्जेंटीना में जन्मे शास्त्रीय पियानोवादक और कंडक्टर हैं। अव्वाद एक फलस्तीनी शांति कार्यकर्ता हैं। जो पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए फलस्तीन और इजराइल के लोगों के साथ अथक प्रयास कर रहे हैं। पूर्व प्रधान न्यायाधीश टीएस ठाकुर की अध्यक्षता वाले अंतरराष्ट्रीय निर्णायक मंडल ने पुरस्कार की घोषणा की।

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की सौम्या की याचिका


**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कथित कोयला 'लेवी' धनशोधन मामले में आरोपी एवं पूर्व मुख्यमंत्री की उप सचिव सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका गुरुवार को खारिज कर कर दी। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने अनुचित बयान देकर तथ्यों को

### एक लाख रुपए का जुर्माना भी


गलत तरीके से पेश करने के लिए चौरसिया पर एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। पीठ ने कहा, इसे अस्वीकार नहीं किया जा सकता कि न्याय के लिए अदालत का रुख कर रहे ▸▸ शेष पेज 4 पर

### धन शोधन का मामला

धन शोधन का मामला आयकर विभाग की एक शिकायत पर आधारित है। एजेंसी ने कहा था कि ईडी की जांच एक बड़े घोटाले से जुड़ी है जिसमें वरिष्ठ नौकरशाह, कारोबारी, नेता और बिचौलियों से जुड़े एक गिरोह द्वारा कोयला की ढुलाई पर अवैध उगाही की जा रही थी।





### रानू साहू की जमानत पर सुनवाई अधूरी

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के कोयला घोटाले के केस में जेल में बंद सस्पेंड आईएएस रानू साहू की जमानत अर्जी पर गुरुवार को बहस अधूरी रही। अब मामले की सुनवाई 8 जनवरी तक बढ़ गई है। केस की सुनवाई हाईकोर्ट के जस्टिस एनके व्यास की सिंगल बेंच में चल रही है। ध्यान रहे कि प्रवर्तन निदेशालय ने कथित कोयला घोटाला में रानू साहू को जुलाई 2023 में गिरफ्तार किया था। उनके वकील ने ने लोअर कोर्ट से जमानत खारिज होने के बाद हाईकोर्ट में जमानत याचिका लगाई है।


### सत्येंद्र की अंतरिम जमानत आठ जनवरी तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र कुमार जैन को धन शोधन के मामले में दी गई अंतरिम जमानत आठ जनवरी तक बढ़ा दी। जैन ने दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा उनकी जमानत अर्जी खारिज करने के उच्च न्यायालय के छह अप्रैल के आदेश को चुनौती दी है।



### बेटी सुहाना के साथ शिरडी पहुंचे शाहरुख

**मुंबई।** अभिनेता शाहरुख खान बृहस्पतिवार को बेटी सुहाना खान के साथ शिरडी में श्री साईबाबा समाधि मंदिर पहुंचे। शाहरुख, जम्मू के रियासी जिले में वैष्णो देवी मंदिर की यात्रा करने के दो दिन बाद महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के शिरडी शहर में स्थित प्रसिद्ध साई मंदिर गए।



## आठवीं पीढ़ी के वंशज

*बाबा हरजीत सिंह, बाबा फकीर सिंह की आठवीं पीढ़ी के वंशज है। उन्होंने कहा कि उनका किसी भी राजनीतिक दल के साथ संबंध नहीं है। वे केवल सनातन परंपराओं के वाहक है। वे कई बार अयोध्या भी जा चुके है। अब उन्होंने राम मंदिर न्यास समिति से आग्रह किया है कि 22 जनवरी को मूर्ति स्थापना के अवसर पर उन्हें अयोध्या में लंगर लगाने की इजाजत दी जाए।*

**अयोध्या में अगले साल 22 जनवरी को होगी भगवान श्रीराम की मूर्ति स्थापना**

# रामलला की प्राण प्रतिष्ठा... निहंगों ने मांगी लंगर लगाने की अनुमति

एजेंसी ▸▸ अयोध्या

अयोध्या में अगले साल 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की मूर्ति स्थापना के मौके पर निहंगों ने लंगर लगाने की अनुमति मांगी है। निहंग बाबा हरजीत सिंह रसूलपुर ने इस संबंध में राम मंदिर ट्रस्ट को पत्र लिखा है।

उन्होंने पत्र में कहा कि सिख पंथ को हिंदू धर्म से अलग करके देखने वाले कट्टरपंथियों को जानना चाहिए कि राम मंदिर के लिए पहली एफआईआर हिंदुओं के खिलाफ नहीं बल्कि सिखों के खिलाफ हुई थी। सिख पंथ ही सनातन हिंदू धर्म संस्कृति का अभिन्न अंग और धर्म रक्षक योद्धा है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर के इतिहास का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि 30 नवंबर, 1858 को निहंगों ने बाबरी मस्जिद पर कब्जा करके वहां हवन किया था और सभी



दीवारों पर श्रीराम लिखा था। इस मामले में निहंग सिखों पर दर्ज एफआईआर में लिखा गया था कि निहंग सिख बाबरी मस्जिद में घुस गए और वहां राम नाम के साथ हवन कर रहे हैं। इस मामले में अन्य के अलावा निहंग बाबा फकीर सिंह के विरुद्ध केस दर्ज हुआ था।

## अमेरिकी हिंदू प्राण प्रतिष्ठा पर जलाएंगे घर पर दीये

**वाशिंगटन।** अमेरिका में रहने वाले हिंदू समुदाय के लोग अगले महीने अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर अपने घरों में पांच दीये जला कर इसका जश्न मनाने की योजना बना रहे हैं। अमेरिकी हिंदू समुदाय ने इस मौके पर कई कार्यक्रम भी आयोजित करने की योजना बनाई है, जिसमें विभिन्न शहरों में कार रैलियां निकालना, भव्य उद्घाटन समारोह का सीधा प्रसारण करना तथा सामुदायिक सभा आदि शामिल हैं। शिकागो में हिंदू समुदाय के नेता भरत बराई ने बताया, "यह हम सभी के लिए एक सपने के सच होने जैसा



है। अगले साल 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भाग लेने के लिए मंदिर अधिकारियों द्वारा आमंत्रित लोगों में से एक डॉ. बराई ने कहा कि बड़ी संख्या में हिंदू अमेरिकियों ने राम जन्मभूमि आंदोलन में भाग लिया था।

### विहिप ने लॉन्च की वेबसाइट

विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका (वीएचपीए) ने इन समारोहों में 1,000 से अधिक मंदिरों और व्यक्तियों की भागीदारी की सुविधा के लिए एक वेबसाइट लॉन्च की है। यह संस्था यहां समारोहों का नेतृत्व कर रही है। वीएचपीए ने सभी हिंदू अमेरिकियों से मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जश्न मनाने के लिए अपने घरों में कम से कम पांच दीये जलाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा, "हिंदू अमेरिकियों के बीच अभूतपूर्व उत्साह है। बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकी इस ऐतिहासिक समारोह का हिस्सा बनने के लिए अयोध्या जाना चाहते हैं।

## खबर संक्षेप

### दुनिया की दूसरी सबसे बुजुर्ग महिला ने ली अंतिम सांस

**टोकियो।** दुनिया की दूसरी सबसे उम्रदराज महिला ने अपनी अंतिम सांस ली।



जापान से ताल्लुक रखने वाली इस महिला का नाम था फुसा तात्सुमी है। पहले नंबर स्पेन की मारिया ब्रान्यास मोरेरा हैं जो फुसा तात्सुमी से लगभग एक महीना उम्र में बड़ी हैं। फिलहाल वो दुनिया की सबसे जीवित उम्रदराज महिला हैं। फुसा तात्सुमी ने 2 दिन पहले इस दुनिया को अलविदा कह दिया। जापान के ओसाका शहर में 25 अप्रैल 1907 को जन्मी फुसा तात्सुमी ने 12 दिसंबर 2023 को एक प्राइवेट नर्सिंग होम में अपनी अंतिम साँस ली।

### तेलंगाना : गद्दाम प्रसाद कुमार चुने गए विधानसभा स्पीकर

**हैदराबाद।** तेलंगाना में सत्ताधारी कांग्रेस के विधायक गद्दाम प्रसाद



कुमार तेलंगाना विधानसभा के स्पीकर चुने गए हैं। गद्दाम प्रसाद कुमार का चुनाव निर्विरोध हुआ। गुरुवार को प्रोटेम स्पीकर अकबरुद्दीन ओवैसी ने गद्दाम प्रसाद कुमार के नाम का एलान किया। ओवैसी ने कहा कि गद्दाम प्रसाद कुमार निर्विरोध सदन के स्पीकर चुने गए हैं। प्रोटेम स्पीकर के एलान के बाद सीएम रेवंत रेड्डी, डिप्टी सीएम भट्टी विक्रमार्का और बीआरएस विधायक केटी रामाराव गद्दम प्रसाद कुमार को स्पीकर के आसन तक लेकर गए।

### भारत में अवैध तरीके से रहने वाले नौ बांग्लादेशी गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई क्राइम ब्रांच ने भारत में अवैध तरीके से रह रहे नौ बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तार किए गए आरोपी फर्जी आधार कार्ड बनाने में शामिल थे। उनके ऊपर अवैध तरीके से भारत से बांग्लादेश पैसे ट्रांसफर करने का आरोप भी लगाया गया है। पुलिस ने बताया कि कुल नौ बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। उनका मुख्य मकसद अवैध तरीके से भारत से बांग्लादेश पैसे ट्रांसफर करना था। इसमें और भी लोगों के शामिल होने की आशंका है। पुलिस ने इसे एक तरह का हवाला लेनदेन करार दिया है।

**इलाहाबाद हाईकोर्ट ने परिसर के सर्वे को दे दी है मंजूरी**

# मथुरा की शाही ईदगाह का भी होगा सर्वे हिंदू पक्ष की याचिका की गई स्वीकार

*मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद मामले में हिंदू पक्ष को बड़ी कामयाबी मिली है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने परिसर के सर्वे को मंजूरी दे दी है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह परिसर के सर्वेक्षण के लिए अदालत की निगरानी में एक एडवोकेट कमिश्नर की नियुक्ति की मांग स्वीकार कर लिया है।*

एजेंसी ▸▸ इलाहाबाद

हिंदू पक्ष ने वाराणसी के ज्ञानवापी परिसर की तर्ज पर मथुरा में भी सर्वे की मंजूरी देने की याचिका दायर की थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका पर सुनवाई करते हुए सर्वे के लिए एडवोकेट कमिश्नर की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। अब कोर्ट 18 दिसंबर को तय करेगी कि सर्वे की रूपरेखा क्या होगी। मतलब सर्वे कब से कल तक होगा, परिसर के किन-किन इलाकों में होगा, सर्वे में कितने लोग शामिल होंगे। इन सब पहलुओं पर 18 दिसंबर को उच्च न्यायालय गौर करेगा। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु जैन ने बताया कि "हिंदू पक्ष की याचिका में कुल तीन एडवोकेट कमिश्नर के नियुक्ति की मांग की गई थी।

### सर्वे में क्या-क्या होगा


हिंदू पक्ष ने अपनी याचिका में मथुरा के ईदगाह परिसर का सर्वे कराने की मांग की थी। एएसआई की निगरानी में होने वाला ये सर्वे वाराणसी के ज्ञानवापी सर्वे की तरह ही होगा। मगर हिंदू पक्ष मथुरा के सर्वे की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराने की मांग कर रहा है। इसके अलावा ईदगाह से जुड़े उन तथ्यों की भी जांच की जाएगी, जिन्हें लेकर हिंदू पक्ष कई तरह के दावे करता आ रहा है। गौरतलब है कि हिंदू पक्ष के दावों में कहा जाता है कि ईदगाह परिसर में कई तरह के हिंदू प्रतीक चिन्ह मौजूद हैं।

### हिंदू पक्ष को मिली है बड़ी कामयाबी



### क्या था याचिका में

इलाहाबाद हाईकोर्ट में 'श्रीकृष्ण विराजमान' और 7 अन्य पक्षकारों ने वकील हरीशंकर जैन, वकील विष्णु शंकर जैन, प्रभाष पांडे और देवकी नंदन के माध्यम से याचिका दायर की थी। याचिका में श्रीकृष्ण जन्मभूमि से सटे शाही ईदगाह परिसर का एएसआई सर्वे कराने की मांग की थी। याचिका में कहा गया था कि शाही ईदगाह वाली जगह पर पहले श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर था, जिसे मुगल शासक औरंगजेब के शासनकाल में तोड़ कर मस्जिद में बदल दिया गया था।



### क्यों की है सर्वे की मांग?

हिंदू पक्ष ने याचिका में कहा कि मस्जिद के एक हिंदू मंदिर पर बने होने के सबूत मिले हैं, जिनमें कमल के आकार का स्तंभ और भगवान कृष्ण से जुड़े शेषनाग की छवि शामिल है। इसी के परिणामस्वरूप आवेदन में सर्वे को जरूरी बताया गया था। याचिका में कहा गया है कि शाही मस्जिद समेत विवादित भूमि श्रीकृष्ण विराजमान की है। इसमें कोर्ट से मस्जिद को हटाने के लिए वक्फ बोर्ड समेत अन्य प्रतिवादियों को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

### क्या है पूरा विवाद?

श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद 13.37 एकड़ जमीन पर मालिकाना हक से जुड़ा है। 12 अक्टूबर, 1968 को श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संघ ने शाही मस्जिद ईदगाह ट्रस्ट के साथ समझौता किया। समझौते में 13.7 एकड़ जमीन पर मंदिर-मस्जिद दोनों बनने की बात हुई। इसके तहत श्रीकृष्ण जन्मस्थान के पास 10.9 एकड़ जमीन का मालिकाना हक है, जबकि 2.5 एकड़ जमीन का मालिकाना हक शाही ईदगाह के पास है। अब हिंदू पक्ष ने मस्जिद की 2.5 एकड़ जमीन पर भी दावा किया है।

**पाकिस्तान में मुशाल मलिक ने फिर रची साजिश**

# मुजफ्फराबाद से श्रीनगर तक तैयार किया 'प्लान 370'

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



कश्मीर में अनुच्छेद 370 मामले में आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद पाकिस्तान ने एक बार फिर बड़ी साजिशों को अंजाम देने की तैयारी शुरू कर दी है।

केंद्रीय खुफिया एजेंसी को मिली जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान ने न सिर्फ अपने देश, बल्कि दुनिया के अलग-अलग हिस्सों से घाटी में माहौल खराब करने के लिए साजिशें रचनी शुरू कर दी हैं। इसके लिए बकायदा सोशल मीडिया से लेकर कश्मीर घाटी के भीतर सक्रिय स्लीपर सेल के आतंकियों को भी पाकिस्तान आतंकवादियों ने संदेश भेजा है। जानकारी इस बात की भी मिली है कि दिल्ली की जेल में बंद आतंकी यासीन मलिक की पत्नी मुशाल ने इस्लामाबाद से इस पूरे मामले में माहौल बनाने की नींव रखी है। मुशाल मलिक ने अपने संदेश में मुजफ्फराबाद से लेकर श्रीनगर के भीतर संगठन में नए लोगों को जोड़ने और उनको आगे बढ़ाने का नया मिशन शुरू करने की योजना बनाई है। अलग-अलग माध्यम से संदेश बढ़ाया है कि मुजफ्फराबाद से लेकर घाटी के अलग-अलग संगठनों में युवाओं की भर्तियां की जाएं।

### पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की विशेष सलाहकार

जानकारी के मुताबिक इस पूरे मामले में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की विशेष सलाहकार और आतंकी यासीन मलिक की पत्नी मुशाल ने घाटी में पाकिस्तान समर्थित आतंकी समूह को खुला संदेश भी दिया है जिसमें अलगाववादियों और आतंकवादियों को अपनी लड़ाई जारी रखने के लिए कहा गया है। यही नहीं मुशाल मलिक के साथ-साथ कश्मीर घाटी के युवाओं को भड़काने के लिए यूथ फोरम कश्मीर नाम के संगठन ने भी स्लीपर सेल के आतंकियों को सक्रिय करने का पूरा माहौल बनाया है। कश्मीर घाटी में सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तान के आतंकी संगठन जम्मू एंड कश्मीर लिबरेशन सेल ने न सिर्फ मुजफ्फराबाद बल्कि कश्मीर में युवाओं को भड़काने के लिए अगले सात दिनों के 'योजना 370' बनाई है। कभी आतंकी यासीन मलिक इसी संगठन का अगुवा हुआ करता था।

# तेज रफ्तार ट्रक ने 17 वाहनों को मारी टक्कर; 16 लोगों की मौत

### वेनेजुएला हाईवे पर बड़ा हादसा



एजेंसी ▸▸ कराकस

वेनेजुएला हाईवे पर एक तेज रफ्तार ट्रक की कारों और बसों समेत 17 वाहनों से टक्कर हो गई। इस घटना में करीब 16 लोगों की मौत हो गई, वहीं छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, ये जानकारी देश के अग्निशमन प्रमुख जुआन गोंजालेज ने बताया, वेनेजुएला की राजधानी कराकस को तटीय शहर गुआरेनास से जोड़ने वाले हाईवे पर हुई कई सड़क दुर्घटनाओं में 16 लोगों की मौत हो गई। हाईवे पर एक तेज रफ्तार ट्रक कारों और बस से टकरा गया, इस घटना में 16 लोगों की जान चली गई। गोंजालेज से ग्रैन मैरिस्कल डी अयाकुचो हाईवे पर हुई दुर्घटना में मरने वालों की संख्या के बारे में पूछा गया, जो उन्होंने कहा, "अब तक 16 लोगों की मौत हो गई।" रिस्क मैनेजमेंट और सिविल प्रोटेक्शन के उप मंत्री कार्लोस पेरेज एम्पुएडा ने पहले घटना में आठ लोगों की मौत की सूचना देते हुए चेतावनी दी थी कि मरने वालों की संख्या "काफी बढ़ सकती है।"

### हईवे पर एक साथ टकरा गए 17 वाहन

पेरेज एम्पुएडा ने कहा कि इस घटना में 17 वाहन प्रभावित हुए, यह हादसा एक तेज रफ्तार ट्रक की कई कारों से टक्कर के बाद हुआ. इस घटना के बाद वहां आग लग गई। सोशल मीडिया पर दुर्घटना स्थल की तस्वीरें शेयर की गईं. पेरेज अम्पुएडा ने कहा, 'जिन वाहनों में आग लगी थी, वह अब हमारे कंट्रोल में हैं।' इस घटना में एक बस पूरी तरह से जलकर राख हो गई।

## कमलनाथ बोले, 'मैं रिटायर नहीं होने वाला



**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश में बीजेपी ने मोहन यादव को मुख्यमंत्री और राजेंद्र शुक्ला-जगदीश देवड़ा को डिप्टी सीएम बनाया है। हालांकि अबतक कांग्रेस ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष को नहीं चुना है। इसको लेकर पार्टी की बैठक भी होने वाली है। इससे पहले एमपी कांग्रेस चीफ कमलनाथ ने छिंदवाड़ा में कहा है कि मैं रिटायर नहीं होने वाला हूं। छिंदवाड़ा में कमलनाथ ने कहा, "मैं रिटायर नहीं होने वाला.. आखिरी सांस तक मैं आप लोगों के साथ रहूंगा। एमपी में बीजेपी की सरकार बनी है देखिएगा, आपके कितने बिजली के बिल आएंगे। इसके साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य में एक करोड़ से अधिक युवा बेरोजगार हैं।

# खालिस्तानी विवाद पर ऑस्ट्रेलिया ने किया हिंदुस्तान का समर्थन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त बोले- हम भारत के साथ

खालिस्तानी विवाद मामले ऑस्ट्रेलिया ने भारत का समर्थन किया है। भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने कहा है कि हम इस मुद्दे पर भारत के साथ हैं। ऑस्ट्रेलिया सिर्फ फाइव आइज का भागीदार होने के कारण यह बात नहीं कह रहा, बल्कि हम एक मित्र के रूप यह बात कह रहे हैं। हम भारत का सम्मान करते हैं। हमारे रिश्ते काफी ज्यादा मजबूत हैं। हम पीठ पीछे भी संवेदनशील मुद्दों पर चिंता जाहिर करते हैं और सावधानी से चर्चा कर उन्हें मिटाने की कोशिश करते हैं। ऑस्ट्रेलिया में हिंदू मंदिरों पर लगातार हो रहे हमलों के बीच ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त ने कहा कि हम हमलों को लेकर बहुत अधिक गंभीर हैं।

*मंदिरों पर हो रहे हमलों को लेते गंभीरता से : भारत में ऑस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन बुधवार को नई दिल्ली के एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट में पहुंचे। यहां उन्होंने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि हम हिंदू मंदिरों पर हो रहे हमलों को गंभीरता से लेते हैं। जैसे हम अपने समाज में हो रही अन्य हिंसक घटनाओं पर गंभीर होते हैं। हमारी पुलिस, खुफिया एजेंसियों सहित अन्य संस्थाओं के पास ऐसे मामलों से निपटने का बहुत अनुभव है। हमारे देश में हिंसा नहीं फैलाई जा सकती है।*

दर-दाँत (गम पेंट) ®
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आयुर्वेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
94060-21769
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।

**रक्षा मंत्रालय की निविदा में एमडीएल ने दिखाई रुचि**

# नौसेना के लिए होगा तीन पनडुब्बियों का निर्माण

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



मझगांव डॉकयार्ड्स लिमिटेड ने रक्षा मंत्रालय की एक निविदा में रुचि दिखाई है। दरअसल, मंत्रालय ने भारतीय नौसेना की तीन नई कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियों के निर्माण के लिए निविदा निकाली थी।

रक्षा सूत्रों के अनुसार, बताया कि मेगा प्रोजेक्ट के लिए रक्षा मंत्रालय को बोलियां प्राप्त हुई हैं। बता दें, फ्रांसीसी फर्म नेवल ग्रुप के साथ पनडुब्बियों को मुंबई में स्वदेशी रूप से बनाया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने 2005 में फ्रांस से ऑर्डर की गई छह कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियों में से पांच को पहले ही शामिल कर लिया है। सरकार ने जुलाई में रक्षा अधिग्रहण परिषद की बैठक में 26 राफेल समुद्री लड़ाकू जेट के साथ-साथ 75 अतिरिक्त पनडुब्बियों को मंजूरी दे दी थी।

### पांचवी पनडुब्बी को जनवरी में किया था शामिल

रिपोर्ट्स के मुताबिक, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार ने अधिकारियों को निर्माण शुरू करने के लिए प्रक्रियाओं को पूरा करने की समय सीमा कम करने का निर्देश दिया है। भारतीय नौसेना की पांचवीं स्टील्थ स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बी, आईएनएस वागिर को जनवरी में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था। नौसैनिक अधिकारियों के अनुसार, कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियां बेहद शक्तिशाली हैं। इनमें उन्नत स्टील्थ विशेषताएं हैं। यह पनडुब्बियां लंबी दूरी के टॉरपीडो के साथ-साथ एंटी-शिप मिसाइलों से भी लैस हैं।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सिंघानिया स्किन केयर
Makeover
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रोंकोस्कोपी स्लीप स्टडी

काल, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर)
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल
(ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553

अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर)

डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7754035170 9329004557 9303724304

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन
(MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
7987225800, 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508133

रायपुर, शुक्रवार 15 दिसंबर 2023 | अगहन शुक्ल पक्ष तृतीया | वर्ष : 22, अंक : 148 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00 ** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



### पुराना बारदाना-पुराना किस्सा... हर साल खरीदे जाते हैं 1200 से 1500 करोड़ के बारदाने

#### चावल केवल नए बोरों में

छत्तीसगढ़ में मार्कफेड द्वारा जूट कमिश्नर कोलकाता के माध्यम से बोरे खरीदे जाते हैं। नीति में ये भी कहा गया है कि चावल का उपार्जन केवल नए जूट बारदाने में किया जाए। 2023-24 के लिए स्टेट पूल में चावल उपार्जन के लिए आवश्यक नए जूट बारदाने 58 लाख गठान की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए थे। खाद्य विभाग एवं मार्कफेड के सूत्रों के मुताबिक हर ▸▸ शेष पेज 4 पर

#### यहां से आते हैं पुराने बोरे

राज्य में पुराने बारदाने मिलरों से लिए जाते हैं। इसके साथ ही पीडीएस के पुराने बारदाने, किसान से प्राप्त पुराने जूट बारदाने, समितियों द्वारा उपलब्ध कराए गए पुराने बारदाने तथा खाद्य पदार्थों ▸▸ शेष पेज 4 पर

# बारदानों पर 1200 करोड़ से ज्यादा खर्च

## फिर भी पैबंद, किसान ही नहीं, सोसाइटियां भी हलाकान

हरिभूमि लाइव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर/जगदलपुर/धमतरी/निकुम (भिलाई)

छत्तीसगढ़ में जिस बड़े पैमाने पर धान का उत्पादन और खरीदी होती है, उसी अनुपात में धान-चावल के लिए बारदाने (बोरे) भी खरीदे जाते हैं। जानकारों के मुताबिक ये खरीदी सैकड़ों करोड़ रुपयों की होती है, लेकिन इधर राज्य में धान खरीदी के दौरान देखने में आ रहा है कि फटे-पुराने बोरों का इस्तेमाल किए जाने से धान की बरबादी हो रही है। खास बात ये है कि राज्य में बारदाना खरीदी भारत ▸▸ शेष पेज 4 पर

#### ये है बारदाना व्यवस्था की नीति

इस सीजन के लिए राज्य सरकार द्वारा बनाई गई धान उपार्जन नीति में बारदानों की व्यवस्था का विस्तार से उल्लेख है। नीति में कहा गया है, खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में भारत शासन की नवीन बारदाना नीति के अनुसार धान उपार्जन एवं चावल जमा ▸▸ शेष पेज 4 पर

### आधे पुराने, इनमें भी कई बारदानों में छेद ही छेद



धान खरीदी सोसाइटियों में किसानों को धान के लिए दिए जा रहे पुराने फटे बारदाने धान की बर्बादी का कारण तो बन रहे, साथ ही इससे किसानों के साथ सोसाइटियों को भी नुकसान हो रहा है। समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए सोसाइटियों को विपणन संघ बारदाने उपलब्ध कराता है। इनमें नए बारदानों के साथ पुराने बारदाने भी हैं। टोकन लेने वाले किसानों को प्रति एकड़ के अनुसार धान के लिए पुराने और नए दोनों समान मात्रा में बारदाने उपलब्ध कराए जा रहे हैं। नए बारदाने तो सही हैं, लेकिन ▸▸ शेष पेज 4 पर

- सोसाइटियों में किसानों को 50 प्रतिशत पुराने बारदाने दिए जा रहे

#### सोसाइटी को भी नुकसान

पुराने फटे बारदानों के कारण किसानों के साथ सोसाइटी को भी नुकसान हो रहा है। किसानों से धान खरीदी के दौरान धान का वजन कराने के बाद कट्टा को चबूतरे तक ले जाने और फिर मिलर के उठाव के दौरान भी 50 से 100 ग्राम तक धान की बर्बादी फटे बारदाने के कारण हो रही है। इस नुकसान की भरपाई सोसाइटी को ही करनी पड़ेगी, ▸▸ शेष पेज 4 पर

#### किसानों को मिल रहे फटे पुराने बारदाने



फटे-पुराने बारदाने ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। हालत यह है कि सोसायटियों में मिलरों द्वारा बंडल में कई फटे-पुराने बारदाने के कारण किसानों को दोहरी मेहनत करनी पड़ रही है। किसान अपनी धान बेचने मजबूरी में फटे जगह पर पैरा से सपोर्ट पैक कर धान बेच रहे हैं। हरिभूमि ने जगदलपुर, दुर्ग-भिलाई, धमतरी के ▸▸ शेष पेज 4 पर

#### खराब बारदानों से बह रही मेहनत



धमतरी के खरीदी केंद्रों में फटे-पुराने बारदानों से धान की खरीदी हो रही है। स्थिति यह है कि बारदानों से धान बहते रहता है, जिसे किसान पैरा भूसा डालकर बंद करते हैं। इसके बाद भी काफी मात्रा में धान का नुकसान हो रहा है। धान खरीदी केंद्रों में बारदानों की कमी दूर करने के लिए नए बारदानों के साथ पुराने ▸▸ शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल न. 1155 | airtel चैनल न. 366

# संसद में धुआं उड़ाने वालों पर आतंकी साजिश का केस, 'चूक' पर आठ सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

संसद पर आतंकी हमले की 22वीं बरसी के दिन लोकतंत्र के मंदिर की सुरक्षा में फिर सेंध लगने के अगले दिन संसद के दोनों सदनों में विपक्ष ने खूब हंगामा काटा। विपक्ष के 14 सांसदों को सत्र के बाकी बचे दिनों तक के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। लोकसभा सचिवालय ने सुरक्षा में चूक को लेकर 8 सुरक्षाकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। इस बीच गिरफ्तार किए गए आरोपियों पर आतंकवादरोधी कानून यूएपीए के तहत केस दर्ज किया गया है। छठे आरोपी और संसद कांड का मास्टरमाइंड बताया जा रहा ललित झा अभी फरार है। आरोपियों से घंटों की पूछताछ के बाद दिल्ली पुलिस ने चार आरोपियों- सागर शर्मा, मनोरंजन, नीलम आजाद और अमोल शिंदे के खिलाफ यूएपीए और आईपीसी की गंभीर धाराओं के तहत केस दर्ज किया। ▸▸ शेष पेज 4 पर


*नए संसद भवन की सुरक्षा में सेंध लगाने के आरोपियों पर आतंकी साजिश का केस दर्ज किया गया है। कोर्ट ने चारों को 7 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। उधर, सुरक्षा में चूक के चलते संसद सचिवालय ने गुरुवार को 8 सुरक्षाकर्मियों को सस्पेंड कर दिया। इस बीच, हंगामा के चलते लोकसभा में विपक्ष के 13 और राज्यसभा से 1 सांसद को शीतकालीन सत्र के बाकी बचे दिनों तक के लिए सस्पेंड कर दिया गया है।*

#### अनसुलझे सवाल

- संसद में घुसकर उत्पात का कारण क्या है?
- इन आरोपियों के पीछे कौन है?

#### विपक्ष का हंगामा : दोनों सदनों से 14 सांसद सस्पेंड





**मास्टरमाइंड ने किया सरेंडर** : मुख्य आरोपी ललित झा को गुरुवार शाम थाने में सरेंडर कर दिया। झा एक व्यक्ति के साथ राष्ट्रीय राजधानी के कर्तव्य पथ पुलिस थाने पहुंचा, जहां उसे विशेष प्रकोष्ठ को सौंप दिया गया। अन्य आरोपियों में सागर शर्मा और मनोरंजन डी., नीलम (42), अमोल शिंदे (25) है। ये चारों आरोपी संसद पहुंचने से पहले अपने सहयोगी विशाल के घर पर ठहरे थे। पुलिस ने विशाल को भी गुरुग्राम से हिरासत में लिया था।

#### पीएम मोदी बोले- मामले को गंभीरता से लें



पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सुबह मंत्रियों से इस पर बात की। पीएम मोदी ने कहा कि हम सभी लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। लेकिन इस मसले पर होने वाली राजनीति में भी पड़ने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि इस मसले को गंभीरता से लिए जाने की जरूरत है।

#### इन धाराओं के तहत केस

- यूएपीए की धारा 16 - इसमें आतंकवादी कृत्यों के लिए दंड दिया जाता है।
- यूएपीए की धारा 18 - इसके तहत साजिश आदि के लिए दंड दिया जाता है।
- आईपीसी की धारा 120बी, 452, 153, 186 और धारा 353 लगाई गई है।

#### खबर संक्षेप

### बस ने दो बाइक को मारी टक्कर, चार की मौत



नोएडा। जनपद गौतमबुद्ध नगर में बस के चालक ने दो बाइक सवार चार युवकों को कुचल दिया। इस घटना में चारों युवकों की मौत हो गई। प्रथम दृष्टया जांच में पता चला है कि बस के चालक को मिर्गी का दौरा पड़ गया, जिसकी वजह से वह बस से नियंत्रण खो बैठा था। पुलिस ने बस चालक को हिरासत में ले लिया है। घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

### सेनेटरी पैड का इस्तेमाल गांवों में 45 फीसदी



नई दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि पिछले तीन वर्ष में देशभर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना केंद्रों के माध्यम से 35 करोड़ से अधिक 'जन औषधि सुविधा सेनेटरी पैड' बेचे गए हैं। मांडविया ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में सेनेटरी पैड का इस्तेमाल 11-12 प्रतिशत बढ़कर 45 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

## ईंट भट्टे की चिमनी गिरी, चार मजदूरों की मौत

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में एक ईंट भट्टे की चिमनी ढह जाने से कम से कम चार मजदूरों की मौत हो गई। हादसे में तीन मजदूर घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना बुधवार शाम को बशीरहाट के घल्टिटाह गांव में एक साल से बंद पड़े ईंट भट्टे को फिर से शुरू करने के दौरान हुई। चार लोगों की मौत की पुष्टि हो गई है और तीन को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में एक पुलिस अधिकारी ने कहा, दो लोगों की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दो शव मलबे के नीचे पाए गए।

- एक साल बाद फिर शुरू हुआ था ईंट भट्ठा

#### तीन की पहचान

मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के फैजाबाद निवासी जेठूराम और राकेश कुमार तथा स्थानीय निवासी हफीजुल मंडल के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि चौथे व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है।




### सीआईएसएफ के रिटायर्ड अफसरों के घर तलाशी



कोलकाता। सीबीआई ने कोयला चोरी मामले की जांच के संबंध में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के दो सेवानिवृत्त अधिकारियों से जुड़ी संपत्तियों समेत पश्चिम बंगाल में कई स्थानों पर तलाशी ली। कोलकाता के अलावा आसनसोल, दुर्गापुर, कुलटि और मालदा समेत 12 स्थानों पर तलाशी ली जा रही है।

### थोक महंगाई 8 महीने के उच्चतम स्तर पर



नई दिल्ली। खाने-पीने के सामानों के दामों में बढ़ोतरी के बीच नवंबर में भारत की थोक महंगाई दर बढ़कर 0.26 फीसदी पर पहुंच गई है। इससे पहले अक्टूबर महीने में ये -0.52 फीसदी पर थी। 7 महीने बाद है जब थोक महंगाई शून्य के ऊपर रही है।

### फर्जी रोजगार प्रस्तावों के झांसे में न आएं



नई दिल्ली। विदेश मंत्रालय ने एक एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि विदेश में रोजगार की तलाश कर रहे भारतीयों को सतर्क रहना चाहिए। नौकरी के फर्जी प्रस्तावों के झांसे में नहीं आना चाहिए। मंत्रालय ने कानूनी सेवाओं का उपयोग करने का भी आग्रह किया।



## चिंतन

# जी-20 में भारत की पहल से सीखे यूएन

वर्तमान वैश्विक चुनौतियों को देखते हुए भारत ने संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में सुधार की फिर से वकालत की है। भारत ने कहा है कि जिस तरह भारत की अध्यक्षता में जी-20 में 51 देशों के अफ्रीकी संघ को शामिल किया गया है, उससे संयुक्त राष्ट्र को भी प्रेरणा लेनी चाहिए और सुरक्षा परिषद में तत्काल सुधार करना चाहिए। भारत स्थाई सदस्यता का प्रबल दावेदार है। यूएन सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता की मांग करने वाले समूह ग्रुप-4 में भी जापान, जर्मनी व ब्राजील के साथ भारत शामिल है। 21 वीं सदी के हिसाब से व्यापक प्रतिनिधित्व अधिकार, प्रभावशीलता और विश्वसनीयता दोनों के लिए एक शर्त है। संयुक्त राष्ट्र को सुरक्षा परिषद को भी समकालीन बनाना चाहिए। सितंबर 2024 में होने वाला 'समिट ऑफ द फ्यूचर' संयुक्त राष्ट्र चार्टर व सुरक्षा परिषद समेत महासभा में सुधार का एक "स्वर्णिम अवसर" उपलब्ध कराता है। इस साल सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक उच्च स्तरीय सत्र के दौरान 85 से अधिक वैश्विक नेताओं ने महासभा से व्यापक और सार्थक सुधारों की मांग की है। संयुक्त राष्ट्र को इस बिंदु पर गंभीरता से पहल करनी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में सुधार से इस वैश्विक संगठन की वैश्विक चुनौतियों से निपटने में प्रभावशीलता बढ़ेगी, उसकी अक्षमताओं में कमी आएगी, उसमें अधिक न्यायसंगत प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा व यूएन की निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में सुधार होगा। अभी विश्व में रूस व यूक्रेन युद्ध व इजराइल व हमास जंग जारी है, अनेक क्षेत्रीय हिंसक संघर्ष चल रहे हैं, दुनिया अनेक संकटों का सामना कर रही है, ऐसे संयुक्त की भूमिका बढ़ जाती है, पर इसके लिए विस्तारित यूएन सुरक्षा परिषद चाहिए। इसलिए स्थायी और गैर-स्थायी सीटों का विस्तार किया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र की स्थापना 78 वर्ष पहले वर्ष 1945 की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य विश्व शांति और सुरक्षा को बनाए रखना है। यह देशों की विघटन प्रक्रिया तथा एक और विश्व युद्ध को रोकने में सफल रहा है। लेकिन 21वीं सदी का विश्व 20वीं सदी से बहुत अलग है और कई नई समस्याओं और वास्तविकताओं का सामना कर रहा है। आतंकवाद, सामूहिक विनाश, युद्ध, जलवायु संकट, साइबर सुरक्षा, ऊर्जा संकट, खाद्यान्न आपूर्ति, स्वास्थ्य चुनौतियां और गरीबी उन्मूलन जैसे ट्रांस-नेशनल मुद्दों के समीचीन समाधान के लिए विस्तारित यूएन की जरूरत है। विश्व में अमेरिका व चीन के बीच ट्रेड वार के बहाने नए शीत युद्ध का उदय हो गया है। अमेरिका बनाम चीन-रूस तनाव एक नई वास्तविकता बन रही है। कई वैश्विक मुद्दों पर अमेरिका और उसके यूरोपीय भागीदारों के बीच मतभेद बढ़ रहे हैं। बहुपक्षवाद पर संकट गहरा रहा है। कोविड महामारी समेत अनेक वैश्विक मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र प्रभावी प्रतिक्रिया देने में असमर्थ रहा है। अमेरिका व चीन ने अपने हितों व आपसी टकराव के चलते यूएन में व्यापक सुधार के एजेंडे को हमेशा डिरेल किया है। संयुक्त राष्ट्र न ही आज की सैन्य और आर्थिक शक्ति के वितरण को प्रतिबिंबित करता है और न ही एक भौगोलिक संतुलन को। सुरक्षा परिषद की संरचना अधिक लोकतांत्रिक होनी चाहिए। यूएन महासभा व प्रमुख निकायों में भी आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है। सुरक्षा परिषद में सुधार के बिना संयुक्त राष्ट्र का कोई भी सुधार पूरा नहीं होगा। संकीर्ण स्वार्थ से ऊपर उठकर अमेरिका, चीन, रूस आदि स्थाई सदस्य देशों को यूएन में सुधार का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए।

# प्रतिभा सम्पन्न व्यक्तित्व चौधरी मित्रसेन आर्य



स्मृति
सत्यवान आर्य

चौधरी मित्रसेन आर्य ने ऐसे कार्य किए जो हमेशा मिसाल बने रहेंगे। गृहस्थ और व्यवसायी होते हुए भी उन्होंने अपने जीवन में ऐसे आदर्श स्थापित किए जिन्हें यदि हम अपना लें तो रामराज्य की कल्पना साकार की जा सकती है। उन्होंने कहा था-हमें हर कार्य से पहले यह जांच लेना चाहिए कि इसके करने से सबका हित होगा या नहीं। यदि व्यक्तिगत रूप से लाभ लेने वाला कोई कार्य समाज के लिए अहितकर है तो उसे नहीं करना चाहिए। चौ. मित्रसेन के आदर्श जीवन का आधार उनके पूर्वजों के संस्कार थे।

इस परिवर्तनशील संसार में जिसका जन्म हुआ है, उसकी मृत्यु निश्चित है, लेकिन जन्म लेना उसी का सार्थक है, जो अपने कार्यों से कुल, समाज और राष्ट्र को प्रगति के मार्ग पर अग्रसर करता है। चौधरी मित्रसेन आर्य ने इस उक्ति को अक्षरशः चरितार्थ किया है। दुनिया में कुछ ही विरले लोग ऐसे होते हैं, जो अपने सत्कर्मों के पदचिह्न छोड़ जाते हैं, जो दूसरों के लिए हमेशा अनुकरणीय होते हैं। चौधरी मित्रसेन आर्य ऐसे ही व्यक्तित्व थे, जिन्होंने ऐसे कार्य किए जो मिसाल बने रहेंगे। गृहस्थ और व्यवसायी होते हुए भी उन्होंने अपने जीवन में ऐसे आदर्श स्थापित किए जिन्हें यदि हम अपना लें तो रामराज्य की कल्पना साकार की जा सकती है। उन्होंने कहा था-हमें हर कार्य को करने से पहले यह जांच लेना चाहिए कि इसके करने से सबका हित होगा या नहीं। यदि व्यक्तिगत रूप से लाभ लेने वाला कोई कार्य समाज के लिए अहितकर है तो उसे नहीं करना चाहिए। चौ. मित्रसेन के आदर्श जीवन का आधार उनके पूर्वजों के संस्कार थे। वे हंसते-हंसते पुरुषार्थ करने में विश्वास रखते थे।

15 दिसंबर 1931 को उनका जन्म हिसार जिले के खांडा खेड़ी गांव में चौधरी शीशराम आर्य के घर में माता जीयो देवी की कोख से हुआ। आपके परदादा चौ. शादीराम के भाई चौ. राजमल जैलदार स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों के सहयोगी थे। शहीदे आजम भगतसिंह उनके यहां आया करते थे। चौ. मित्रसेन आर्य के पिता चौ. शीशराम आर्य ने भी आर्यसमाज को पोषित किया। कर्म में उनका गहरा विश्वास था। उन्होंने यही संस्कार चौ. मित्रसेन आर्य को भी दिए। इनका असर जीवनभर उनके ऊपर रहा। जब चौ. मित्रसेन आर्य केवल 8-9 वर्ष के थे तभी परिवार विपत्तियों से घिर गया। उनके पिता की काला मोतिया के कारण आंखों की रोशनी चली गई। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो गई। नतीजतन चौ. मित्रसेन को तीसरी कक्षा में ही पढ़ाई छोड़नी पड़ी। चौ. मित्रसेन आर्य को गोमाता से विशेष लगाव था। उनका कहना था कि स्वस्थ समाज की रचना गोमाता के द्वारा ही संभव है। युवावस्था में पहुंचते-पहुंचते उन्होंने वेदों, शास्त्रों, आर्ष साहित्य, सत्यार्थ प्रकाश और रामायण का अध्ययन कर लिया था। वैदिक संस्कृति, महर्षि दयानंद और सत्यार्थ प्रकाश का उन पर विशेष प्रभाव रहा। 1948 में आर्य जी का विवाह जींद जिले में स्थित गांव जुलानी के चौ. अमृत सिंह सहारण की बेटी परमेश्वरी देवी के साथ हुआ। कहते हैं हर सफल व्यक्ति के पीछे स्त्री का हाथ होता है। श्रीमती परमेश्वरी देवी ने हर कदम पर चौ. मित्रसेन आर्य का साथ दिया। जिस कारण सफलता की राह उनके लिए आसान होती चली गई। चौ. मित्रसेन आर्य खुशी-खुशी पुरुषार्थ में विश्वास रखते थे। शुरू से ही वे अपना स्वयं का व्यवसाय करना चाहते थे, लेकिन इसके लिए अनुभव जरूरी था। इसलिए उन्होंने करीब नौ साल तक रोहतक, उदयपुर, हिसार, सोनीपत आदि में नौकरी की और तकनीकी ज्ञान हासिल किया। शुरू में साझे में और फिर 1957 में उन्होंने रोहतक में अपना व्यवसाय शुरू किया। 1957 में हिन्दी आंदोलन शुरू हो गया। इस आंदोलन में चौ. मित्रसेन ने बढ़-चढ़कर हिस्सा




लिया। इसी कारण उन्हें जेल भी जाना पड़ा। जेल जाने के कारण काम बिखर गया, लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और लगातार आगे बढ़ते रहे। इस आन्दोलन के क्रान्तिकारी बनकर साढ़े चार महीने कारावास में बिताए। आर्यसमाज के आन्दोलन के कारण पंजाब सरकार के मंसूबे निष्फल हो गये तथा हरियाणा में हिन्दी भाषा राजकीय भाषा बन गई। सातवें दशक के शुरू में उन्होंने व्यवसाय बढ़ाने के लिए हरियाणा से बाहर का रुख किया। 1961 में उड़ीसा के एक व्यवसायी के साथ उन्होंने वर्कशाप लगाई। इसके बाद 1964 को बड़बिल में वर्कशाप शुरू की। यह उनकी लग्न और अथक परिश्रम का नतीजा था कि 1967 आते-आते चौ. मित्रसेन देश के बड़े कारोबारियों में शुमार हो गए। आधुनिक खेती में योगदान के कारण भारत सरकार उन्हें दिसंबर 2003 में कृषि विशारद की उपाधि से सम्मानित किया। हरियाणा सरकार ने ही उन्हें 2002-03 में चौधरी देवीलाल किसान पुरस्कार से सम्मानित किया।

वेद के आदर्शों को अपनाने वाले चौधरी मित्रसेन ने इस सूत्र को चरितार्थ किया-मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे। उनका व्यवहार सबके लिए मित्र के समान ही था। वे कहते थे कि मनुष्य के पांच शत्रु हैं- काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार। वे अज्ञानता, आलस्य, अन्याय और अभाव को बाह्य शत्रु मानते थे। 1962 में स्वामी धर्मानन्द के सम्पर्क में आने के बाद चौ. मित्रसेन आर्य ने गुरुकुल शिक्षा पद्धति की परम्परा को मूर्तरूप प्रदान किया। इनमें मुख्य है गुरुकुल वेदव्यास राउकूल, गुरुकुल शान्ति आश्रम लोहरदगा झारखंड, श्री जगन्नाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमउधारा छत्तीसगढ़। इस तरह करीब 30 से ज्यादा गुरुकुल और स्कूलों को चौ. मित्रसेन आर्य द्वारा सहायता निरन्तर जारी है।

चौधरी साहब वेद और महर्षि दयानन्द सरस्वती के सिद्धान्तों पर अटल विश्वास रखते थे। जीवनपर्यन्त उनका दृढ़ विश्वास रहा कि कर्मयोग के द्वारा शान्तिदायक, सुखद, समृद्धि सम्भव है। इसी का परिणाम था कि चौधरी साहब ने शून्य से यात्रा शुरू करके शिखर तक पहुंचाया। परोपकार उनके जीवन का अभिन्न अंग था। जब गुजरात में भूकंप आया और कई गांव तहस नहस हो गए तो उन्होंने श्री साहिब सिंह वर्मा के साथ राष्ट्र स्वाभिमान और ग्रामीण स्वाभिमान के आह्वान पर रिकार्ड 100 दिनों में इन्द्रप्रस्थ नामक नया नगर बसाया इसमें 800 परिवारों को बसाया गया। इस नगर का उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के प्रति चौ. मित्रसेन के मन में अगाध श्रद्धा थी। वे शहीद स्थलों को तीर्थ स्थलों के समान मानते थे। उन्होंने देश के रक्षा कोष में भी बहुत बड़ी धनराशि दी। राजनीति में चौधरी मित्रसेन आर्य की रुचि नहीं थी, लेकिन उनका मानना था कि राजा को सर्वहितकारी होना चाहिए। उनका कहना था कि जाति का निर्धारण जन्म से नहीं, कर्म से होता है।

वह एक ऐसे मनस्वी थे जिन्होंने अपने कर्मबल से अपने निवास को किसी भी देवालय जितना पूज्य और पवित्र बना लिया था। जिस किसी ने भी उनके रोहतक स्थित आवास का भ्रमण किया है वह कथ्य से किंचित मात्र भी असहमत नहीं हो सकता। चौ. मित्रसेन की सरल, साफ-सुथरी तथा संघर्ष भरा जीवन किसी के लिए भी पथ-प्रदर्शक हो सकती है। उनका व्यक्तित्व आने वाले पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

## सुरक्षा चूक
अवधेश कुमार



# संसद धुआं कांड बेहद गंभीर

संसद के अंदर और बाहर की घटना ने पूरे देश को विस्मित किया है। लोकसभा के अंदर दो व्यक्तियों का कूदना, परिसर के बाहर नारे लगाना, धुआं छोड़ना निश्चित रूप से संपूर्ण देश के लिए चिंता का विषय है। लोकसभा में दर्शक दीर्घा से कूदने वाले सागर और मनोरंजन डी तथा बाहर परिवहन भवन के सामने नारा लगाने वाले अमोल शिंदे और नीलम सबके पास एक ही प्रकार का रंगीन स्प्रे था। हालांकि इन सबके बीच संबंध था और इस कारण तारतम्यता भी, लेकिन बाहर सड़क पर परिवहन भवन के सामने कोई भी खड़ा होगा, नारा लगाएगा या धुआं छोड़ सकता है। उसे सुरक्षा चूक नहीं कहा जा सकता क्योंकि वह खुली जगह है। अंदर की घटना को सुरक्षा चूक कहने में इसलिए हर्ज नहीं है, क्योंकि सागर और मनोरंजन जूते में छुपा कर कलर स्मोक क्रैकर लेकर चले गए और गैस छोड़ कर डर पैदा कर दिया। छह आरोपी बनाए गए हैं जिनमें से पांच पकड़े जा चुके हैं। केंद्रीय लोकसभा सचिवालय के अनुरोध पर गृह मंत्रालय ने घटना की जांच का आदेश दे दिया है। सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह की अध्यक्षता वाली जांच समिति में सुरक्षा एजेंसियों के सदस्य और विशेषज्ञ शामिल होंगे। अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले जांच रिपोर्ट की प्रतीक्षा करनी चाहिए। किंतु यह ऐसी घटना नहीं है जिसकी अनदेखी की जाए। वास्तव में इसके कई पहलू है जिसकी गंभीरता से विवेचना होनी चाहिए। संसद में आने जाने वाले जानते हैं कि वहां किस तरह की तीन स्तरीय और बाहर को मिला दें तो चार स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था है। इन पर चर्चा आगे करेंगे, पहले घटना से जुड़े मुख्य पहलुओं को देखें। अमोल महाराष्ट्र के लातूर का और नीलम हरियाणा के जींद की रहने वाली है, जबकि सागर उन्नाव का और मनोरंजन मैसूर का रहने वाला है। इन चारों में इतने संबंध कैसे हुए कि उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से समन्वित और सावधानीपूर्वक अपने कारनामों को अंजाम दिया। अभी तक की जानकारी के अनुसार संसद आने से पहले यह सब गुरुग्राम में विक्रम के घर पर रुके थे। आजकल इंटरनेट और सोशल मीडिया के जमाने में एक दूसरे से संपर्क होना कठिन नहीं है। लेकिन यह सब एक दूसरे से इतने जुड़ गए और इन्होंने इस तरह की योजना बना ली और पूरा किया तो इसकी गहराई से जांच करनी होगी कि क्या सब कुछ इन्होंने ही किया या उनके पीछे और भी हैं, जिन्होंने भी किया उनका उद्देश्य क्या था? बेरोजगारी या तानाशाही आदि का नारे लगाने के लिए संसद से कूद कर भय पैदा करने की आवश्यकता नहीं थी। वैसे भी संसद हमले की वार्षिकी पर ऐसा करने वाला कोई सकारात्मक सोच का आंदोलनकारी नहीं हो सकता। यह देखना होगा कि उनके मस्तिष्क में ऐसी बात आई क्यों? जय भीम जय भारत के नारे का यहां अर्थ क्या है? जैसा हम जानते हैं सदन के भीतर कोई दर्शक तभी जा सकता है जब किसी सांसद की सिफारिश हो। इसके लिए विजिटर फार्म होता है जिसमें पूरी जानकारी भरनी होती है और उसमें संसद को हस्ताक्षर करना होता है। संसद भवन की सुरक्षा व्यवस्था पहले से ही मजबूत है। मुख्य भवन की सुरक्षा पार्लियामेंट्री सिक्योरिटी सर्विस के पास होती है। यह पूरे परिसर पर दृष्टि रखती है। संसद के दोनों सदनों में दर्शकों के लिए दीर्घा है। कोई भी आम व्यक्ति सदन की कार्यवाही देख सकता है। पास बनाने के लिए संबंधित व्यक्ति को सांसद का सिफारिशी पत्र और आधार कार्ड या फिर कोई दूसरा पहचान पत्र देना होता है। रिसेप्शन पर विजिटर की जांच की जाती है। सही पाए जाने पर फोटो पहचान पत्र बनता है। इन्होंने पहली पंक्ति में ही अपने लिए बैठने की व्यवस्था की। जब पीछे के दर्शकों का समय पूरा हुआ, वो जाने लगे तब इनमें से एक अंदर कूदा, दूसरा लटका और फिर जो कुछ हुआ वह सब हमारे सामने आ चुका है। आखिर यह सोचने की बात है कि कई महीनो से मनोरंजन भाजपा के सांसद प्रताप सिन्हा के यहां ही पास के लिए क्यों दौड़ लगा रहा था? क्या यह साबित करना था कि भाजपा के संसद के पास से ही संसद के अंदर ऐसी घटना हुई? मनोरंजन के पिता दक्षिण मैसूर के सांसद प्रताप सिंह के परिचित हैं। पूरे घटनाक्रम को देखने के बाद निस्संदेह आने वाले समय में इसके पीछे का षड्यंत्र सामने आएगा। ऐसा माहौल न बना दिया जाए कि आम लोगों को दर्शक के रूप में भी संसद भवन को देखने के रास्ते बंद हो जाए। किसी एक घटना का तात्पर्य नहीं कि सारे दर्शक संदिग्ध ही होंगे। सुरक्षा मजबूत करिए और उसके साथ-साथ देश का वातावरण ऐसा बनाइए कि पक्ष और विपक्ष की लड़ाई लोकतांत्रिक सहमति और असहमति की हो नफरत और दुश्मनी की नहीं। नफरत और दुश्मनी की राजनीति से ही इस तरह की भयानक घटनाओं की पुनरावृत्ति होती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं ये उनके अपने विचार हैं।)


# चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार



संकलित
दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं।' तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ होओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन्य पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है। यही एक साधन है, जिससे हम पूर्ण बन सकते हैं। *- स्वामी विवेकानंद*

# समस्याएं तो आती रहेंगी, हमें रुकना नहीं चाहिए



संकलित
प्रेरणा

एक व्यक्ति बहुत दुखी था। उसके पिता की मृत्यु हो चुकी थी, पूरे घर की जिम्मेदारी उस पर आ गई थी। बहुत मेहनत करने के बाद भी उसकी समस्याएं खत्म नहीं हो रही थीं। वह निराश रहने लगा था। एक दिन उस व्यक्ति को एक विद्वान संत मिले। व्यक्ति ने संत से कहा कि मैं बहुत परेशान हो गया हूं। मुझे अपना शिष्य बना लीजिए। संत ने कहा कि ठीक है, तुम शिष्य बन जाना, लेकिन पहले अपनी परेशानी बताओ। शिष्य ने कहा कि गुरु जी मेरे जीवन में एक समस्या खत्म नहीं होती है और उससे पहले ही दूसरी सामने आ जाती है। इस कारण मैं बहुत दुखी हूं। किसी भी काम में सफलता नहीं मिल पाती है, घर की भी समस्याएं बनी रहती हैं। गुरु ने कहा कि तुम मेरे साथ चलो। वह व्यक्ति संत के साथ चल दिया। कुछ देर में संत और शिष्य पास की नदी के किनारे पहुंच गए। किनारे पर पहुंचकर गुरु ने कहा कि हमें ये नदी पार करनी है। इतना कहकर संत किनारे पर ही खड़े हो गए। शिष्य भी गुरु के साथ खड़ा रहा। कुछ देर बाद शिष्य ने कहा कि हमें नदी पार करनी है तो हम यहां क्यों खड़े हैं? गुरु ने कहा कि हम इस नदी के सूखने का इंतजार कर रहे हैं, जब ये सूख जाएगी, हम इसे आसानी से पार कर लेंगे। ये बात सुनकर शिष्य बहुत हैरान हो गया। वह बोला कि गुरु जी ये कैसी बात कर रहे हैं? नदी का पानी कैसे और कब सूखेगा। हमें नदी को इसी समय पार करनी होगी। संत ने कहा कि मैं तुम्हें यही बात समझाना चाहता हूं। जीवन में भी समस्याएं आती-जाती रहेंगी। हमें सकारात्मक रहना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### फर्जीवाड़े से आर्थिक बोझ बढ़ेगा

केंद्र सरकार ने एक बार फिर देश के गरीबों को राहत देते हुए, उनके लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत मुफ्त का राशन देने की अवधि को लगभग पांच वर्ष तक बढ़ाकर अच्छा प्रयास किया है। लेकिन अगर इसकी निष्पक्ष और उचित जांच की जाए तो यह तय है कि इस पर भी समृद्ध लोग कुंडली मारे बैठे होंगे। मीडिया में ऐसे फर्जीवाड़ों की खबरें अक्सर सुर्खियां बनती हैं। इसमें कुछ भी गलत नहीं है कि सरकारी खजाने में विभिन्न रूपों में जो कर जमा होता है या किया जाता है, उसे देश के गरीबों की भलाई के लिए लगाया जाए, लेकिन हमारे देश में गरीबों को सरकार की तरफ से दी जाने वाली मुफ्त की सेवाओं में पारदर्शिता न होने के कारण इसमें भी भ्रष्टाचार होता है, फर्जीवाड़े होते हैं जिससे देश पर आर्थिक बोझ बढ़ता है।

*-सूरज वर्मा, दंतेवाड़ा*

## ट्रेंड

### मिलकर काम करने को उत्सुक



पोलैंड के प्रधानमंत्री के रूप में आपकी नियुक्ति पर महामहिम डोनाल्ड टस्क को बधाई हो। मैं भारत और पोलैंड के बीच दीर्घकालिक और मैत्रीपूर्ण संबंधों को और गहरा करने के लिए मिलकर काम करने को उत्सुक हूं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### बिल्कुल अपमानजनक



किसी भी महिला को स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने के लिए अदालत जाने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन रिपब्लिकन निर्वाचित अधिकारियों की बदौलत टेक्सास में ठीक वैसा ही हुआ, और यह बिल्कुल अपमानजनक है।

-जो बाइडेन, अमेरिकी राष्ट्रपति

### आर-पार देखने में सक्षम हो



जब हार्मोन सक्रिय होते है, तो वे आपकी पूरी दृष्टि को विकृत कर देते है। आपको किसी गुफा की ओर जाने की जरूरत नही है, लेकिन आपको इसके आर-पार देखने में सक्षम होना चाहिए।

-सद्‌गुरु, आध्यात्मिक गुरु

### एक साझा विरासत




इतिहास व्यक्तिगत प्राथमिकताओं के लिए नहीं है- यह एक सबक है। यदि यह आपको चुनौती देता है, तो यह अच्छा है, क्योंकि इससे पुनरावृत्ति की संभावना कम हो जाती है। इसे मिटाना नहीं है. यह हम सभी के लिए एक साझा विरासत है।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# लक्ष्य हासिल होने तक शांति कायम नहीं होगी



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को कहा कि यूक्रेन को लेकर उनके देश के लक्ष्यों में कोई बदलाव नहीं आया है और इनके हासिल होने तक शांति कायम नहीं होगी। उन्होंने वर्ष के अंत में होने वाले सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में यह बात कही। उन्होंने कहा कि यूक्रेन को लेकर रूस के लक्ष्यों में 'नाजीवाद का खात्मा', 'असैन्यकरण' और देश की तटस्थ स्थिति स्थापित करना शामिल है और इनमें कोई बदलाव नहीं आया है। पुतिन ने फरवरी 2022 में जब सैनिकों को यूक्रेन भेजा था तब भी उन्होंने इन लक्ष्यों को रेखांकित किया था। रूस का आरोप है कि यूक्रेन सरकार पर कट्टर राष्ट्रवादी और नव-नाजीवादी समूहों का प्रभाव है, जिसे खत्म करने को वह 'नाजीवाद का खात्मा' बताता है। हालांकि, यूक्रेन और पश्चिमी देश रूस के इस दावे को खारिज करते रहे हैं। पुतिन का कहना है कि यूक्रेन को तटस्थ रहना चाहिए और उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) में शामिल नहीं होना चाहिए। पुतिन ने कहा, 'जब हम ये लक्ष्य हासिल कर लेंगे तब शांति कायम हो जाएगी।' उन्होंने बताया कि फिलहाल लगभग 2,44,000 रूसी सैनिक यूक्रेन में युद्ध लड़ रहे हैं।

## ऑफ बीट

# कोशिकाओं में छिपे कोरोना वायरस का लगाया पता



अनुसंधानकर्ताओं ने शरीर की कोशिकाओं के अंदर कोरोना वायरस (सार्स कोव-2 वायरस) के छिपे संभावित भंडार की पहचान की है जो कोविड-19 की निरंतरता और इससे फिर से संक्रमित होने पर प्रकाश डाल सकता है। नयी दिल्ली के यकृत एवं पित्त विज्ञान संस्थान के अनुसंधानकर्ताओं ने बाह्यकोशिकीय पुटिकाओं (ईवी) यानी कोशिकाओं से निकले सूक्ष्मकणों का अध्ययन किया और महत्वपूर्ण जानकारी सामने लायी। उन्होंने कहा कि मानक आरटी-पीसीआर प्रक्रिया में जो व्यक्ति 'निगेटिव'' पाये गये उनके ईवी में सार्स कोव-2 के आरएनए या आनुवांशकीय सामग्री पायी गयी। इस अध्ययन की मुख्य लेखिका सुकृति बावेजा ने कहा, 'ईवी में सार्स -कोव-2 आरएनए की पहचान एक ऐसी वैकल्पिक नैदानिक प्रविधि ढूंढने की जरूरत पर बल देती है जो इस खोज का फायदा उठाये तथा कोविड-19 संक्रमण का और प्रभावी तरीके से पता लगाने एवं कोविड-19 से संक्रमण का प्रबंधन करने की हमारी क्षमता में संभावित क्रांति लाए।' अनुसंधानकर्ताओं का कहना है कि पारंपरिक जांच में जो लोग इस वायरस (विषाणु) से मुक्त समझे जाते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# मां की हत्या की, पुत्री को आजीवन कारावास व अर्थदंड

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के ग्राम मूतनपाल मांझीपारा में आपसी विवाद पर पुत्री ने मूसल से मारकर कर मां की हत्या कर दी। मामले में सत्र न्यायाधीश मनीष कुमार ठाकुर ने अभियुक्त पुत्री को आजीवन कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई। इसमें अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक अखिलेश्वर दास ने पैरवी की। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के बुरगुम पुलिस थाना क्षेत्र के मूतनपाल मांझीपारा के घर में 23 मई वर्ष 2022 की सुबह लगभग 8 बजे जमली दातौन कर रही थी। उसी समय उसका दामाद अपने पत्नी को लेने के लिए आया और इसी दौरान आपसी विवाद के चलते श्रीमती बत्ती ने अपनी मां जमली के सिर में मूसल से मारकर हत्या कर दी।





## स्कूल वैन की ठोकर से मासूम की मौत

**पिथौरा।** राजा सेवइया कला इलाके में रहने वाले एक बच्चे को निजी स्कूल की वैन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में बच्चे की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बच्चा अपने घर के बाहर खेल रहा था। तभी यह हादसा हुआ। हादसे के बाद बच्चे के परिजन उसे आनन-फानन में अस्पताल ले गए, लेकिन रास्ते में ही मासूम ने दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक घटना दिनांक 13 दिसंबर दोपहर करीब दो बजे के आसपास हुई। पिथौरा के प्रतिभा पब्लिक स्कूल की वैन बच्चों को छोड़ने सेवइयां कला गई थी। इस दौरान सेवइयां कला के रहने वाले कुलेश्वर निषाद का डेढ़ साल का बेटा चहल घर के बाहर खेल रहा था। तभी तेज रफ्तार से आ रही प्रतिभा पब्लिक स्कूल की वैन ने उसे टक्कर मार दी। घटना के बाद वैन का ड्राइवर मौके पर ही गाड़ी छोड़कर फरार हो गया।

## ट्रक ने युवक को कुचला, चक्काजाम

**राजनांदगांव।** बाइक सवार को लापरवाही से भागती ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। बाइक में पीछे बैठा व्यक्ति दूर जा गिरा। जिससे वह बाल-बाल बच गया। घटना की खबर के बाद ग्रामीणों ने रोष जताते मुख्य मार्ग में चक्काजाम कर दिया गया। समाचार लिखे जाने तक चक्काजाम जारी रहा। मौके पर प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी ग्रामीणों को समझाईश देने का प्रयास करते रहे। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रूपाकाठी निवासी युवक ग्राम अर्जुनी स्थित चौपाटी में एक कार्यक्रम में बाजा बजाने आया हुआ था, जो अर्जुनी मुख्य मार्ग में बाइक से जा रहा था।






## जैकेट के शेष

### नक्सली विस्फोट में ....

चल रहे बीएसएफ के जवान 45 वर्षीय जवान अखिलेश रॉय आईईडी की चपेट में आ गया। आईईडी के ब्लास्ट होने पर जवान का एक पैर पूरी तरह से लगभग अलग हो गया था और शरीर के प्रत्येक हिस्से में आईईडी के छर्रों के लगने से पूरा शरीर से खून निकलने लगा था। घायल जवान बुरी तरह से घायल हो गया था। जवान के साथियों ने अपनी टीम को वायरलेस से जानकारी दिया और घायल जवान को इलाज के लिए सिविल अस्पताल पखांजुर लेकर दोपहर को 2 बजे के आसपास पहुंचे। चिकित्सकों ने कुछ देर इलाज किया और घायल जवान की सांस थम गई। चिकित्सकों ने बीएसएफ के अधिकारियों को जानकारी दिया और शव का पीएम करवाकर शव को बीएसएफ के अधिकारियों को सौंपा गया।

**मौके पर दल भेजा गया :** पखांजूर एसडीओपी रवि कुजूर ने बताया नक्सलियों द्वारा लगाई गई आईईडी प्रेशर बम था या कमांड बम इस संबंध में अभी कोई जानकारी नहीं है। जांच के लिए मौके में दल को भेजा गया है, वहीं शव को बीएसएफ के चौपर से उसके गृहग्राम के लिए रवाना किया गया।

**नारायणपुर में ठीक इसी तरह हुआ था विस्फोट :** बता दें कि बुधवार को ही राज्य के नारायणपुर जिले में नक्सलियों द्वारा सुरक्षाकर्मियों की एक टीम पर हमला किया गया था। नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के जवान कमलेश साहू की जान चली गई थी। एक अन्य घायल हो गए थे। नारायणपुर और कांकेर नक्सल प्रभावित क्षेत्र है।

### शहीद के परिजनों से ....

कि शहीद कमलेश साहू ने देश की सेवा करते हुए वीरगति प्राप्त की है, उनकी शहादत को नमन है। विधायक केदार कश्यप, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने भी हसौद पहुंचकर शहीद श्री कमलेश को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सक्ती की कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, पुलिस अधीक्षक एम. आर आहिरे सहित बड़ी संख्या में नागरिकों ने भी शहीद जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### अर्जियां मंजूर कर ....

आने वाले पांच साल में योजनाओं को पूरा करने की रणनीति बनाएंगे। पिछली योजनाओं की समीक्षा के बाद उन पर निर्णय लेंगे।

### आदिवासियों ने विश्वासघात ....

उनके पास जाते थे वे कहते थे कांग्रेस ने हमें ठगा है, इस बार नहीं ठगाएंगे। चुनाव में आदिवासियों ने कांग्रेस को विश्वासघात का मजा चखाया है। सीएम ने कहा, आने वाले दिनों में उनके लिए सभी निर्णय जल्द लिए जाएंगे।

### कांग्रेस पर साधा ....

है, जो वादा पीएम मोदी और भाजपा ने किया है, उसे शत प्रतिशत पूरा करेंगे।

### महंत ने कांग्रेस छोड़ी, बृहस्पत ....

गतिविधियों और पूर्व सरकार के मुखिया के खिलाफ बयान के कारण पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उनसे तीन दिन के अंदर जवाब मांगा गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व विधायक बृहस्पत सिंह को प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा और टीएस सिंहदेव के खिलाफ बयान को ले कर नोटिस जारी किया गया था। उन्होंने इसके जवाब में न सिर्फ प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा पर आरोप लगाए, बल्कि टीएस सिंहदेव को भी हार का जिम्मेदार ठहराया। कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के लिए लिखे पत्र में बृहस्पत सिंह ने जवाब देते हुए कहा, टीएस सिंहदेव के चार पन्नों की चिट्ठी और इस्तीफे से पार्टी को नुकसान हुआ है। वे लगातार पार्टी और सरकार के विरोध में बयान दे रहे थे। कुमारी सैलजा ने हाईकमान को इस बात की जानकारी नहीं दी, इसलिए पार्टी को नुकसान का सामना करना पड़ा है। बता दें कि पूर्व में भी उन्होंने दोनों नेताओं पर ही कांग्रेस की हार का ठीकरा फोड़ा था, जिसके बाद उन्हें प्रदेश कांग्रेस कमेटी की तरफ से शोकॉज नोटिस जारी किया गया था। कांग्रेस पार्टी ने भले ही अपने नेताओं को सार्वजनिक बयानबाजी और बड़े नेताओं पर टीका-टिप्पणी नहीं करने की नसीहत दी हो, लेकिन इस नसीहत का पूर्व विधायक और सरगुजा के नेता बृहस्पत सिंह पर असर पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है। पार्टी ने उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया है।

**प्रभारी सचिव पर आरोप, पार्टी ने गंभीरता से लिया :** कांग्रेस के पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल ने एक सह प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका दावा है कि उन्हें 7 लाख दिए हैं। उन्होंने कहा, सर्किट हाउस में चार लाख और निजी होटल में तीन लाख रुपए दिए। पार्टी ने इस आरोप के बाद नोटिस जारी कर जवाब मांगा। उनके जवाब से संतुष्ट न होने पर पार्टी अनुशासन समिति ने भी उन्हें पार्टी से हटाने की अनुशंसा भेजी। पीसीसी ने इसके आदेश जारी कर दिए।

### महंत ने ये कहा ....

अंतर से इस सीट पर पराजय हुई। इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मैं पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्याग पत्र दे रहा हूं।

### सुप्रीम कोर्ट ने ...

पक्षों से सभी तथ्यों का पूर्ण और सही खुलासा करने की उम्मीद की जाती है और किसी पक्ष की तरफ से पेश होने वाले प्रत्येक वकील से उचित तरीके से अदालत की सहायता करने की उम्मीद की जाती है। पीठ ने कहा, गुण-दोष के आधार पर भी हमें कुछ नहीं मिला है। चूंकि गलत तथ्य बताए गए हैं तो हम एक लाख रुपए के जुर्माने के साथ अपील खारिज करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज करने के छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ चौरसिया की अपील पर सुनवाई कर रहा था। संघीय जांच एजेंसी ने पिछले साल आरोप लगाया था कि कोयला लेवी 'घोटाले' को अंजाम देने के लिए प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध राज्य में एक 'बड़ी साजिश' रची गयी थी। इस घोटाले में पिछले दो साल में 540 करोड़ रुपए 'वसूल' किए गए थे।

# एमपी के नए सीएम ने दिखाया 'योगी-अवतार'

# भाजपा नेता की हथेली काटने वालों के घर बुलडोजर चला, 3 मकान ढहाए

*मध्यप्रदेश के नए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शपथ ग्रहण के दूसरे दिन ही भोपाल में पहली बड़ी कार्रवाई हुई है। गुरुवार को भोपाल में भाजपा नेता की हथेली काटने वाले 5 आरोपियों के 3 मकान बुलडोजर चलाकर ढहा दिए गए। इससे पहले, दोपहर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा ने भी कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद की गुंडागर्दी खत्म करने का बयान देकर कार्रवाई का संकेत दे दिया था।*

एजेंसी ▶▶ भोपाल

आरोपियों ने 5 दिसंबर को तलवार मारकर झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ अरेरा मंडल के महामंत्री देवेंद्र सिंह ठाकुर की हथेली काट दी थी। हमले के 9वें दिन आरोपियों पर कार्रवाई हुई। घटना के बाद से ही राजनीति गरमा गई थी। ठाकुर भोपाल मध्य विधान सभा क्षेत्र से जुड़े हुए थे। यहां से विधानसभा चुनाव हार चुके ध्रुव नारायण सिंह ने घटना के लिए कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद को जिम्मेदार बताया था। इसके बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा, केंद्रीय संगठन के महासचिव कैलाश विजयवर्गीय समेत कई नेता ठाकुर से मिलने अस्पताल पहुंचे थे। तब से ही यह कयास लगाए जा रहे थे कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

### सभी आरोपियों पर लग चुका है रासूका

देवेंद्र सिंह ठाकुर पर हमले के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। 8 दिसंबर को भोपाल कलेक्टर आशीष सिंह ने इनमें से एक आरोपी फारुख राइन उर्फ बिन्नी पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाया था। गौरतलब है कि आरोपी फारुख पर मारपीट के 14 केस दर्ज है, वह हबीबगंज पुलिस थाने की गुंडा लिस्ट में शामिल है। हमला करने वाले पांचों आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं।

**शपथ ग्रहण के दूसरे दिन ही भोपाल में पहली बड़ी कार्रवाई**



**कोलार एसडीएम के नेतृत्व में नगर निगम को अमले ने की कार्रवाई**

*जनता कॉलोनी में रहने वाले आरोपी फारुख राइन उर्फ मिन्नी, असलम, समीर उर्फ बिल्लू, शाहरुख और बिलाल ने साईं बोर्ड के पास देवेंद्र सिंह पर हमला किया था। लिहाजा उनके मकान तोड़ने के लिए गुरुवार को कोलार एसडीएम आशुतोष गोस्वामी के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने आरोपियों के घरों पहुंची और बुलडोजर चलाया. अतिक्रमण अधिकारी प्रतीक गर्ग और हबीबगंज थाना प्रभारी मनीष राज सिंह भदौरिया ने बताया कि मकानों के अवैध हिस्से और अतिक्रमण को गिरा दिया गया, क्योंकि बिल्डिंग परमिशन समेत अन्य अनुमतियां नहीं थीं। निगम के 25 से अधिक कर्मचारियों ने मकान तोड़ने की कार्रवाई की, अतिक्रमण को हटाने में डेढ़ घंटे लगे।*

### एक्शन, मीट-मांस की 3 दुकानें सील

सीएम मोहन यादव के गृह जिले उज्जैन में खुले में नॉनवेज बेचने वालों के खिलाफ नगर निगम ने सीएम के आदेश के बाद सख्त कार्रवाई की। नगर निगम के उपायुक्त और स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी संजेश गुप्ता टीम के साथ सुबह-सुबह 6 बजे दो तालाब स्थित लकी चिकन एवं मटन सेंटर पर पहुंचे। यहां खुले में नॉनवेज बेचे जाने के कारण दुकान को सील कर दिया गया। इसी तरह वार्ड क्रमांक 6 में मोहन नगर इलाके में भी एक दुकान पर कार्रवाई करते हुए दुकान को ताला लगा दिया गया।

### सीएम बनते ही दिखाई सख्ती

बता दें कि बुधवार को शपथ ग्रहण के बाद सीएम का पदभार संभालते ही सीएम मोहन यादव ने खुले में नॉनवेज बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश जारी किए थे। जिसके बाद प्रशासनिक अमला पूरी तरह से मैदान में उतर आया और खुले में नॉनवेज बेचने वालों के खिलाफ प्रदेशभर में अभियान चलाया जा रहा है।

## पेज एक के शेष

### बारदानों पर 1200 करोड़...

सरकार की नीति के तहत की जाती है। ये निर्देश भी है कि एफसीआई में चावल जमा करने के लिए नए बोरे इस्तेमाल किए जाएं और धान खरीदी पुराने बोरों में की जाए। छत्तीसगढ़ में 1 नवंबर से धान खरीदी शुरू होने के बाद डेढ़ महीना पूरा बीतने को है। सोसाइटियों में यह देखने में आ रहा है कि फटे पुराने बोरों में खरीदी हो रही है। इसकी वजह से धान गिरकर बरबाद हो रहा है। इधर खाद्य विभाग एवं मार्कफेड के सूत्रों की मानें, तो राज्य में 1200 से 1500 करोड़ रुपयों की बारदाना खरीदी होती है। इसके बाद भी फटे-पुराने बोरों की वजह से धान का नुकसान हो रहा है।

### ये है बारदाना व्यवस्था...

करने के लिए बारदाने की आवश्यक व्यवस्था की जाए। नवीन नीति के मुताबित धान खरीदी शतप्रतिशत नए बोरों में करने के बजाय 50:50 के अनुपात में नए और पुराने बोरो में की जाएगी। नए जूट बोरे उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में कमी की पूर्ति के लिए उपयोग हो चुके गनी बैग से करते हुए अनुपात बनाया जाए।

### चावल केवल नए...

साल नए बारदाने खरीदने की जरूरत होती है। नए बारदानों को दो बार उपयोग में लिया जाता है। पहली बार नए बारदानों में एफसीआई और स्टेट पूल के लिए चावल जमा किया जाता है। अगले साल उन्हीं बारदानों में धान खरीदा जाता है। एफसीआई को नए बोरों में चावल दिया जाता है, वे बोरे वापस नहीं आते।

### यहां से आते हैं...

की पैकेजिंग में उपयोग किए गए जूट बारदाने लिए जाते हैं। पुराने बारदानों की कीमत 25 रुपए नग के हिसाब से दी जाती है। ये सब कुछ साफ होने के बाद भी सोसाइटियों में फटे पुराने बारदानों का उपयोग करने को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

### आधे पुराने, इनमें भी...

पुराने बारदानों में ज्यादातर फट-गल चुके हैं। इसके कारण बारदानों में धान भरने से लेकर तौलाई एवं सोसाइटी में रखने तक फटे बारदानों से धान लगातार जमीन पर गिरकर खराब हो रहा है। इस तरह प्रति बारदाना 100 ग्राम से 200 ग्राम तक धान की बर्बादी हो रही है, जिससे किसान और सोसाइटी दोनों को नुकसान हो रहा है। हरिभूमि की टीम सहकारी सोसाइटियों में किसानों को धान के लिए दिए जा रहे बारदानों की पड़ताल करने जिले के सेजबहार, खिलौरा, दर्रारेंगा सहित अन्य कुछ सोसाइटियों में पहुंची। इस दौरान टीम ने किसानों को बारदानों में धान भरने से लेकर तौलाई के बाद धान से भरे कट्टों को सोसाइटी के चबूतरों पर रखने तक की लाइव रिपोर्टिंग की। इस दौरान देखा गया कि किसानों को रकबा के अनुसार धान के लिए पहले पुराने बारदाने दिए जा रहे हैं। इन बारदानों को देखकर ही पता चलता है कि धान रखने के लिए उपयोगी हैं या नहीं, क्योंकि इनमें ज्यादातर बारदाने फटे हुए थे। किसान मजबूरी में फटे बारदानों में ही धान भरने लगे। बारदानों में भरने के दौरान धान जमीन पर भी गिर रहा था। इसके बाद जब धान की तराजू में तौलाई की गई, तो इस दौरान भी बारदानों से धान जमीन पर गिरता रहा। इस तरह किसानों को फटे बारदानों के कारण एक कट्टा में 50 से 100 ग्राम तक ज्यादा धान देना पड़ रहा है, जिससे किसानों को नुकसान हो रहा है।

**किसान और सोसाइटी ने ये कहा :** सेजबहार सहकारी सोसाइटी में धान बेचने पहुंचे एक किसान ने बताया कि वह 6 एकड़ का धान बेचने के लिए सोसाइटी में आया है। प्रति एकड़ के हिसाब से उसे बारदाने मिले हैं। इनमें 50 प्रतिशत पुराने एवं 50 प्रतिशत नए बारदाने हैं। पुराने बारदाने जगह-जगह से फटे हुए हैं, जबकि नए बारदाने सही हैं। फटे बारदानों के कारण धान जमीन पर गिर रहा है, जिससे किसान को नुकसान हो रहा है। इस सोसाइटी के अध्यक्ष विजय ठाकुर ने भी बताया कि जो बारदाने हमें उपलब्ध कराए जा रहे हैं, वे ही किसानों को दिए जा रहे हैं। पुराने बारदाने कई साल पुराने हैं, इसलिए उनमें कई फट भी गए हैं। धान की बर्बादी तो हो रही है, लेकिन इससे सोसाइटी को भी नुकसान है। मिलर के उठाव के दौरान धान के कट्टे में वजन के अंतर की भरपाई सोसाइटी को ही करनी पड़ती है।

### सोसाइटी को भी...

क्योंकि मिलर भी सोसाइटी से धान का उठाव कराने के बाद उसका वजन धर्मकांटा में कराता है। इस दौरान प्रति कट्टा के हिसाब से जितना धान का वजन कम मिलेगा, मिलर उसी के अनुसार चावल जमा कराता है। इस तरह जितना वजन कम मिलेगा, उसकी भरपाई सोसाइटी को ही करनी होती है।

### किसानों को मिल रहे...

सोसायटियों में हो रही धान खरीदी प्रक्रिया का मुआयना किया तो यह बात सामने आई कि दुर्ग-भिलाई के निकुम में बीते 44 दिनों से सेवा सरकारी समितियां में धान खरीदी हो रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों को सुध लेने की फुर्सत भी नहीं है। सत्ता बदल गई, नई सरकार आ गई है, फिर भी किसान धान बेचने को लेकर काफी परेशान हैं। अल सुबह होते ही किसान धान बेचने सेवा सहकारी समितियों में जाते है, जहां 17 प्रतिशत तक धान खरीदी जाती है। वहीं खरीदी केंद्रों में 50-50 प्रतिशत नए व पुराने बारदाने किसानों को दिया जाता है, लेकिन पुराने बारदाने के कारण किसान परेशान हो रहें हैं। मिलरों द्वारा बंडल में कई फटे -पुराने बारदाने के कारण किसानों को दोहरी मेहनत करनी पड़ रही है। किसान अपनी धान बेचने मजबूरी में फटे जगह पर पैरा से सपोर्ट पैक कर धान बेच रहे हैं। जिसके कारण धान गिर जाता है। निकुम के किसान रोशन साहू ने बताया की फटे बारदानों से किसान को बेहद परेशानी होती है।

**सोसायटियों में नया और पुराना दोनों बारदाना से हो रहा तौल :** बस्तर जिले के धान खरीदी केंद्रो में किसानों के धान को तौलने के लिए किस तरह के बारदाना का उपयोग किया जा रहा है, इसका जायजा हरिभूमि ने गुरुवार को सीधे केंद्रों में जाकर लिया। माड़पाल खरीदी केंद्र में फटे पुराने बारदानों की छटाई महिला मजदूर कर रही थीं। खरीदी केंद्र प्रभारी रुद्र चालकी ने बताया कि शासन के आदेश के अनुसार नया और पुराना दोनों बारदाना 50-50 प्रतिशत उपयोग किया जा रहा है। यहां 19 हजार नया बारदाना का धान प्राप्त हुआ है। वहीं काउन राइस मिल कस्तूरी ने 7 हजार 500 उपयोग किया हुआ पुराना बारदाना भेजा है। इन बारदानों को छटाई कर तौल में उपयोग लायक सही बारदाना रखकर बाकी फटे हुए अनुपयोगी बारदानों को लौटा दिया जाएगा। वहीं नगरनार लेम्पस के निरीक्षण में गोदाम में नया और पुराना दोनों बारदाना रखा हुआ था। तौल में भी दोनों का उपयोग किया जा रहा था। लेम्पस प्रबंधक राजूराम कश्यप ने बताया कि नया बारदाना 15055 भेजा गया है। वहीं काउन राईस मिल से 13098 एवं पीडीएस का 1270 पुराना बारदाना है। मिलर्स से आए पुराने बारदानों की छटाई कर अनुपयोगी फटे हुए बारदाने वापस कर दिया गया है। यहां भी शासन के निर्देश का पालन करते हुए 50-50 प्रतिशत दोनों बारदाने का उपयोग हो रहा है। बाक्स... डीएमओ और खाद्य विभाग कराता है उपलब्ध नया और पुराना दोनों बारदाना 50-50 प्रतिशत उपयोग करने की अनुमति शासन से मिली है। इस संबंध में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधिकारी का कहना है लेम्पस सोसाइटियों में धान सुरक्षित बारदाना में रखने की जवाबदारी विपणन और खाद्य विभाग की है। विपणन विभाग लेम्पस सोसायटी को बारदाना उपलब्ध कराता है। शहर से 6 किमी दूर मंगनू कचोरा लेम्पस में नया और पुराना दोनों बारदाना उपयोग किया जा रहा था। इस सम्बंध में उपार्जन प्रभारी ने बताया हमे विपणन विभाग जो बारदाना उपलब्ध कराया है, उसका उपयोग कर रहे है। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एसए रजा ने बताया शासन से नया और पुराना दोनों प्रकार के बारदाना का उपयोग करने का आदेश है।

### खराब बारदानों से बह...

बारदानों से खरीदी की जा रही है। नए बारदाने तो शासन स्तर से सप्लाई की जा रही है, जबकि पुराने बारदाने मिलर्स और पीडीएस से मंगाए जा रहे हैं। जिले के सभी 100 खरीदी केंद्रों में 9 हजार 525 गठान नए बारदाने भेजे गए हैं। वहीं मिलर्स से 8 हजार गठान और पीडीएस से 1650 गठान बारदाने भेजे गए हैं। नए में इक्का-दुक्का बारदाना ही खराब मिल रहा है लेकिन पुराने बारदाने तो 40 प्रतिशत से ज्यादा खराब निकल रहे हैं। मजबूरी में इन्हीं खराब बारदानों से खरीदी की जा रही है। खराब बारदानों से खरीदी के चलते किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। धान भरते वक्त फटे बारदानों से धान रिसने लगता है। कागज, पैरा, झिल्ली आदि से बंद करने के बाद किसान धान बेच पाते हैं। इसके बाद भी काफी नुकसान होता है। नुकसान केवल किसानों को ही नहीं सोसाइटियों को भी हो रहा है। फटे बारदानों से धान के रिसाव के कारण शार्टेज का खतरा भी बना हुआ है।

**कई जगह रिजेक्ट हुए बारदाने :** तरसीवा धान खरीदी केंद्र में 72000 नग पुराना बारदाना आया था। इसमें से करीब 3 हजार बारदाने इतने खराब थे कि धान भरना मुश्किल था। मिलर्स को ये बारदाने वापस ले जाने के लिए कहा गया है, लेकिन अब तक मिलर्स ने इन बारदानों को वापस नहीं लिया है। बारदाने समितियों में ही पड़े हैं। कुरमातराई केंद्र में 46000 नए पुराने बारदाने आए थे। इसमें से 2000 बारदाने काफी खराब हैं। देमार में 43000 पुराने बारदाने आए थे। 2 हजार रिजेक्ट हुए। इन बारदानों को लौटा दिया गया है।

### संसद में धुआं उड़ाने...

पांचवें आरोपी विक्रम उर्फ विक्की शर्मा को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया गया जो मूल रूप से हिसार का रहने वाला है। 12 दिसंबर की रात सभी आरोपी विक्की के घर पर ही रुके थे। गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपियों की पहचान मैसूरु निवासी मनोरंजन डी, लखनऊ निवासी सागर शर्मा, हरियाणा की जिंद निवासी नीलम, महाराष्ट्र के लातूर निवासी अमोल शिंदे और गुरुग्राम के रहने वाले विक्रम उर्फ विक्की शर्मा के तौर पर हुई है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया जाना है। इसे लेकर वहां सुरक्षा काफी बढ़ा दी गई है। बताया जा रहा है कि कथित तौर पर एक आरोपी मनोरंजन के साथ महीनों पहले रची गई थी। आरोपी ने इमारत के अंदर सुरक्षा उपायों का जायजा लेने के लिए संसद की रेकी की थी। सूत्रों के अनुसार आरोपी मनोरंजन कथित तौर पर संसद की प्रवेश प्रक्रिया और सुरक्षा उपायों का पता लगाने के लिए वैध पास के साथ दर्शक दीर्घा में गया था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जब उसे एहसास हुआ कि सुरक्षा जांच के दौरान विजिटर्स को अपने जूते उतारने के लिए नहीं कहा जाता है, तो उसे अपने जूते में कैन को छिपाने का विचार आया। सूत्रों में से एक ने कहा, मनोरंजन ने इसे छिपाने के लिए अपने जूते के अंदर एक खाली जगह बनवाई थी। इस तरह वो सारी सुरक्षा को दरकिनार करते हुए इसे अंदर ले जाने में सफल रहा। कैन खोलते हुए उसे अपना जूता निकालते हुए देखा जा सकता है।



**// गुमशुदा //**



नाम- हसीना भाटी उम्र 60 वर्ष, रंग गोरा, कद पाँच फुट, कपड़ा नीला प्रिंट में सलवार सूट पहने हुए है, इनको बाल फॉर सीटी में बी.एस.यू.पी. कालोनी भाटागांव में आखीरी बार देखा गया। कृपया जिस किसी सज्जन को यह मिले या दिखाई दे तो कृपा कर के इस नंबर पे सूचित करें। बताने वाले को उचित ईनाम दिया जायेगा।

सगीर रिजवी
मो.- 9926175695
मो.- 8349010782

**लापता**



नाम - बिन्देश्वर पाण्डेय
उम्र - 79, कपड़ा - स्वेटर और लुंगी सफेद गम्छा
आखरी बार - हाई-टेक हॉस्पिटल सूर्या विहार
अधिक जानकारी - काला रंग, सफेद दाढ़ी
9407981081, 9654492431, 9654400212, 9972529875
पता बताने वाले को उचित नगद पुरस्कार दिया जावेगा
कृपया सहयोग किजिए...


### अफगानिस्तान के आकाश में क्या कर रहे 'पाकिस्तानी ड्रोन'

**नई दिल्ली।** बीते कुछ दिनों से अफगानिस्तान के आकाश में कुछ पाकिस्तान ड्रोन दिखने की कई घटनाएं सामने आई हैं। अफगानिस्तान के आकाश में उड़ने वाले ड्रोन को लेकर तालिबानी सरकार ने पाकिस्तान से शिकायत दर्ज की है।

बताया जा रहा है कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच खराब हो रहे रिश्तों के चलते आपस में तकरार बढ़ रही है। जिन ड्रोन का इस्तेमाल पाकिस्तान अफगानिस्तान के बॉर्डर पर कर रहा है, ठीक वही ड्रोन पाकिस्तान भारत में पंजाब और राजस्थान के बॉर्डर पर तस्करी में इस्तेमाल करता है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, बिलासपुर (छ.ग.)**

क्र. 92/न.पा.नि./योजना/2023-24 बिलासपुर, दिनांक 13/12/2023

**//ई-निविदा विज्ञप्ति (प्रथम निविदा)//**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा फार्म F पर आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम टेंडर नं. | कार्य का विवरण | प्राक्कलन राशि (लाख रु. में) | निविदा डाउनलोड/ सबमिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 150066 | Construction of 03 nos Aspirational Toilet Block Type-I under SBM 2.0 as per enclosed specifications and drawings including defect Liability period of 36 months from the date of completion | 73.32 | 04/01/2024 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 14/12/2023 सायंकाल 5:30 बजे से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि. बिलासपुर (छ.ग.)

Green City, Clean City, Dream City

**कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई-चरौदा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

क्र./429/निविदा/लो.नि.वि./2023 भिलाई-चरौदा, दिनांक 14/12/2023

**-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ::-**

इस कार्यालय हेतु निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है -

| क्र. | कार्य का नाम | सिस्टम टेंडर क्र. | लागत राशि (रू. लाख में) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Construction of Aspirational Toilet Near Primary School, Ward No.17, Shanti Nagar, (Design-I Type-1 (10 Seater) At Municipal Corporation, Bhilai-Charoda. | 150069 | रू. 28.20 | 05.01.2023 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://www.eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
भिलाई-चरौदा

"प्रकृति को क्षति न पहुँचाए, वृक्ष लगाए, पर्यावरण को शुद्ध बनाए।"


### 2022 में 2051 छात्रों ने परीक्षा में फेल होने की वजह से की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** तारांकित प्रश्नों का सदन में जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सदन को बताया कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार, 2022 में 1,70,924 (1.70 लाख) आत्महत्याएं हुईं। इनमें से 2,051 या 1.2 प्रतिशत छात्रों ने परीक्षा में फेल होने के कारण आत्महत्या की। उन्होंने कहा, मैं इसकी (छात्रों की आत्महत्या) जिम्मेदारी लेता हूं।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआर.पी.सी. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **देबाशीष पॉल** प्रोपराईटर मैसर्स वॉलमैक्स ट्रेडर्स ऑफिस नंबर-5, रिंग रोड नंबर 2 राजपुर मद्रास ट्रांसपोर्ट के नजदीक रायपुर छत्तीसगढ़ दूसरा पता दुकान नंबर 90, रावनभाटा, बेस्ट प्राइस शॉपिंग मॉल के नजदीक, बिलासपुर, छत्तीसगढ़-492001 ने केस रजि. संख्या 11405/2019 धारा 138 एन आई एक्ट के तहत थाना केशव पुरम, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त देबाशीष पॉल मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त देबाशीष पॉल फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस रजि. संख्या 11405/2019 धारा 138 एन आई एक्ट के तहत थाना केशव पुरम, दिल्ली के उक्त अभियुक्त देबाशीष पॉल से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 26.03.2024 को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री वैभव चौरसिया
महानगर दण्डाधिकारी (उत्तर पश्चिम)
DP/12605/NW/2023 कमरा नंबर 112, पहली मंजिल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग**

**-: मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना :-**

क्रमांक/ज.प्र.वि./2023-24/16 दुर्ग दिनांक 13/12/2023

नगर पालिक निगम, दुर्ग में डीलर/सबडीलर्स/प्रदायकर्ता फर्म से निम्नांकित कार्य हेतु नॉन एस.ओ.आर. दर पर निम्नांकित कार्य हेतु स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से निम्नांकित तिथि को निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 22/12/2023
निविदा प्रपत्र जारी करने की तिथि - 01/01/2024
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 08/01/2024
निविदा खोलने की तिथि - 09/01/2024 (सायं 4.30 बजे)

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रूपये लाख में |
|---|---|---|
| 1. | फॉर्चुन प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत पाईप लाईन विस्तार कार्य करने बाबत्। | रू. 2,06,596/- |

निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाइट www.municipalcorporationdurg.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता


## शब्द पहेली - 5364



**बाएँ से दाए**
1. अत्यावश्यक-6
5. कारागार, जेल-4
8. पानी, नीर-2
9. मीन, मत्स्य-3
10. लक्ष्मी, कमला-2
11. कलाकार, फनकार-4
12. मर्द, मादा का विलोम-2
14. हसरत, मुराद-4
15. कैद में, अवरुद्ध, रुका-2
17. भूमि, धरती-3
19. मतवाला, मदहोश-4
21. फिल्मी दुनिया-3,3
24. दुर्भाग्यशाली-5
27. ठोकर लगना, भिड़ना-4
29. दौड़ी पीना-3
31. सांप, सर्प-2
32. दाल-4
33. हूर, अप्सरा-2
35. गाड़ी चलाने वाला-4
36. पिता का छोटा भाई-2
38. पुत्र, बेटा-3
39. टोंटी, नलका-2
40. ललचाना, तड़फाना-4
41. टाउन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1. ईश्वर, अनश्वर-3,3
2. तेलहन-2
3. सुखद वस्तु, वर देना-4
4. करधनी, कमर पेटी-5
5. गलीचा-3
6. दिन-2
7. समस्या का हल-4
11. धरोहर, थाती-4
13. मिट्टी, धूल-2
16. चमकना-4
18. वायुसेना का एक विमान-3
19. इनाम-4
20. परत-2
22. जाप करना-3
23. किवाड़, द्वार-2
25. उदाहरणतः-4
26. परवरिश-3,3
28. राग छेड़ना-5
29. भेंट, मेल-मिलाप-4
30. दिया, दीपक-2
32. औषधालय, दवाखाना-4
34. खाली होना-3
37. छोटी सवारी गाड़ी-2
39. नया, नवीन-2

**शब्द पहेली - 5363 का हल**



## सूडोकू नववाल - 5374

★★★★★ कठिनतम



**सूडोकू नववाल - 5373 का हल**



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## खबर संक्षेप

### रजनीकांत वेट्टैयन में अमिताभ के साथ आएंगे नजर...



मुंबई। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन, दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत के साथ फिल्म वेट्टैयन में काम करते नजर आएंगे। हाल ही में रजनीकांत की अगली फिल्म थलाइवर 170 की घोषणा की गई है। फिल्म 'थलाइवर 170' को आखिरकार एक टाइटल मिल गया है। टीजे ज्ञानवेल द्वारा लिखित और निर्देशित इस फिल्म का नाम 'वेट्टैयन' रखा गया है। प्रोडक्शन बैनर लाइका प्रोडक्शंस ने टाइटल टीजर वीडियो में फिल्म के नाम का खुलासा किया है। फिल्म के टाइटल टीजर क्लिप में रजनीकांत स्टाइलिश रूप से काले धूप के चश्मे लगाए हुए दिखाई दे रहे हैं और कह रहे हैं, जब शिकार जारी है, तो शिकार को गिरना ही चाहिए।

### विन संग घर बसाना चाहती थीं दीपिका...

लॉस एंजिल्स। दीपिका पादुकोण ने 2017 में विन डीजल के साथ फिल्म एक्स एक्स एक्स से हॉलीवुड डेब्यू किया था। इस फिल्म के बाद दीपिका ने को-एक्टर विन डीजल के साथ शादी करने और घर बसाने से जुड़ा एक स्टेटमेंट दिया था, जिसके चलते उन्हें ट्रोल होना पड़ा था। दीपिका इस शो पर गेस्ट बनकर पहुंची थीं और यहां होस्ट ने दीपिका को उनकी और विन की एक कोजी फोटो दिखाकर पूछा था कि क्या उनके बीच कुछ चल रहा है? इसके जवाब में दीपिका ने कहा था 'बिना आग के धुआं नहीं होता है लेकिन यह सब मेरे दिमाग में है...मैं दिमाग में सोचती हूं कि मैं और विन साथ हैं। हम साथ में रहते हैं...हमारी शानदार केमिस्ट्री है और अमेजिंग बेबीज है...लेकिन यह सब मेरे दिमाग में है।

# राजकपूर की इन फिल्मों का विवादों से रहा नाता, फिर भी रहीं ब्लॉकबस्टर...

मुंबई। हिंदी सिनेमा में जब भी बेहतरीन एक्टिंग की बात होती है तो राज कपूर का नाम जरूर आता है। राज कपूर हिंदी सिनेमा के वो सितारे हैं जिनको एक्टिंग का भगवान कहा जाता है। राज कपूर भले ही इस दुनिया में न हो लेकिन आज भी उनकी कमी इंडस्ट्री को खलती है। राज कपूर की आज बर्थ एनिवर्सरी है, उनका जन्म 14 दिसंबर को हुआ था। अभिनेता ने अपने फिल्म के जरिए लोगों को काफी जागरुक किया है। उन्होंने समाज में चल रही हर दिक्कत पर फिल्म बनाई और लोगों को उसको प्रति जागरुक किया लेकिन इनकी कुछ फिल्में काफी विवादों में रहीं फिर भी उन फिल्मों ने बॉक्स आफिस पर जमकर धमाल किया।



### श्री 420 (1955)


फिल्म श्री 420 (1955) में राज कपूर ने एक अनाथ की भूमिका निभाई थी, जो अपने सपने को हकीकत में बदलने के लिए बॉम्बे (अब मुंबई) पहुंचता है। इस फिल्म का गाना 'मेरा जूता है जापानी' जो आज भी लोग सुनना पसंद करते हैं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा बिजनेस किया था।

### वर्ष 1948 में आई फिल्म आग

साल 1948 में आई फिल्म आग जिसमें राज कपूर निर्माता और निर्देशक के रूप में दिखाई दिए थे। इस फिल्म में नरगिस एक्ट्रेस के रूप में दिखाई दी थी, जो कि दोनों की साथ की पहली फिल्म थी। इस फिल्म में बाहरी सुंदरता से ज्यादा आंतरिक सुंदरता के महत्व को बताया गया है। खास बात यह है कि इस फिल्म में राज के सबसे छोटे भाई शशि कपूर भी दिखाई दिए थे। फिल्म में शशि ने यंग 'केवल' की भूमिका निभाई थी।

### भारत सहित रूस में भी लोकप्रिय रही आवारा

साल 1951 में आई फिल्म आवारा का निर्माण, निर्देशन राज कपूर ने ही किया था। अभिनेता ने इस फिल्म में एक्टिंग भी की थी जो कि सुपरहिट रही थी। फिल्म में नरगिस भी मुख्य भूमिका में नजर आई थी। फिल्म को लोगों ने काफी प्यार दिया और इस फिल्म की लोकप्रियता सिर्फ भारत नहीं बल्कि रूस में भी देखने को मिली थी।



# गाना रिलीज, पटना की लड़की है, देखा क्या

मुंबई। भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री-गायिका अक्षरा सिंह का गाना पटना की लड़की है रिलीज हो गया है। पटना की लड़की है गाने में अक्षरा सिंह एक्शन करती नजर आई है। यह गाना अक्षरा सिंह के यूट्यूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाना पटना की लड़की है को अक्षरा सिंह ने गाया है और इसके गीतकार ऋषि ग्वाला हैं, जबकि संगीतकार आशीष वर्मा हैं। गाना पटना की लड़की है के डीओपी पंकज सोनी हैं। निर्देशक रामदेबन हैं। फाइट मास्टर प्रदीप खड़का हैं। संपादक आर. निंजा और डीआई रोहित सिंह हैं। यह गाना लड़कियों के लिए प्रेरणा है : अक्षरा गाना पटना की लड़की है को लेकर अक्षरा सिंह ने कहा कि यह गाना लड़कियों के लिए प्रेरणा है।

# फिर शुरू हुई अक्षय की फिल्म की शूटिंग




मुंबई। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता अक्षय कुमार की आने वाली फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग शुरू हो गई है। अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' की रिलीज से पहले हाल ही में मेकर्स को लेकर काफी विवाद भी हुआ है, जिसके चलते 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग बीच में ही रोक दी गई थी। लेकिन अब इस फिल्म की शूटिंग फिर से शुरू हो गई है। अक्षय कुमार ने इसका एक लेटेस्ट वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसमें वह फिल्म की अन्य स्टार कास्ट भी नजर आ रही है। इस फिल्म के एक वीडियो में अक्षय कुमार के साथ लारा दत्ता, अरसद वारसी, दिशा पाटनी और फिल्म के अन्य कलाकार भी दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में लारा शूटिंग के दौरान अक्षय और अरसद पर कोड़े बरसाती हुई नजर आ रही हैं। 'वेलकम टू द जंगल' क्रिसमस के मौके पर 20 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस वीडियो के कैप्शन पर अक्षय कुमार ने लिखा है, मजेदार और पागलपंती से भरी चीजों से भरपूर इस यात्रा के लिए आप सभी की शुभकामनाओं की हमें जरूरत पड़ेगी। वेलकम टू द जंगल की शूटिंग शुरू होते ही मस्ती का माहौल शुरू हो जाता है।

# बिग बी शामिल होंगे निर्माता आनंद पंडित के 60वें जन्मदिन समारोह में



मुंबई। 2023 फिल्म व्यवसाय के लिए मिश्रित सौगातें लेकर आया लेकिन निर्माता आनंद पंडित वर्ष की समाप्ति साल की सबसे बड़ी पार्टी के साथ करेंगे। अपने 60वें जन्मदिन और अपनी सफल रियल एस्टेट कंपनी लोटस डेवलपर्स के 20 साल पूरे होने पर आनंद पंडित साल के सबसे बड़े जश्न का आयोजन कर रहे हैं। झिलमिलाते सितारों की महफिल का नेतृत्व करेंगे शाम के मुख्य अतिथि और मेगास्टार अमिताभ बच्चन। पंडित ने सोशल मीडिया पर उस पल की दिल छू लेने वाली एक झलक पोस्ट की, जब वह बिग बी को आमंत्रित करने के लिए उनके घर गए थे। सूत्रों का कहना है कि दोनों एक-दूसरे को कई साल से जानते हैं और बहुत ही करीबी रिश्ते में बंधे हैं। बच्चन जो शायद ही कभी सार्वजनिक कार्यक्रमों या निजी पार्टियों में शामिल होते हैं, पंडित के जन्मदिन समारोह की शोभा बढ़ाएंगे। वह पंडित के साथ एक करीबी व्यावसायिक रिश्ता भी रखते हैं और उन्होंने उनकी फिल्मों 'चेहरे' और 'फक्त महिलाओ माते' में भी काम किया है। इस खबर ने उद्योग जगत में काफी हलचल पैदा कर दी है और अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि 2023 की सबसे जोशीली पार्टी में और क्या होने जा रहा है।




epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

**आवश्यकता है-** ग्लोबल' इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड में तत्काल परमानेंट भर्ती लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन कार्यानुसार 7300+ 9500+ 11000+ 13500 + 15000 बाहर के लोगों को रहना+ खाना मेडिकल फ्री मार्कशीट की फोटो कॉपी+ 2 फोटो+ बायोडाटा के साथ। संपर्क करें:- भिलाई पावर हाउस, ओवर ब्रिज के पास लक्ष्मी मेडिकल के बाजू में (छ.ग.) मो.- 91097-99525. (आरो न.-6301)

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** *सिक्योरिटी गार्ड *फिल्ड ऑफिसर 3 *मार्केटिंग ऑफिसर 5 *सुपरवाइजर 3 *टेली कॉलर, कम्प्यूटर ऑपरेटर 5 योग्यता: स्नातक - स्नातकोत्तर वेतन योग्यतानुसार, संपर्क:- 434 चतुर्थ तल, प्रोग्रेसिव पॉइंट, लालपुर, रायपुर 07714002070, 7747000016, 7746000016.(आरो-2328)

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ के रायपुर और रायगढ़ में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु 5 वी,8, 10 वी पास हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना,खाना,फ्री,वेतन 10000 से 15000 mobile 8109070600,7869230888, 8085859632, 8839506548. (आरो-1031)

### सेल्समैन/हेल्पर

**आवश्यकता है-** थोक वस्त्र व्यवसाय में कार्य करने हेतु अच्छे हैंड राइटिंग वाले अनुभवी कंप्यूटर ऑपरेटर एंव सेल्समेन व हेल्पर की आवश्यकता है संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29-30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658.(आरो-1631)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** चिकन सेन्टर में काम करने के लिए लड़के की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार पता- ईश्वर नगर दावड़ा कॉलोनी रायपुर (C.G.) मों. 8823049719, 8319320492.(आरो-1040)

### घरेलु/कुक कार्य

**आवश्यकता है-** रायपुर में गृह कार्य झाड़ु- पोछा कपड़ा बर्तन साफ सफाई व शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने हेतु शादीशुदा या अकेले पुरुषों एवं महिलाओं (जिनके बच्चे साथ में न रहते हो) की आवश्यकता है। संपर्क करें:- 9977200093. (आरो-2147)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** न्यू राजेंद्रनगर रायपुर घर में पार्ट टाइम ड्राइवर की आवश्यकता है। काम का समय शाम को 4 से 6 तक। वेतन 3000/ महीना। संपर्क करें 8120289207, 9300201654. (आरो-1038)

**आवश्यकता है-** रायपुर एयरपोर्ट में इनोवा क्रिस्टा स्विफ्ट। चलाने के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है। सैलरी क्रिस्टा- 25000, स्विफ्ट- 15000, + PF+ ESI+ पेंशन, संपर्क करें राहुल ट्रेवल्स रायपुर एयरपोर्ट मोबाइल 7399411411. (आरो-3670)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### कम्प्युटर टेक्नीशियन

**आवश्यकता है-** स्कूल में कार्य करने हेतु कंप्यूटर टेक्नीशियन (जिसे हार्डवेयर,नेटवर्किंग, कैमरे का ज्ञान हो) इलेक्ट्रीशियन चौकीदार,ड्राइवर एवम चपरासी की आवश्कता हैं, अनुभवी संपर्क करे । मॉडल स्कूल,सिविल लाइन रायपुर 9425214413, 9329621221.(आरो-382)

### चौकीदार

**आवश्यकता है-** दुर्ग शहर के पास मछली फार्म में काम करने और देख रेख हेतु स्थाई नौकर की तुरंत आवश्यकता है। रहना, खाना और वेतन कार्यानुसार। संपर्क करें :- 9806651332, 9981260264. (आरो न.-365)

### सेल्समैन

**आवश्यकता है-** आवश्यकता है रेडीमेड दुकान में कार्य हेतु महिला पुरुष एवं सेल्समैन (मेल) की संपर्क करें राजेश होजियरी, फॉरेस्ट कॉलोनी के पास गली नंबर 1 पंडरी रायपुर 9407923601, 9826908201. (आरो-1875)

### नर्सिंग स्टाफ

**आवश्यकता है-** बच्चों के अस्पताल में नर्सिंग कार्य हेतु प्रशिक्षित स्टॉफ की आवश्यकता है । वेतन 10000/-रु. तक । आवास सुविधा उपलब्ध । रचहकर बच्चों का अस्पताल, भारत माता स्कूल के पास, टाटीबंध, रायपुर । संपर्क 0771-2572033/ 9399777426.(आरो-53)

### गोडाऊन/ड्रायवर

**आवश्यकता है-** मेडिकल सीएंडएफ में टाटा ऐस एवं ऑटो ड्राइवर -1, तथा गोडाउन कार्य हेतु 2 युवक चाहिए, मेडिकल लाइन के अनुभवी मिले : नरेंद्र फार्मा कृष्णा नगर, डंगनिया, रायपुर 9425542077, 9669426111.(आरो-436)

### पेट्रोल पंप कर्मी

**आवश्यकता है-** पेट्रोल पम्प पर कार्य करने हेतु उम्मीद्वार की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता इच्छुक व्यक्ति बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- डागा ब्रदर्स फाफाडीह चौक रायपुर (आरो-076)

छोटा विज्ञापन

### असिस्टेंट

**Wanted-** FEMALES OFFICE ASSISTANT REQUIRED, WORK-(CONSULTANT FOR-ABROAD EMPLOYMENT, PASSPORT, HAJJ-UMRAH MARRIAGE-BUREAU AIRTICKET) SALARY (7000-10000), TIMING (9.30-19.30) CONTACT-MIG /2/ 239, HUDKO 9329000023 / 9406012786.(आरो-366)

### गोदाम कार्य

**आवश्यकता है-** गोदाम कार्य हेतु मेहनती युवा लड़को की आवश्यकता है। योग्यता 10वीं पास संपर्क करें माहेश्वरी इन्टरप्राइजेस, शाप-8 होटल आदित्य बिल्डिंग जय स्तंभ चौक K.K.रोड रायपुर मों.- 9301013530.(आरो-1039)

### मैनेजर

**आवश्यकता है-** मैनेजर एवं शॉप में कार्य करने कर लिए अनुभवी लड़को की आवश्यकता है। संपर्क करे:- श्याम हार्ड वेयर स्टोर्स, स्टेशन रोड, देशबन्धु स्कूल के रायपुर, मो.- 9300908801.(आरो-064)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** दुकान में काम करने के लिए लड़को की आवश्यकता ..गुढियारी और आस पास के लोगो को प्राथमिकता त्रिभुवन जैन नर्मदा पारा रायपुर Mo 9425517126.(आरो-383)

**आवश्यकता है-** सीमेंट दुकान में काम करने हेतु एक व्यक्ति की आवश्यकता है अनंत आराम दायक केवल बैठक कार्य हेतु रिटायर्ड एवं वरिष्ठ कटोरा तालाब के आसपास रहने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता पता बबला सीमेंट कंवर राम चौक कटोरा तालाब रायपुर (आरो-1874)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** देवपुरी (रायपुर) घर के सब काम, जैसे झाड़ु, पोछा, और बर्तन साफ करने के लिए पुरुष या महिला की तत्काल जरूरत है। संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9302708426, 9039584784.(आरो-2332)

### कम्प्युटर ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** मेडिकल स्टोर में कार्य हेतु कप्यूटर ऑपरेटर, मार्केट बॉय तथा सेल्स कर्मचारी की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। संपर्क:- लक्ष्मी मेडिकल स्टोर, अमृत संदेश कॉम्प्लेक्स 7999149489, 7770807779. (व्हाट्सअप) (आरो-053)

### साफ-सफाई कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस में झाड़ु पोछा साफ- सफाई कार्य के लिए बाई (महिला) की आवश्यकता है। संपर्क- क्लासिक स्पार्कलर्स, बी.एस.एन.एल ऑफिस के सामने, जय गोपाल सोसायटी, फाफाडीह चौक, रायपुर (आरो-077)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ़ के बाहर रहकर आफिस कार्य हेतु 10वी 12वीं पास लड़के चाहिए सैलेरी 10000+ कमीशन+ बोनस+ रेल किराया, आवास फ्री ट्रेनिंग पश्चात 15000 से 20000 सम्पर्क- सरकंडा बिलासपुर 6266578863, 9685587409. (आरो-32159)

**आवश्यकता है-** इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28वर्ष, 10वीं, 12वी ग्रेजुएट अविवाहित लड़के चाहिए। वेतन 8000+ रहना, खाना फ्री+ कमीशन+ बोनस+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं। सम्पर्क करें- 7415455110, 7898882634.(आरो-32181)

**आवश्यकता है-** छत्तीसगढ के बाहर ऑफिस कार्य हेतु 18-25 वर्ष के 10वी 12वी पास अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस+ रहना फ्री ट्रेनिंग पश्चात 15000 से 20000 सम्पर्क सरकंडा बिलासपुर 8962488970.(आरो-32182)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### वर्क फ्राम होम

**आवश्यकता है-** सुनहरा अवसर घर बैठे बेरोजगार, हाउसवाइफ, स्टूडेंट, जॉब पीपल,कर्ज में फंसे लोग और दिव्यांग भाई बहन,अपने स्मार्टफोन से ऑनलाइन वर्क से कमाए 500 से 2000 रुपये तक प्रतिदिन पार्ट टाइम या फुल टाइम संपर्क करे :- 81093-15447. (आरो न.-6306)

### अन्य

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (Head Office) हेतु पक्की परमानेंट नौकरी (बिना इंटरव्यू सीधी भर्ती) अनपढ़ से ग्रेजुएट (लड़के-लड़कियां) तुरंत ट्रेनिंग शुरू (28300- 84900/-) सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, ड्राइवर, चेकर, हेल्पर, गार्ड (रहना +खाना +मेडिकल) रायपुर संपर्क:- 07827301340.(आरो-2319)

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घर बैठे Sms Job करके लड़के/लड़कियां,गृहणियां,स्टूडेंट, रिटायर्ड पर्सन कमाए ( 21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नाम पता Whatsapp करें 9631550466.(आरो-6620)

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (HEAD OFFICE) हेतु सीधी भर्ती (पक्की परमानेंट नौकरी) तुरंत ट्रेनिंग शुरू अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) सैलरी (34900- 81300) ग्राउंड स्टाफ, सुपरवाइजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, चेकर, हेल्पर, गार्ड, ड्राइवर (फ्री रहना +खाना +मेडिकल) रायपुर संपर्क:- 8882895824.(आरो-2303)

## Education शिक्षण

**फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार-** ओपन प्राईवेट द्वारा 10वीं,12वीं निश्चित सफलता के साथ पास करें B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC,MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLYTECHNIC, B.Tech,(* अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करें*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क:- Bharti Education Academy , Sector-6 Bhilai Mo.- 9826196515, 9826896515.(आरो न.-6308)

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोना पत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर 9993444253, 8359913999, रायगढ़- 7869755871.(आरो-2284)

## Property प्रापर्टी

### वाहन

**वाहन बेचना है-** 12 चक्का टाटा हाइवा 2021 मॉडल डबल क्राउन उल्टी कमानी 70-80% टायर बेचना है टोटल 20 गाड़ी लेने के लिए सम्पर्क करें- 9827125712, 7000459189.(आरो-32154)

### प्लाट

**प्लॉट उपलब्ध है-** प्रापट्री ही प्रापट्री रायपुर दीनदयाल उपाध्याय नगर (डी.डी.यू नगर) डी.मार्ट के पास रिंग रोड़ से मात्र 100 मीटर अन्दर आवासी लेआऊट डायवर्टेड प्लाट उपलब्ध है। आपके लिए केवल आपके लिए। मों.- 8839770040, 8889303077. (आरो-1034)

## For Rent किराया

**किराये से देना है-** किराए से देना है भाटागांव कठाडीह रोड पर बी जी आर पेट्रोल पंप के सामने 4000 फूट का शेड + खुली जमीन सहित ,किराए से देना है, संपर्क करे 7974100341. (आरो-382)

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152






15 dec bb full page 1 FINAL_Layout 1 12/14/2023 8:29 PM Page 1



रोचक



बच्चों, पिछले अंक में हमने तुम्हें देश भर के रंग-बिरंगे विंटर फेस्टिवल्स के बारे में बताया था। इस बार हम तुम्हें विदेशों में होने वाले तीन अनोखे विंटर फेस्टिवल्स के बारे में बता रहे हैं।

# अजब-गजब विंटर फेस्टिवल्स

## जुब्लजाना ड्रैगन कार्निवल, स्लोवेनिया

**विंटर सीजन** में यूरोप महाद्वीप के एक देश स्लोवेनिया की राजधानी जुब्लजाना में जुब्लजाना ड्रैगन कार्निवल आयोजित किया जाता है। यह फेस्टिवल पूरे यूरोप महाद्वीप में सबसे अनोखे विंटर कार्निवल फेस्टिवल्स में से एक माना जाता है। कार्निवल में लोग अनोखी वेशभूषा पहनते हैं। कार्निवल में एक ग्रीन ड्रैगन के पुतले का खास अट्रैक्शन होता है। इसे राजधानी जुब्लजाना का प्रतीक चिन्ह भी माना जाता है। कार्निवल के दौरान चारों ओर बहुत रंग-बिरंग माहौल हो जाता है। इस बार के जाड़े में यह फेस्टिवल अगले साल 6 से 16 फरवरी के बीच आयोजित होगा। *

## ह्वाचेओन सांचेओनियो आइस फेस्टिवल, साउथ कोरिया





**बच्चों, साउथ** कोरिया में विंटर फेस्टिवल बहुत हटकर सेलिब्रेट किया जाता है। यहां हर साल जनवरी-फरवरी में ह्वाचेओन सांचेओनियो आइस फेस्टिवल आयोजित होता है। यह दुनिया में बहुत ही यूनीक विंटर फेस्टिवल है और दक्षिण कोरिया के नागरिकों के बीच बहुत पॉपुलर है। यह विंटर फेस्टिवल कड़ाके की ठंड में मछली पकड़ने का फेस्टिवल है। विंटर फेस्टिवल दक्षिण कोरिया के गैंगवॉन डो नामक स्थान पर ह्वाचेओन रिवरसाइड पर आयोजित किया जाता है। पूरे साउथ कोरिया से यहां आने वाले पर्यटक ठंड की वजह से जमी हुई ह्वाचेओन नदी में मछलियां पकड़ते हैं। मछली पकड़ने के लिए जमी हुई नदी की ऊपरी परत में छेद किया जाता है। तुम्हें जानकर हैरानी होगी कि नदी में ग्यारह हजार से ज्यादा छेद किए जाते हैं। बच्चों, मछली पकड़ने के लिए लोग कतार में बैठकर अपने साथ लाए उपकरणों से घंटों तक मछली पकड़ने की कोशिश करते हैं। इस फेस्टिवल में लाखों की संख्या में लोग भाग लेते हैं। जमी हुई नदी पर दूर दूर तक लोगों की भीड़ दिखाई देती है। इस फेस्टिवल में बच्चे भी मछली पकड़ते हैं। फेस्टिवल में एक अनूठी प्रतियोगिता भी आयोजित होती है, जिसमें प्रतियोगियों को बर्फीले पानी में नंगे हाथों से मछली पकड़नी होती है। इसके लिए जमी हुई नदी में एक जगह बड़ा-सा गोल आकार का गड्ढा किया जाता है। फिर कई सारे प्रतियोगी इसी छेद में हाथ डालकर मछली पकड़ने की कोशिश करते हैं। मछली पकड़ने के अलावा फेस्टिवल में मनोरंजन के लिए कई और आइस स्पोर्ट्स खेले जाते हैं। इस बार यह फेस्टिवल 6 से 28 जनवरी 2024 को आयोजित होगा। *

## एम्स्टर्डम लाइट फेस्टिवल, नीदरलैंड्स






**नीदरलैंड्स की** राजधानी एम्स्टर्डम में सर्दी के मौसम में दुनिया का सबसे अनोखा लाइट फेस्टिवल आयोजित होता है। इस अनोखे लाइट फेस्टिवल की शुरुआत साल 2012 में हुई थी। यह फेस्टिवल सर्दियों की अंधेरी रातों में एम्स्टर्डम नहर के किनारे आयोजित होता है। पिछले महीने 30 नवंबर से शुरू हो चुका यह लाइट फेस्टिवल अगले साल 21 जनवरी को समाप्त होगा। एम्स्टर्डम लाइट फेस्टिवल का हर साल एक स्पेशल सब्जेक्ट होता है, इस साल का विषय 'आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' है। लाइट फेस्टिवल में इस बार कुल 24 कलाकृतियां प्रदर्शित की गई हैं। सारी कलाकृतियां खुले आसमान के नीचे शहरों के बीच से बहने वालीं नहरों के किनारे और पानी की सतह के ऊपर निर्मित की जाती हैं। इन कलाकृतियों को देखने के लिए कोई टिकट नहीं लेना पड़ता है। इस बार भी कई ऐसी अनोखी कलाकृतियां बनाई गई हैं, जिनको देखकर तुम्हें आश्चर्य होगा। जैसे- बात करने वाले लैंप, आभासी पुल, पानी में फोन इस्तेमाल करते सफेद रोशनी में चमकते पांच इंसान, पानी में खड़ा मेंटल वाला रोबोट जिसके पीठ पर कई सारे घर बने हैं, रंग-बिरंगी रोशनी से बना इंसानी चेहरा आदि। *

प्रस्तुति : देवेंद्र पांडे

# किसने बनवाया था टॉवर ऑफ लंदन

जानकारी




**ब**च्चों, टॉवर ऑफ लंदन, यूनाइटेड किंगडम (ब्रिटेन) की राजधानी लंदन के बीच से बहने वाली टेम्स नदी के किनारे बना एक भव्य किला है। इसको सन् 1078 में विलियम द कांकरर ने बनवाया था। इस परिसर में शाही महल के अलावा और भी कई भव्य इमारतें हैं। इसका निर्माण करने के लिए फ्रांस देश से पत्थर मंगाए गए थे। यहां राजसी बंदियों के लिए कारागार भी था। इस किले की एक विशेषता यह है कि यहां बड़ी संख्या में काले कौवे रहते हैं। किंवदंती है कि जिस दिन ये कौवे टॉवर ऑफ लंदन छोड़कर चले जाएंगे, तभी यहां राजशाही समाप्त हो जाएगी। हालांकि अब इस किले में राजपरिवार नहीं रहता है, लेकिन शाही जवाहरात इसमें सुरक्षित हैं, जिनमें मशहूर कोहिनूर हीरा भी शामिल है। *

प्रस्तुति : एफएमएन

क्या तुम जानते हो

# कैसे हुई अंतरिक्ष की खोज



गैलीलियो गैलिली | निकोलस कोपर्निकस

**आ**ज से लगभग 1,825 वर्ष पूर्व लिखी गई पुस्तक 'सच्चा इतिहास' में अंतरिक्ष यात्रा के बारे में वर्णन मिलता है। इसके लेखक थे यूनान के लूशियन। लेकिन इसमें अंतरिक्ष यात्रा का विषय एक व्यंग्य के रूप में दिया गया था, जो तत्कालीन राज्य के दोषों को उजागर करता था। इसमें चंद्रलोक और सूर्यलोक का दिलचस्प वर्णन है। फिर पोलैंड के खगोलशास्त्री निकोलस कोपर्निकस ने अपने तथ्यों के आधार पर बताया कि सूर्य, सौर-परिवार के केंद्र में है और पृथ्वी एक ग्रह है। फिर गैलीलियो गैलिली ने सन् 1610 में एक दूरदर्शी यंत्र का आविष्कार करके अंतरिक्ष के नजारों को बहुत निकट से देखने का प्रयास किया। उन्होंने चंद्रमा की सतह पर ऐसे दृश्य देखे, जो इससे पहले किसी ने नहीं देखे थे। दूरबीन की सहायता से अंतरिक्ष में झांकने वाले वे पहले वैज्ञानिक थे। इसके बाद तो अंतरिक्ष के बारे में नई-नई खोज शुरू हुई और आज भी अंतरिक्ष से जुड़े राज सामने आ रहे हैं। *

-एफएमएन

# बूझो तो जानें



1
धरती से निकली बाहर,
बंद रही काठ सदन में।
गरीबों का बादाम हूं,
बसी सभी के ही मन में।

2
आसाम-बंगाल वासी,
घर-घर में पी जाती।
श्याम वर्ण है मेरा पर,
सबको मैं खूब लुभाती।

3
गन्ने के रस से बनता हूं,
लेकिन रंग अलग है।
सर्दियों का मिष्ठान मैं,
मेरा ढंग अलग है।

4
सर्दी के आते ही मैं,
स्नानघर का वीर।
दीवार पर लटका रहूं,
गर्म करता हूं नीर।

-गोविंद भारद्वाज

उत्तर- 1-मूंगफली, 2-चाय, 3-गुड़, 4-गीजर

कविता / डॉ. राकेश चक्र

# मम्मा इत्ते छोटे दिन



सूरज लगता बाल सुमन।
जगकर प्रातः करें नमन।।
नरम धूप सूरज की भइया
ता-ता-ता-ता थय्यक-थइया।।
बैठ धूप में मम्मा सुन।
सूरज लगता बाल सुमन।।
शाम गुलाबी, सुबह ठिठुरती।
रात की रानी खूब महकती।
हरसिंगार महक गुनगुन।
सूरज लगता बाल सुमन।।
शीत सताए हवा ठुमकती।
बदरा बिजली कभी चमकती।
गाल गुलाबी, शीतल तन।
सूरज लगता बाल सुमन।।
कभी कुहासा, कभी उजाला।
धूप विटामिन डी का प्याला।
ओढ़ रजाई भरता मन।
सूरज लगता बाल सुमन।।
महक मोगरा मन है हरती।
चांद चांदनी खूब दमकती।
मम्मा इत्ते छोटे दिन।
सूरज लगता बाल सुमन।।

# हंसगुल्ले



रिंकू से टिंकू-तुम्हारी बेतुकी बातों से मेरा दिमाग खराब हो गया है। मैं तुम्हारे घर आ रहा हूं।
रिंकू-अरे! तब तुम मेरे घर नहीं, मेरे मामा जी के घर जाओ।
टिंकू- क्यों?
रिंकू- क्योंकि वो दिमाग के डॉक्टर हैं।
-संगीता, रायपुर

रोहन- क्या जुबान के भी पैर होते हैं?
सोहन- नहीं।
रोहन- फिर मम्मी क्यों कहती है कि तेरी जुबान दिन भर चलती रहती है?
- उमेश, जबलपुर

डॉक्टर- मिक्की, इस दवाई को दिन में चार चम्मच लेना।
मिक्की- फिर तो डॉक्टर अंकल मैं यह दवा नहीं पी पाऊंगी।
डॉक्टर- वो क्यों?
मिक्की- मेरे घर में तो सिर्फ दो चम्मच ही हैं।
-कविता, दुर्ग

# जीके क्विज-84



1. हाल में मिजोरम का नया मुख्यमंत्री कौन बना है?
2. गरबा नृत्य किस राज्य का प्रसिद्ध लोकनृत्य है?
3. सहारा रेगिस्तान किस महाद्वीप में स्थित है?
4. प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय गणित दिवस कब मनाया जाता है?
5. इंसानों के अलावा वह कौन-सा जानवर है, जो केला छीलकर खाता है?
6. किस शहर को संतरे के शहर के नाम से भी जाना जाता है?
7. सौरमंडल में सूरज से सबसे दूरी पर कौन-सा ग्रह स्थित है?
8. किस पक्षी के उड़ने की आवाज बिल्कुल भी नहीं आती है?
9. यूक्रेन की राजधानी का क्या नाम है?
10. मैदानी हॉकी खेल में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?

**बच्चों, जीके क्विज-84 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-83 का उत्तर :** 1-गुरुग्राम, 2-मिचौंग चक्रवात, 3-भालू, 4-23 दिसंबर, 5-दरियाई घोड़ा, 6-उदयपुर, 7-शनि ग्रह, 8-पांच आंखें, 9-कंगारू, 10-सात खिलाड़ी

**जीके क्विज-83 का सही उत्तर देने वाले :** रोशन-धमतरी, पारुल-रायपुर, पुष्पिका-सूरजपुर, चेतन-दल्ली राजहरा, मारुति-बिलासपुर, प्रियंका-रोहतक, रजित-बिलासपुर, सुरेश-जबलपुर, विक्की-भोपाल, गौरव-डाबोदा कलां

कहानी

अशोक जोशी

मीनू अपनी चीजें शेयर क्या, किसी को छूने भी नहीं देती। एक दिन वह अपना पसंदीदा स्वेटर पहन कर बुके खरीदने गई। बुके की दुकान पर जब मीनू ने दुकान वाले की लड़की को ठिठुरती सर्दी में बिना किसी गर्म कपड़े के देखा तो वह बहुत दुखी हो गई। इसके बाद उसने जो किया, वह एक अनहोनी बात थी।

# मीनू का प्यारा स्वेटर



**घ**र में सबसे छोटी होने के कारण सभी मीनू से बहुत प्यार करते हैं। लाड़-प्यार में पली-बढ़ी मीनू थोड़ी जिद्दी है। उसमें एक आदत अच्छी है कि वह अपनी चीजों को बहुत सहेज कर रखती है। लेकिन वह अपनी चीजों को किसी को उपयोग करना तो दूर, छूने तक नहीं देती। रात को जब अचानक तेज बारिश के बाद सर्दी बढ़ी तो उसने अपना वह स्वेटर निकाल लिया, जो उसके पापा खासतौर पर उसके लिए पेरिस से लेकर आए थे।

मीनू को इस स्वेटर से बहुत प्यार था। किसी को भी इस स्वेटर पर हाथ लगाने नहीं देती थी। आज उसे अपनी दोस्त रितु के जन्मदिन पर जाना था। उसके पापा अपनी कंपनी की कॉन्फ्रेंस में लंदन गए हुए थे। उसने किसी तरह अपनी मम्मी को राजी कर लिया कि वह शाम को उसके साथ रितु के घर चलें। मम्मी भी मान गईं, क्योंकि रितु की मम्मी शालिनी उनकी सहेली थीं। शाम को मीनू तैयार हो गई। उसने अपना प्यारा स्वेटर पहना। उस स्वेटर में मीनू एकदम परी जैसी लग रही थी। मम्मी ने रितु को देने के लिए गिफ्ट को पैक करवा कर रख लिया था। दोनों कार में बैठकर निकल पड़े। बाहर कंपकंपाने वाली ठंड थी। मम्मी ने ड्राइवर को गाड़ी का ब्लोअर चालू करने को कहा। तभी मीनू को याद आया, वह बोली, 'अरे मम्मी! आप भूल गईं कि हमें रितु के लिए बुके भी लेना है?'

'अरे हां..! भैया, आप गाड़ी एमजी रोड से ले लीजिए। वहां से बुके ले लेते हैं।' मम्मी ने ड्राइवर से कहा। ड्राइवर ने एमजी रोड पर फुटपाथ पर एक बुके की दुकान के सामने कार रोकी। मम्मी ने मीनू से कहा, 'मैं बुके लेकर आती हूं। बाहर बहुत सर्दी है, तुम कार में ही बैठी रहो।'

'नहीं मम्मी, अपनी फ्रेंड के लिए तो मैं ही बुके पसंद करूंगी।' मीनू बोली।

'ठीक है आ जाओ।' मम्मी मान गईं।

दोनों बुके की दुकान पर पहुंचे। मीनू ने देखा दुकान पर बुके वाले की उसकी हमउम्र बेटी भी खड़ी थी। वह ठंड से कांप रही थी। मीनू उससे बोली, 'क्यों स्वेटर नहीं पहना? सर्दी लग जाएगी तो?'

'मेरे पास स्वेटर नहीं है।' वह बोली। मीनू को उस पर दया आ गई। उसने चुपचाप बुके पसंद किया और मम्मी के साथ आकर कार में बैठ गई। उसके सामने बुके वाले की लड़की का सर्दी से कांपता चेहरा घूम रहा था। मीनू ने मम्मी से पूछा, 'क्या हम उसकी मदद नहीं कर सकते?'

'जरूरतमंदों की मदद करना अच्छी बात है बेटा, लेकिन इस समय हमारे पास कार में दूसरा कोई गरम कपड़ा भी नहीं है।'

'लेकिन देखो ना मम्मी, वह लड़की ठंड में कैसे कांप रही है।' मीनू बड़े ही दुखी मन से बोली। उसने मम्मी से पूछा, 'मैं क्या अपना यह पहना स्वेटर उस लड़की को दे सकती हूं?'

'लेकिन यह स्वेटर तो तुम्हें सबसे प्यारा लगता है।' मम्मी बोलीं।

'तो क्या हुआ? हम दूसरा स्वेटर भी तो खरीद सकते हैं। उस बेचारी के पास तो इस कड़ी सर्दी में कोई गरम कपड़ा नहीं है। अभी-अभी आपने ही तो कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना अच्छी बात है।' मीनू मासूमियत से बोली।

'यह तुम्हारा स्वेटर है। यदि तुम चाहो तो दे सकती हो।' मम्मी ने कहा।

मीनू तुरंत कार से उतर कर मम्मी के साथ बुके वाले की दुकान पर गई। उसने अपना स्वेटर ठंड से कांपती लड़की को दे दिया। उसके चेहरे पर खुशी के भाव देखकर मीनू को बहुत अच्छा लगा। इसके बाद उसने रितु की बर्थ-डे पार्टी में ऐसी मस्ती की कि उसकी सारी ठंड हवा हो गई।

अगले सप्ताह मीनू के पापा लंदन से लौट आए। उसने पूछा, 'पापा, मेरे लिए क्या लाए हैं?' 'वही जो तुमने लाने को कहा था और अपनी लाडली बेटी के लिए एक चीज और खास लाया हूं।' पापा उसके सिर पर प्यार से हाथ फेरते हुए बोले। 'वह क्या?' मीनू ने उत्सुकता से पूछा।

'दो नए स्वेटर, जो पहले से भी ज्यादा गरम और नरम हैं।' कहते हुए उन्होंने मीनू के हाथों में दो स्वेटर रख दिए।

'लेकिन दो क्यों?' मीनू ने आश्चर्य से पूछा।

'ताकि हमारी बेटी किसी जरूरतमंद की मदद कर सके और खुद भी स्वेटर पहन सके। मुझे तुम्हारी मम्मी ने बता दिया था कि तुमने किस तरह से उस बुके वाले की लड़की को अपना स्वेटर दे दिया था। आइ एम प्राउड ऑफ यू माय लिटिल डार्लिंग!' कहते हुए पापा ने मीनू का माथा चूम लिया। *

छोटी कहानी / ललित शौर्य

# अनोखा उपहार

**मि**स्टर डिसूजा अब बूढ़े हो गए हैं। उनकी उम्र लगभग 75 साल के आस-पास हो गई होगी। मोहल्ले के बच्चे और बड़े उन्हें सांता बाबा के नाम से पुकारते हैं, क्योंकि वह पिछले कई वर्षों से क्रिसमस के समय सांता क्लॉज बनकर मोहल्ले में बच्चों को टॉफी, बिस्कुट और गर्म कपड़े उपहार के रूप में बांटते हैं। मिस्टर डिसूजा अकेले रहते हैं। उन्होंने शादी नहीं की है।



इधर पिछले कुछ दिनों से मिस्टर डिसूजा बीमार हैं। क्रिसमस नजदीक था। उनके मन में यही चल रहा था कि इस बार वह बच्चों को कैसे उपहार बांटेंगे? उन्हें तो इतनी तकलीफ है कि बिस्तर से उठ भी नहीं सकते। मोहल्ले में यह बात सबको पता हो गई थी कि मिस्टर डिसूजा बीमार चल रहे हैं। यह सुनकर ओजस ने अपने साथियों से बात की, 'तुम सबको पता होगा, मिस्टर डिसूजा यानी हमारे मोहल्ले के सांता बाबा बीमार हैं। वह बिस्तर से उठ भी नहीं पा रहे हैं। हमें उनके लिए कुछ करना चाहिए।' ओजस की इस बात पर सभी बच्चे बोले, 'हम क्या कर सकते हैं ओजस, हमें बताओ? तुम जो कहोगे, हम सब करने को तैयार हैं।' 'मिस्टर डिसूजा हर साल सांता क्लॉज बनकर हम सबको उपहार देते हैं। इस बार हम उन्हें सेवा का उपहार देंगे। जब तक वह ठीक नहीं हो जाते, हम सब उनकी सेवा करेंगे। उनके लिए हम अपने घर से खाना लेकर जाएंगे। उनके लिए जूस और फल भी ले जाएंगे।' ओजस ने दोस्तों से कहा।

अगले दिन से ही सभी बच्चे सांता बाबा की सेवा में लग गए। बच्चों की सेवा-भाव और प्रेम पाकर सांता बाबा 25 दिसंबर से पहले ही ठीक हो गए। उन्होंने बच्चों से कहा, 'तुम सब ने मेरी जो सेवा की, उसी का परिणाम है कि मैं अब स्वस्थ हो गया हूं। अब क्रिसमस के दिन मेरे घर पर बड़ी पार्टी होगी। तुम सबने तो क्रिसमस से पहले ही मुझे बहुत अनोखा सा उपहार दे दिया है। अब मेरी बारी है, तुम सब को उपहार देने की।'

बच्चे यह सुनकर बहुत खुश हुए कि हर बार की तरह इस बार भी उन्हें क्रिसमस पर मिस्टर डिसूजा के हाथों उपहार मिलेंगे। *

# अंतर बताओ

बच्चों, यहां स्कीइंग करते हुए बच्चे के एक समान दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। दोनों चित्रों में 10 अंतर हैं। पांच मिनट में सभी अंतर ढूंढकर बताओ तो जरा।



# चित्र पूरा करो

यहां पर बर्फबारी में मस्ती करते बच्चों का एक अधूरा चित्र दिया गया है। चित्र को पूरा करने के लिए साइड में चार कटआउट्स रखे हैं। जल्दी से सारे कटआउट्स को सही जगह पर लगाकर चित्र पूरा करो।




उत्तर : A-1, B-2, C-4, D-3

15122023-Cit-09_Layout 1 14-12-2023 12:25 Page 1



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिखर सम्मेलन में बोले प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री चंद्रशेखर

# एआई के भविष्य पर सभी देशों ने मिलाया हाथ, भारत की महत्वपूर्ण भूमिका

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली

देश की राजधानी नई दिल्ली में 12 दिसंबर से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिखर सम्मेलन 2023 चल रहा है। इस सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की सभी जनता को इनवाइट किया था। 14 दिसंबर को सम्मेलन का आखिरी दिन था। सम्मेलन के बाद केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि एआई के लिए भविष्य को निर्धारित करने के लिए सभी देशों ने एक साथ मिलकर काम करने की समहति जताई है।

उन्होंने कहा कि सभी देशों ने निर्णय लिया कि एआई का भविष्य समावेशी होना चाहिए, इसे किसी एक या देश पर नहीं छोड़ा जाना चाहिए। अकेले एक या दो देश मिलकर एआई के भविष्य को आकार नहीं दे सकते। आप एक्सपो में देख सकते हैं भारत से सैकड़ों स्टार्टअप हैं जो पहले से ही दुनिया को यह बता रहा है कि भारतीय एआई कितना परिपक्व है। एआई के भविष्य को एक आकार देने में भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

देश की राजधानी नई दिल्ली मे 12 दिसंबर से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिखर सम्मेलन 2023 चल रहा है। इस सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी देशों को इनवाइट किया था। 14 दिसंबर को सम्मेलन का आखिरी दिन था।

**खास बातें**
- भारत में तेजी से विकसित हो रहा एआई स्टार्टअप
- एआई समिट में 27 देशों ने हिस्सा लिया
- 150 से अधिक स्पीकर्स ने रखे अपने विचार

सभी देशों का निर्णयः एआई का भविष्य समावेशी हो


एक या दो देश एआई के भविष्य को आकार नहीं दे सकते



**पीएम ने दिया था सभी को आमंत्रण**

बता दें कि 8 दिसंबर को ही पीएम मोदी ने इस सम्मेलन के बारे में जानकारी देते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था और लोगों को इनवाइट किया था। इस एआई समिट में दुनिया के करीब 27 देशों ने हिस्सा लिया था। इसके अलावा इसमें 150 से अधिक स्पीकर्स ने अपने विचार साझा किए हैं। इस इवेंट में 150 से अधिक एआई स्टार्टअप भी शामिल हुए हैं और एआई प्रोडक्ट का एक्सपो भी हुआ है।

## एआई की चुनौतियां गंभीर, अंतरराष्ट्रीय संधि जरूरीः पोप



लंदन। बदलते दौर के साथ अत्याधुनिक तकनीक अपने साथ कई खतरे लेकर भी आती है। डीपफेक जैसी तकनीक का शिकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसी शख्सियत भी हो चुकी है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) भी मानवता के लिए बड़ा खतरा बनकर उभर रही है। तकनीकी चुनौतियों की गंभीरता को देखते हुए ताजा घटनाक्रम में पोप फ्रांसिस ने विश्व शांति दिवस के लिए अपना वार्षिक संदेश जारी किया है। उन्होंने कृत्रिम बुद्धिमत्ता को विनियमित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय संधि का आह्वान किया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसी तकनीक में आए दिन हो रहे बदलाव और विकास के बीच पोप फ्रांसिस ने इस तकनीक के नैतिक उपयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा, करुणा, दया, नैतिकता और क्षमा जैसे मानवीय मूल्य कम होते जा रहे हैं। पोप ने एआई के इस्तेमाल के दौरान मौलिक मानवाधिकारों की गारंटी, शांति को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने गलत सूचना फैलाने की साजिश, भेदभाव को बढ़ावा के साथ-साथ सूचना, तस्वीरों को गलत तरीके से पेश करने की प्रवृत्ति को सबसे महत्वपूर्ण चिंता करार दिया।

### अत्याधुनिक सिस्टम का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा

बता दें कि आईटी वर्ल्ड में ओपनएआई के चैटजीपीटी जैसे अत्याधुनिक सिस्टम का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। पिछले साल से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तरफ भी दुनिया तेजी से खिंची जा रही है। इन तकनीकों का इस्तेमाल करने वाले यूजर्स लोगों की तस्वीरों के अलावा टेक्स्ट और गानों के नए वर्जन से दुनिया को चौंका रहे हैं। हालांकि, ऐसी तकनीकों को नौकरियों, गोपनीयता और कॉपीराइट के साथ-साथ मानव जीवन के लिए भी बेहद खतरनाक माना जा रहा है। लोगों के मन में आशंकाएं लगातार बढ़ रही हैं।

## नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

मुंबई। मुंबई संचालित ठग गिरोह के मुख्य आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया है, जो सैकड़ों बेरोजगार युवाओं को विदेश में नौकरी का झांसा देकर ठगी करता था। इसके साथ ही पश्चिम बंगाल से हिरासत में युवक के सहयोगी को भी गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी के आवास पर तलाशी के दौरान नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों के 482 पासपोर्ट बरामद किए, जिससे अब तक जब्त किए गए ऐसे यात्रा दस्तावेजों की संख्या 544 हो गई है। उन्होंने कहा कि मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने मुख्य आरोपी, पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना के निवासी पतित पावन पुनिन हलदर (36) और उसके सहयोगी मोहम्मद इलियास शेख मंसुरी (49) को गिरफ्तार कर लिया है, जो उस राज्य के कमरहाटी के मूल निवासी हैं। इसके साथ ही मुंबई पुलिस इस मामले में अब तक सात आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

### अब तक 544 पासपोर्ट जब्त

अधिकारी ने कहा, विशिष्ट जानकारी के आधार पर अपराध शाखा की यूनिट-5 ने पश्चिम बंगाल में जाल बिछाया और दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि जांच टीम ने हलदर के आवास से नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों के 482 पासपोर्ट भी बरामद किए। पुलिस ने अब तक 544 पासपोर्ट बरामद किए हैं और 23 बैंक खाते जब्त किए हैं, जिनका इस्तेमाल वित्तीय लेनदेन के लिए किया गया था।

## सोशल इंजीनियरिंग पर भी बात करें डिजिटल धोखाधड़ी का समाधान हो

एजेंसी ⏩ नई दिल्ली



वरिष्ठ कांग्रेस नेता और सांसद राजीव शुक्ला ने बुधवार को राज्यसभा में उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के चेयरमैन जगदीप धनखड़ से चुटकी ली।

शुक्ला ने धनखड़ से कहा कि सारी मलाई तो आप ही खा रहे हैं। इस बात पर उपराष्ट्रपति मुस्कुराते नजर आए। शुक्ला ने राज्यसभा में सोशल मीडिया के जरिए किए जा रहे डिजिटल धोखाधड़ी का मुद्दा उठाया था। धनखड़ ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, आप जरा सोशल इंजीनियरिंग पर भी बात कीजिए, जिससे डिजिटल धोखाधड़ी से निपटा जा सके।

शुक्ला ने अपना वक्तव्य खत्म करने से पहले धनखड़ को सोशल इंजीनियरिंग वाली बात पर जवाब दिया। शुक्ला ने कहा सभापति जी ने सोशल इंजीनियरिंग की बात की। सोशल इंजीनियरिंग का इनसे बड़ा उदाहरण कौन हो सकता है? राजस्थान के जाट होने के बावजूद उपराष्ट्रपति हो गए। सोशल इंजीनियरिंग की। दूसरी कौन खा रहा है? उपराष्ट्रपति तक कोई पहुंचा वहां से? माननीय मिर्धा जी डिप्टी चेयरमैन तक पहुंचे थे। आप से अच्छा उदाहरण और कौन हो सकता है।

**राज्यसभा में कांग्रेस सांसद शुक्ला ने ली चुटकी तो अध्यक्ष धनखड़ ने दिया जवाब**

### तिवारी बोलेः इसे अन्यथा ही लें तो ठीक रहेगा

धनखड़ ने मुस्कुराते हुए कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी को कहा कि मैं आपको राजस्थान का ही मानता हूं। आप वहीं से चुनकर आए हैं। आप कुछ कहना चाहेंगे, मुझ पर मक्खन खाने का आरोप लगा है। मुझे लगता है प्रमोद तिवारी जी मुझे प्रोटेक्शन देंगे। उपराष्ट्रपति की बात सुनकर प्रमोद तिवारी खड़े हुए और सम्मानपूर्वक कहा कि सर इस बात को अन्यथा ही लिया जाए तो ठीक रहेगा।

### हीरे के पारखी तो नरेंद्र मोदी थे...

शुक्ला की बात सुनकर धनखड़ हंसते रहे। इतने में भाजपा सांसद घनश्याम तिवाड़ी खड़े हुए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लीडरशिप की तारीफ करते हुए कहा कि हीरे के पारखी तो नरेंद्र मोदी थे, जिन्होंने आपको यहां पर बैठा दिया। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि आप शेखावाटी के हैं और यहां तक पहुंच गए हैं।

### राज्यसभा में इंडिया गठबंधन ने किया वॉक आउट

इस दौरान विपक्षी दल यह विषय भी उठा सकते हैं कि संसद में घुसने वाले दोनों युवकों के लिए पास की व्यवस्था भाजपा के कर्नाटक से सांसद प्रताप सिम्हा द्वारा की गई थी। लोकसभा स्पीकर से विपक्षी दलों ने डिमांड की है कि वो गृह मंत्रालय से संसद की सिक्योरिटी को रिव्यू करने के लिए कहें और सिम्हा के खिलाफ एक्शन लें।गृह मंत्री द्वारा इस मसले पर जवाब की मांग न माने जाने पर राज्यसभा में विपक्षी इंडि?आ गठबंधन के सांसदों ने विरोध में वॉक आउट किया। खबर है गुरुवार को सभी दलों के नेता राज्यसभा सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे के चेंबर में मिलेंगे और अपनी रणनीति तैयार करेंगे। वह इस मसले पर राष्ट्रपति से मिलने पर भी विचार कर रहे हैं। खरगे ने कहा कि हम डिमांड करते हैं कि होम मिनिस्टर दोनों सदनों में आकर इस विषय पर जवाब दें। सवाल यह है कि दोनों युवक इतनी सुरक्षा के बीच अंदर कैसे आए और वहां कनस्तर से गैस छोड़ दी।

## सैन्य जुंटा और विद्रोहियों के बीच में बातचीत, चीन सरकार बनी मध्यस्थ

रंगून। म्यांमार में चल रहे गृहयुद्ध के बीच चीन की सरकार ऐक्शन में आ गई है। म्यांमार की सेना ने विद्रोही गठबंधन थ्री ब्रदरहूड अलायंस के साथ बातचीत की है। इस बातचीत में चीन ने मध्यस्थ की भूमिका निभाई है। म्यांमार में यह बातचीत तब शुरू हुई है जब विद्रोहियों और सेना के बीच भीषण लड़ाई चल रही है और देश के टुकड़ों में बंटने का खतरा पैदा हो गया है। चीन की सीमा पर म्यांमार की सेना के बम गिराने के बाद पीएलए ने अपनी तोपों को तैनात किया है। यही नहीं म्यांमार को भारतीय सीमा को जोड़ने वाले एक रास्ते पर भी विद्रोहियों ने कब्जा कर लिया है। थ्री ब्रदरहूड अलायंस के अंदर अराकान आर्मी, म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस आर्मी और तांग नेशनल लिबरेशन आर्मी शामिल हैं। ये सभी गुट गत 27 अक्टूबर से ही म्यांमार की सेना पर भीषण हमले कर रहे हैं। इससे म्यांमार पर शासन कर रहे सैन्य जुंटा के लिए बड़ी चुनौती पैदा हो गई है।

## मैदान-ए-जंग में डटे हैं दो लाख 44 हजार रूसी सैनिक

मॉस्को। पिछले 22 महीनों से रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इस युद्ध को सैन्य कार्रवाई करार दिया है। युद्ध की वजह से दोनों देशों को भारी नुकसान पहुंचा है। इसी बीच राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को कहा कि 2,44,000 रूसी सैनिक वर्तमान में यूक्रेन के खिलाफ मैदान-ए-जंग में डटे हैं।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर
NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY RAIPUR
(An Institute of National Importance)
G.E. Road, Raipur - 492010 (CG)
Phone: (0771) 225 4200
Fax: (0771) 225 46 00
Email: director.nitrr@rediffmail.com
Website: www.nitrr.ac.in

No./NITRR/EE/E.O./Advt./2023/9445 Raipur, Dated : 13/12/2023

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर सिविल कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित करता है जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

1. Construction work of Chemistry Lab and Physics Lab at the Cycle Stand ground of the Institute at NIT Campus Raipur. (First call)
Enquiry No.: NITRR/EE/EO/ETender/2023/0192 Raipur, Dated: 11-12-2023.
2. Construction of two large rooms for academic purposes at the space adjacent to Makerspace of NIT Raipur. (First call)
Enquiry No.: NITRR/EE/EO/ETender/2023/0193 Raipur, Dated: 12-12-2023.

जो की ई-निविदा के माध्यम से www.tenderwizard.com/NITR पोर्टल पर करना है। निविदा जमा करने कि अंतिम तिथि 06/01/2024, 18:00 बजे तक व निविदा खुलने की तिथि 08/01/2024, 16:00 बजे। फॉर्म व अन्य जानकारियाँ वेबसाइट www.nitrr.ac.in व www.tenderwizard.com/NITR से डाउनलोड की जा सकती है।

-सही-
कुलसचिव
राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर
ASA

कार्यालय पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,जिला बलौदाबाजार-भाटा.,छ.ग.

।। नीलामी विज्ञप्ति ।।

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के विभिन्न थाना / चौकी के आबकारी एक्ट एवं छ.ग. पशु परिरक्षण अधिनियम में जप्त बाद राजसात किये गये दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों की खुली बोली प्रकिया के तहत नीलामी किया जाना है। नीलामी पुलिस लाईन बलौदाबाजार के परेड ग्राऊण्ड में नीलामी दिनांक 20.12.2023 दिन बुधवार को सुबह 11.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक नियत की गयी है। इच्छुक क्रेता वाहन के लिये नियम एवं शर्तें अनुसार दोपहिया वाहन हेतु 1000.00 रूपयें एवं चार पहिया वाहन के लिए 2000.00 रूपये का बैंक ड्राफ्ट वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के नाम का बंद लिफाफा में नीलामी बोली में शामिल होने संबंधित वाहन का नम्बर/वाहन का प्रकार तथा अपना नाम, पता एवं मोबाईल नम्बर अंकित कर दिनांक 19.12.2023 के कार्यालयीन समय में पुलिस लाईन बलौदाबाजार में रक्षित निरीक्षक के समक्ष जमा करने उपरांत ही नीलामी बोली शामिल हो सकते है। वाहनों को नीलामी तिथि के पूर्व कार्यालयीन समय में पुलिस लाईन बलौदाबाजार के परेड ग्राऊण्ड में जाकर देख सकते है । नीलामी की अन्य शर्तें पुलिस लाईन बलौदाबाजार के नोटिस बोर्ड पर देखी व प्राप्त की जा सकती है।

पुलिस उप महानिरीक्षक,
एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
बलौदाबाजार-भाटापारा
G-06352/3

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH,
WATER RESOURCES DEPARTMENT
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER,
MAHANADI PROJECT, RAIPUR (CHHATTISGARH)

CORRIGENDUM NO.-1

In System Tender No. 148996, N.I.T. No. 25/SAC/2023-24, Raipur Dated: 03.10.2023 whose G-Number is 06003 Dtd. 05.10.2023, following amendment are made :-

| S.No. | Earlier Published | Amendments Now Read as |
|---|---|---|
| 1 | Bid Start Date and time: 10.10.2023, 17:31 Hours | Bid Start Date and time: 06.12.2023, 17:31 Hours |
| 2 | Bid Due Date and time: 25.10.2023, 17:30 Hours | Bid Due Date and time: 20.12.2023, 17:30 Hours |
| 3 | Bid Open Start Date and time: 26.10.2023, 11:30 Hours | Bid Open Start Date and time: 21.12.2023, 11:30 Hours |

Note:- All other terms and conditions will be remain and unchanged.

Executive Engineer
Water Management Division No.1, Raipur
For- Chief Engineer, Mahanadi Project
Raipur (C.G.)
G- 06333/1

छत्तीसगढ शासन वन विभाग सामान्य वन मंडल धरमजयगढ (छ.ग.)

नीलाम विज्ञापन

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि वन मंडल धरमजयगढ के काष्ठागार धरमजयगढ में उपलब्ध ईमारती, बांस एवं जलाऊ लकड़ी का दर्शित तिथि समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा नीलाम किया जावेगा ।

1. नीलाम स्थान - काष्ठागार धरमजयगढ 2. नीलाम दिनांक - 23.12.2023 3. नीलाम समय - प्रातः 09:00 बजे से प्रारंभ

| अ.क्र. | प्रजाति | नया वनोपज | | पुराना वनोपज | | योग वनोपज | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा घ.मी. में | बल्ली नग में | लट्ठा घ.मी. में | बल्ली नग में | लट्ठा घ.मी. में | बल्ली नग में |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | सागौन | 5.000 | 0 | 0.000 | 0 | 5.000 | 0 |
| 2 | साल | 1000.000 | 1500 | 1740.856 | 200 | 2740.856 | 1700 |
| 3 | बीजा | 10.000 | 0 | 49.600 | 0 | 59.600 | 0 |
| 4 | खम्हार | 5.000 | 0 | 0.000 | 0 | 5.000 | 0 |
| 5 | साजा | 25.000 | 150 | 33.771 | 0 | 58.771 | 150 |
| 6 | हल्दू | 0.000 | 0 | 4.298 | 0 | 4.298 | 0 |
| 7 | धावड़ा | 20.000 | 100 | 40.883 | 0 | 60.883 | 100 |
| 8 | सलिहा | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 |
| 9 | अन्य | 20.000 | 0 | 50.120 | 0 | 70.120 | 0 |
| 10 | आर.टी.एल | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 | 0.000 | 0 |
| | योग | 1085.000 | 1750 | 1919.528 | 200 | 3004.528 | 1950 |
| 11 | जलाऊ | 40 | चट्टा | 878 | चट्टा | 918 | चट्टा |
| 12 | औधोगिक बांस | 01 Miter | 0 | 01 Miter | 0 | 0 | नग |
| | | 02 Miter | 0 | 02 Miter | 0 | 0 | नग |
| 13 | व्यापारिक बांस | Nos | | 0 | 0 | 0 | नग |

अतः इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लेवें । नीलाम की शर्तें व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय में डिपो से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त मात्रा में कमी - अधिकता संभव है।

टीपः- क्रेता को पेन नम्बर एवं रजिस्ट्रेशन वर्ष 2023 की छाया प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है ।

वनमण्डलाधिकारी , धरमजयगढ़ वनमण्डल
G -06345/2

## महादेव ऐप प्रवर्तकों के अन्य कंपनियों के साथ लेनदेन की हो रही जांच

नागपुर। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बृहस्पतिवार को यहां विधानसभा को सूचित किया कि राज्य में कुछ वित्तीय व रियल एस्टेट कंपनियों और विवादास्पद महादेव सट्टेबाजी ऐप के प्रवर्तकों के बीच कथित अवैध लेनदेन की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। भाजपा विधायक ने पहले कहा था कि महादेव ऐप जैसे कई सट्टेबाजी ऐप देश भर में फैल गए हैं और इन मंचों पर आम लोगों से धोखाधड़ी की जा रही है। फडणवीस ने अपने जवाब में कहा कि महादेव ऐप मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय पहले से ही कर रहा है। उन्होंने कहा, ''चूंकि इस अपराध का दायरा पूरे देश में है, इसलिए इस मामले में (महाराष्ट्र पुलिस ने भी) एसआईटी गठित की है, जो शेलार द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर अगले दो महीनों में जांच करेगी।''

## प्रधानमंत्री मोदी का तीसरी बार सत्ता में बरकरार रहना तय : अमित शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 2024 में तीसरी बार सत्ता में बने रहना निश्चित है।

उन्होंने विश्वास जताया कि सत्तारूढ़ भाजपा इस बार 2019 के लोकसभा चुनाव से भी बड़ी जीत हासिल करेगी। समाचार चैनल 'आज तक' को दिए एक साक्षात्कार में शाह ने कहा कि पार्टी ने हाल में तीन राज्यों में अपने ''अच्छे कार्यकर्ताओं'' को मुख्यमंत्री के रूप में चुना है। उन्होंने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भाजपा द्वारा पूर्व मुख्यमंत्रियों सहित अधिक जाने-माने नेताओं के बजाय नए चेहरों को तरजीह दिए जाने के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए यह बात कही।

कार्यालय, शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक / 3457/ नर्सिंग / क्रय / 2023

रायपुर, दिनांक 12/12/2023

// सुरक्षा कार्य हेतु द्वितीय निविदा की सूचना //

शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय, रायपुर में महाविद्यालय एवं छात्रावास हेतु सुरक्षा कार्य के लिए निविदा किया जाना है। सिक्यूरिटी सर्विसेज कार्य हेतु इच्छुक पंजीकृत समूह / समिति / संस्था से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा हेतु निविदा प्रपत्र शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय, रायपुर के कार्यालय से कार्यालयीन दिवस में शुल्क रूपये 1,000.00 (एक हजार रू. मात्र) नगद जमा कर दिनांक 04.01.2024 तक प्राप्त किया जा सकता है, जो वापसी योग्य नहीं है।

निविदा फॉर्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 04.01.2024 समय 5.00 बजे सायंकाल तक।
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 05.01.2024 समय 11.00 बजे सुबह तक।
निविदा खोलने की तिथि - 05.01.2024 समय दोपहर 12.00 बजे।
निविदा जमा करने का स्थान - शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय, रायपुर
निविदा खोलेने का स्थान - शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय, रायपुर, मेडिकल कॉलेज के पीछे, जेल रोड, रायपुर छ.ग.

प्राचार्य,
शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय
रायपुर, छत्तीसगढ
G- 06364/2

कार्यालय मुख्य अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, रायपुर परिक्षेत्र रायपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से प्रपत्र "ए" में प्रतिशत दर पर अनुबंध हेतु निम्नानुसार 01 समूह जल प्रदाय योजनाओं के कार्य हेतु ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | निविदा आमंत्रण क्रं / दिनांक | सिस्टम नं. | निविदा आमंत्रण | जिला | समूह जल प्रदाय योजनाओं का नाम | निविदा की अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 313/ 11-12-2023 | 149717 | तृतीय | बेमेतरा | खम्हरिया | 6726.34 |

Important Events and Time Schedule Date of calling NIT- 12-12-2023, Bid Start Date - 16-12-2023,Pre Bid meeting date- 21-12-2023, Bid Due Date- 01-01-2024, PHY Doc. Submission last Date - 02-01-2024, PQ Document Download Date 02-01-2024.

नोट :- उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में उक्त निविदा दिनांक 15.12.2023 से देखी जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता (निविदा प्रकोष्ठ )
कार्यालय मुख्य अभियंता,
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग,
रायपुर परिक्षेत्र रायपुर (छ.ग.)
G-06337/2

Chhattisgarh State Minor Forest Produce(T&D) Co-Operative Federation Limited
"Van Dhan Bhawan", Sector - 24, Nava Raipur Atal Nagar,
Tel:/ 0771-2513100-110 E-mail: mfpfed.cg@nic.in Website: www.cgmfpfed.org

Notification No. Fed/Processing Machines/2023-24/III Dated: 13.12.23

TENDER NOTICE

Online Bids are invited from eligible bidders for Supply, Installation, Testing, Commissioning, Integration and Training of following processing machines at incubation center Deobhog, District- Gariyaband (C.G.)

| Code | Processing Units | Code | Processing Units |
|---|---|---|---|
| 101 | Chironjee Processing Unit | 104 | Primary Processing Unit |
| 102 | Neem/Mahua/Kusum/Groundnut Oil Processing and Chikki Making Unit | 105 | Lac Processing Unit |
| 103 | Masala Processing Unit | 106 | Pulse Milling Unit |

*Detailed Technical specifications are provided in the tender document. Bids must be submitted for all the machines listed under code 101 to 106. Part bidding will not be accepted.

1. Pre-bid Meeting will be held on 20 Dec 2023 at Van Dhan Bhawan, Nava Raipur Atal Nagar at 12.00 PM. Pre-bid Meeting can be attended through virtual/physical mode.
2. Bidder should submit their online bid on the dates mentioned in table below till 3:00 PM on the e-procurement portal https://cgmfpfedtenders.abcprocure.com only.

| Bid Round | Bid downloading start date | Online bid submission start Date | Online bid submission Closing date | Date of online opening of Bid |
|---|---|---|---|---|
| First | 15.12.2023 | 28.12.2023 | 12.01.2024 | 12.01.2024 |
| Second | 19.01.2024 | 24.01.2023 | 02.02.2024 | 02.02.2024 |
| Third | 06.02.2024 | 08.02.2024 | 13.02.2024 | 13.02.2024 |

The Bid Documents may be downloaded from the website www.cgmfpfed.org and e-Procurement portal https://cgmfpfedtenders.abcprocure.com only. Amendments / Notices will be available on the above website and e-Procurement portal.

Managing Director
S-39106/2

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड

आमसूचना

विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 62 एवं 86 के प्रावधानों सहपठित छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (बहुवर्षीय टैरिफ सिद्धान्तों के अनुरूप टैरिफ के निर्धारण और टैरिफ एवं प्रभारों से अनुमानित राजस्व के अवधारण हेतु अपनायी जाने वाली कार्य प्रणाली एवं प्रक्रिया तथा निबंधन एवं शर्तें) विनियम, 2021 के अनुपालन में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (सी.एस.पी.जी.सी.एल.) के द्वारा अतिरिक्त पूंजीगत निवेश योजना वर्तमान नियंत्रण अवधि जो कि वित्तीय वर्ष 2022-23 से वित्तीय वर्ष 2024-25 तक के अनुमोदन हेतु छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (सी. एस. ई.आर.सी.) के समक्ष प्रस्तुत किया गया है । इस याचिका को याचिका क्र. 84 / 2023 के रूप में पंजीकृत किया गया है। इस याचिका में विशिष्ट अनुमोदन हेतु 8 परियोजनाएँ समग्र अनुमानित लागत लगभग रु. 37 करोड़, पर्यावरण उत्सर्जन मानक के अनुपालन हेतु सैद्धांतिक रूप से स्वीकृत प्रणालियों की स्थापना संबंधी अद्यतन स्थिति, पूर्व स्वीकृत कतिपय कार्यों हेतु निश्पादन समय सीमा में वृद्धि (लागत में किसी वृद्धि के बिना) हेतु प्रार्थना एवं सैद्धांतिक अनुमोदन हेतु 9 योजनाओं को सम्मिलित किया गया है ।

उपरोक्त याचिका पर सुझाव / आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिवस के भीतर सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग, विद्युत नियामक भवन, सिंचाई कॉलोनी, शांति नगर, रायपुर 492001, ई-मेल cserc.sec.cg@nic.in के समक्ष, मुख्य अभियंता (वाणिज्य एवं नियामक मामले), छ.रा.वि.उ.कं.लि. - 492013 (छ.ग.), ई-मेल edcnra@cspc.co.in को प्रतिलिपि के साथ, प्रस्तुत कर सकते हैं ।

उपरोक्त याचिका की प्रति छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग, विद्युत नियामक भवन, सिंचाई कालोनी, शांति नगर रायपुर 492001 के कार्यालय में उपलब्ध है । याचिका की मुद्रित प्रति कार्यालयीन दिवसों में रुपये 100/- के भुगतान कर पूर्वान्ह 11:00 से सायं 4:00 के बीच प्राप्त की जा सकती है। याचिका की प्रति रुपये 50/ - (डाक व्यय) का अतिरिक्त भुगतान कर डाक द्वारा भी प्राप्त की जा सकती है। याचिका की प्रति आयोग की वेबसाइट www.cserc.gov.in पर उपलब्ध है। सुनवाई हेतु स्थल एवं दिनांक की सूचना आयोग द्वारा पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित की जावेगी ।

राष्ट्रहित एवं स्वहित में ऊर्जा बचाए ।

मुख्य अभियंता (सी. एण्ड आर. ए.)
सी.एस.पी.जी.सी.एल. रायपुर
S -39114/3

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय बा.बाजार (छ.ग.)
E-mail Id cs-bbazar.cg@gov.in., csbalodabazar2013@yahoo.com
Telephone- 07727-223532

क्रमांक/ सी.एस/2023/5417 बलौदा बाजार दिनांक 12/12/2023

// जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार में संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था, सफाई व्यवस्था एवं भर्ती मरीजों को भोजन प्रदाय करने हेतु निविदा सूचना बाबत विज्ञप्ति //

जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार के संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था, सफाई व्यवस्था एवं भर्ती मरीजों को भोजन प्रदाय करने हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा प्रपत्र की शर्तों एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में किसी भी दिवस (शासकीय अवकाश को छोड कर) में प्राप्त की जा सकती है।

निविदा प्रपत्र का मुल्य रू. 2000.00 (अक्षरी दो हजार रूपये का डिमान्ड ड्राफ्ट जीवनदीप समिति जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार के नाम से ) जमा कर प्राप्त कर सकते है।

| सं. क्र. | निविदा का नाम | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा खोलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था निविदा | 16.01.2024 को शाम 5.00 बजे तक | 17.01.2024 (बुधवार) दोपहर 3.00 बजे तक | 17.01.2024 (बुधवार) को शाम 4.00 बजे से |
| 2 | सफाई व्यवस्था निविदा | 17.01.2024 को शाम 5.00 बजे तक | 18.01.2024 (गुरूवार) दोपहर 3.00 बजे तक | 18.01.2024 (गुरूवार) को शाम 4.00 बजे से |
| 3 | भर्ती मरीजों को भोजन प्रदाय करने हेतु निविदा | 18.01.2024 को शाम 5.00 बजे तक | 19.01.2024 (शुक्रवार) दोपहर 3.00 बजे तक | 19.01.2024 (शुक्रवार) को शाम 4.00 बजे से |

निविदा खोलने की तिथि एवं समय में अपरिहार्य कारणों से परिवर्तन किया जा सकता है, जिसकी सूचना कार्यालय के सूचना पोर्टल मे चस्पा कर दी जावेगी ।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार छ.ग.
G-06348/2

15122023-Cit-10_Layout 1 12/15/2023 12:23 AM Page 1



## खबर संक्षेप




### क्रेडो ब्रांड्स ने आईपीओ का मूल्य दायरा किया तय

**नई दिल्ली।** क्रेडो ब्रांड्स मार्केटिंग लिमिटेड ने 550 करोड़ रुपये के अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा 266-280 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी के पास डेनिम ब्रांड मुफ्ती का स्वामित्व है। क्रेडो ब्रांड्स मार्केटिंग लिमिटेड के अनुसार, आईपीओ 19 दिसंबर को खुलेगा और 21 दिसंबर को बंद होगा।

### अदाणी ग्रीन की दो अनुषंगी कंपनियों के विलय की घोषणा




**नई दिल्ली।** अदाणी ग्रीन एनर्जी ने दो 'स्टेप-डाउन' अनुषंगी कंपनियों अदाणी रिन्यूएबल एनर्जी फिफ्टी वन लिमिटेड और अदाणी रिन्यूएबल एनर्जी फिफ्टी फाइव लिमिटेड के विलय की बृहस्पतिवार को घोषणा की। 'स्टेप-डाउन' अनुषंगी कंपनी से तात्पर्य प्रत्यक्ष अनुषंगी की अनुषंगी कंपनियों से है।

### वोल्वो जनवरी में दो फीसदी तक की करेगी बढ़ोतरी



**नई दिल्ली।** वोल्वो कार इंडिया एक जनवरी 2024 से कीमतों में दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी। वाहन निर्माता की ओर से जारी बयान के अनुसार, कीमतें बढ़ाने का निर्णय कच्चे माल की बढ़ती लागत और अस्थिर विदेशी मुद्रा दरों के कारण किया गया है। वोल्वो कार इंडिया की एमडी ज्योति मल्होत्रा ने कहा, 'कीमत बढ़ोतरी का निर्णय बाजार की बदलती गतिशीलता, विदेशी मुद्रा विनिमय दर में उतार-चढ़ाव और कच्चे माल की बढ़ती लागत के कारण लिया गया है।'

### आजाद इंजीनियरिंग को आईपीओ लाने की मंजूरी

AZAD

**नई दिल्ली।** आजाद इंजीनियरिंग लिमिटेड को 740 करोड़ रुपये जुटाने के लिए आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की बाजार नियामक सेबी से मंजूरी मिल गई है। हैदराबाद स्थित कंपनी ने आईपीओ लाने के लिए सितंबर में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए थे। उसे पांच दिसंबर को सेबी से अवलोकन पत्र मिल गया।

### ज्यूपिटर वैगन्स को 1,617 करोड़ रुपए का मिला ठेका



**नई दिल्ली।** ज्यूपिटर वैगन्स लिमिटेड ने गुरुवार को कहा कि उसे रेल मंत्रालय से 1,617 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। यह ठेका 4,000 वैगन की आपूर्ति का है। ज्यूपिटर वैगन्स ने शेयर बाजार को बताया, 'रेल मंत्रालय ने कंपनी को 1,617 करोड़ रुपये के अनुबंध मूल्य पर 4,000 बीओएक्सएनएस वैगन के विनिर्माण और आपूर्ति का ठेका दिया है।'

### हैप्पी फोर्जिंग्स 19 दिसंबर को लाएगी आईपीओ

**नई दिल्ली।** मोटर वाहन घटक बनाने वाली कंपनी हैप्पी फोर्जिंग्स लिमिटेड ने 1,008 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए प्रति शेयर 808 से 850 रुपये का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी का आईपीओ 19 दिसंबर को खुलेगा और 21 दिसंबर को बंद होगा।

# मारुति 800 के 40 साल : जिसने बदली देश के वाहन क्षेत्र की तस्वीर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली में मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के मुख्यालय के ब्रांड सेंटर में खड़े कई आधुनिक वाहनों के बीच 40 साल पुरानी एक छोटी सफेद कार की मोटर वाहन जगत में अपनी ही चमक है। यह कोई साधारण कार नहीं बल्कि लोकप्रिय 'मारुति 800' या एम800 मॉडल की पहली इकाई है। 'मारुति 800' को 14 दिसंबर, 1983 को जब पेश किया गया भारत तब भी लाइसेंस राज के अधीन था। एम800, 1991 में आर्थिक उदारीकरण का गवाह भी बनी। यह भारत के पुराने से नए दौर में प्रवेश तक के सफर की साक्षी रही। मारुति 800 को 'आम जन की कार' कहा जाता है।

## 'मारुति 800' को 14 दिसंबर, 1983 को पेश किया गया था

### घरेलू बाजार में बिकी 26.8 लाख इकाइयां

घरेलू बाजार में इस मॉडल की कुल 26.8 लाख इकाइयां बिकीं और 2.4 लाख इकाइयों का निर्यात हुआ। मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) के चेयरमैन आर.सी. भार्गव ने एक बार कहा था कि जब मौजूदा कार निर्माताओं हिंदुस्तान मोटर्स और प्रीमियर को प्रौद्योगिकी आयात करने की भी अनुमति नहीं थी।




### उत्पादन में हुई लगातार बढ़ोतरी

1992-93 में इसका संचयी उत्पादन रिकॉर्ड पांच लाख इकाई रहा। इसके बाद 1996-97 तक यह दोगुना होकर 10 लाख इकाई हो गया और 1999-2000 में 15 लाख इकाई का आंकड़ा पार कर गया। यह छोटी कार लगातार बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करती गई और एम800 का उत्पादन 2002-03 में 20 लाख इकाई और 2005-06 में 25 लाख इकाई के आंकड़े को पार कर गया। कंपनी ने 18 जनवरी, 2014 से एम800 का उत्पादन पूरी तरह से बंद कर दिया। तब एम800 का संचयी उत्पादन 29.2 लाख इकाई था। इससे पहले एमएसआई ने अप्रैल, 2010 से हैदराबाद, बेंगलुरु, कानपुर और पुणे सहित 13 शहरों में मारुति 800 की बिक्री बंद कर दी थी।

### भारत के सुस्त बाजार में मचाई हलचल

इसने हिंदुस्तान मोटर की एंबैसडर कार और प्रीमियर पद्मिनी के एकाधिकार को चुनौती देते हुए उस समय भारत के सुस्त पड़े यात्री वाहन बाजार में हलचल मचा दी थी। पेश किए जाने के कुछ ही समय में यह लाखों मध्यमवर्गीय भारतीय परिवारों की पहली पसंद बन गई।

### सुजुकी रही बेहतर प्रौद्योगिकी से लैस

हरपाल सिंह को 1983 इसकी पहली इकाई की चाबियां सौंपे जाने के बाद से एम800 के 1986-87 में संचयी रूप से एक लाख इकाइयों का उत्पादन किया। हरपाल सिंह ने 1983 में एक लकी ड्रॉ में इसे जीता था। उस समय बाजार में उपलब्ध अन्य उत्पादों की तुलना में सुजुकी कहीं बेहतर प्रौद्योगिकियों से लैस थी।

## रिजर्व बैंक की आशंका सही साबित हो रही

# खाद्य वस्तुओं के महंगे होने से थोक महंगाई दर आठ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंची

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

सात महीने तक शून्य से नीचे रहने वाली थोक महंगाई या डब्ल्यूपीआई इंफ्लेशन (डब्ल्यूपीआई) की दर में अब बढ़ोतरी होनी शुरू हो गई दिखती है। बीते नवंबर महीने के दौरान देश में थोक महंगाई की दर में 0.26 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। बढ़ोतरी की वजह खाने-पीने के सामनों में बढ़ोतरी होना है। इसमें लहसून और प्याज की कीमत भी शामिल है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों से मिली जानकारी के अनुसार बीते नवंबर महीने में थोक महंगाई की दर आठ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। हाल के सात महीने तक यह शून्य से नीचे ही बनी रही थी। अक्टूबर महीने में भी यह शून्य से 0.52 फीसदी नीचे थी। इससे पहले इसी साल मार्च में डब्ल्यूपीआई इंफ्लेशन की दर 1.41 फीसदी थी।

- बीते नवंबर महीने के दौरान थोक मूल्य की महंगाई की दर बढ़ गई है

- यह बीते आठ महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है
- थोक महंगाई की दर में 0.26 फीसदी की बढ़ोतरी हुई




### सब्जियों की मुद्रास्फीति 10.44 फीसदी रही

प्याज में मूल्यवृद्धि की वार्षिक दर नवंबर में बढ़कर 101.24 प्रतिशत हो गई, जो पिछले महीने 62.60 प्रतिशत थी। घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और खुदरा बाजार में कीमतों पर अंकुश के लिए सरकार ने पिछले सप्ताह अगले साल मार्च तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। सब्जियों की मुद्रास्फीति 10.44 प्रतिशत रही, जो अक्टूबर में शून्य से नीचे 21.04 प्रतिशत थी।

### कौन से सामान हुए महंगे

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की तरफ से जारी बयान के अनुसार बीते नवंबर महीने के दौरान मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं, खनिजों, मशीनरी व उपकरण, कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक व ऑप्टिकल उत्पादों, मोटर वाहनों, अन्य परिवहन उपकरणों और अन्य विनिर्माण वस्तुओं आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण सकारात्मक दायरे में रही। उल्लेखनीय है कि खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति नवंबर में 8.18 प्रतिशत रही, जो अक्टूबर में 2.53 प्रतिशत थी।

### धान और फलों में भी तेजी रही

धान और फलों में नवंबर में मुद्रास्फीति क्रमशः 10.44 प्रतिशत और 8.37 प्रतिशत रही। आलू की मूल्यवृद्धि दर शून्य से 27.22 प्रतिशत नीचे रही। विनिर्मित उत्पादों की मुद्रास्फीति नवंबर में शून्य से 0.64, ईंधन व बिजली की मुद्रास्फीति शून्य से 4.61 प्रतिशत नीचे और गैर-खाद्य वस्तुएं की शून्य से 3.20 प्रतिशत नीचे रही। बार्कलेज रिसर्च के अनुसार, थोक खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी खुदरा कीमतों की तुलना में अधिक रही।

### खुदरा महंगाई की दर भी बढ़ी

इस सप्ताह की शुरुआत में जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, खाद्य कीमतों में बढ़ोतरी के कारण खुदरा या उपभोक्ता मूल्य आधारित मुद्रास्फीति नवंबर में बढ़कर तीन महीने के उच्चस्तर 5.55 प्रतिशत पर पहुंच गई है।

### रिजर्व बैंक ने भी दिया था संकेत

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने हाल ही में अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति की समीक्षा में ब्याज दरों को स्थिर रखा था। इसके साथ ही नवंबर और दिसंबर महीने के दौरान खाद्य मुद्रास्फीति के बढ़ने के संकेत दिए थे।

# सोना 1,130 रुपए उछला, चांदी ने लगाई 2,350 रुपए की छलांग

## मजबूती से सोना 62,950 रुपए प्रति 10 ग्राम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 1,130 रुपये उछलकर 62,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोने की कीमत 61,820 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। चांदी की कीमत भी 2,350 रुपये की छलांग के साथ 77,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर जा पहुंची। पिछले कारोबार में यह 75,050 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा कि विदेशी बाजारों में तेजी के रुख के बाद बृहस्पतिवार को दिल्ली के बाजारों में सोने की कीमतें 1,130 रुपये बढ़कर 62,950 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गईं। एमसीएक्स के वायदा कारोबार में सोने के फरवरी अनुबंध का भाव 1,381 रुपये बढ़कर 62,580 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जबकि चांदी के मार्च अनुबंध का भाव 3,393 रुपये उछलकर 74,925 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में सोना बढ़कर 2,032 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी उछाल के साथ 24 डॉलर प्रति औंस हो गई। कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,032 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 51 डॉलर की मजबूती को दर्शाता है।

- चांदी बढ़कर हुई 77,400 रुपए प्रति किलो ग्राम

### अमेरिकी बांड में गिरावट से सोने में तेजी

गांधी ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा यह संकेत दिए जाने के बाद कि उसका आक्रामक मौद्रिक रुख का अभियान समाप्त हो गया है, कॉमेक्स सोना 2.5 प्रतिशत तक उछल गया। उन्होंने कहा, इसके अलावा, अमेरिकी बांड प्रतिफल और डॉलर इंडेक्स में गिरावट से भी सोने की कीमतों में तेजी आई।

## राष्ट्रीय बीमा अकादमी ने दी जानकारी

# देश की 95 प्रतिशत आबादी के पास बीमा नहीं : रिपोर्ट

एजेंसी ⏭ मुंबई




सरकार और बीमा नियामक के प्रयासों के बावजूद देश की लगभग 95 प्रतिशत आबादी का बीमा नहीं है। राष्ट्रीय बीमा अकादमी ने बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) के चेयरमैन देवाशीष पांडा ने यह रिपोर्ट जारी की। इस मौके पर उन्होंने उद्योग से उन कदमों का अनुकरण करने का आग्रह किया, जिनकी मदद से यूपीआई, बैंक खाते खोलने और साथ ही मोबाइल पहुंच बढ़ाने में भारी सफलता मिली। पांडा ने कहा कि उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में एक अनिवार्य प्राकृतिक आपदा बीमा की जरूरत है और इस रिपोर्ट में इसकी सिफारिश भी की गई है। सभी के लिए बीमा के लक्ष्य को हासिल करने के लिए ऐसा करना जरूरी है। रिपोर्ट के मुताबिक, देश की 144 करोड़ आबादी में 95 प्रतिशत आबादी बीमा के दायरे में नहीं है। देश में आने वाली प्राकृतिक आपदाओं और अन्य जलवायु संबंधी आपदाओं की संख्या में वृद्धि के मद्देनजर बीमा प्रसार को बढ़ाना महत्वपूर्ण है। रिपोर्ट में कहा गया है कि निम्न और मध्यम आय वर्ग के 84 प्रतिशत लोगों और तटीय क्षेत्रों, दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों के 77 प्रतिशत लोगों के पास बीमा का अभाव है।

- जोखिम वाले क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदा बीमा की जरूरत

### 73 फीसदी आबादी स्वास्थ्य बीमा के दायरे में नहीं

रिपोर्ट के मुताबिक, 73 प्रतिशत आबादी स्वास्थ्य बीमा के दायरे में नहीं है और इस दिशा में सरकार, गैर सरकारी संगठनों और उद्योग समूहों के बीच सहयोग बढ़ने की जरूरत है।




## किआ इंडिया अगले साल देश में बढ़ाएगी उत्पादन

**नई दिल्ली।** दक्षिण कोरियाई वाहन विनिर्माता किआ बाजार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा का मुकाबला करने के लिए एक आक्रामक कारोबारी योजना के तहत अगले साल भारत में उत्पादन, बिक्री नेटवर्क और अपनी उत्पाद श्रृंखला का विस्तार करने पर विचार कर रही है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी। कंपनी ने वैश्विक स्तर पर अपनी कॉम्पैक्ट एसयूवी सोनेट के नवीनतम संस्करण को बृहस्पतिवार को पेश किया। किआ घरेलू बाजार में मांग को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए देश से निर्यात में कटौती करने की भी योजना बना रही है। किआ इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ताए-जिन पार्क ने बातचीत में कहा, 'हमारे पास अगले वर्ष के लिए एक आक्रामक कारोबारी योजना है।

## ऑडी, का मुंबई में 'अल्ट्रा-फास्ट चार्जिंग स्टेशन' शुरू




**मुंबई।** जर्मनी की लवजरी कार विनिर्माता कंपनी ऑडी ने यहां बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में चार्जज़ोन के सहयोग से एक अत्यधिक तेज चार्जिंग स्टेशन का बृहस्पतिवार को उद्घाटन किया। ऑडी इंडिया ने दावा किया है कि यह देश का पहला 'अल्ट्रा-फास्ट चार्जिंग स्टेशन' है। इसकी कुल क्षमता 450 किलोवाट है, जो एक इलेक्ट्रिक वाहन को 360 किलोवाट बिजली प्रदान करता है। कंपनी के अनुसार, यह चार्जर 114 केडब्ल्यूएच बैटरी वाली ऑडी क्यू8 55 ई-ट्रॉन को सिर्फ 26 मिनट में 20 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक चार्ज कर सकता है। ऑडी इंडिया के प्रमुख बलबीर सिंह ढिल्लों ने कहा, 'ऑडी इंडिया द्वारा भारत का पहले अल्ट्रा-फास्ट चार्जिंग स्टेशन का शुरू करना, ग्राहकों के लिए एक व्यापक इलेक्ट्रिक वाहन पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के हमारे प्रयासों में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।'

## कृषि से लेकर कंस्ट्रक्शन कार्यों के लिए आन्द्रया इंटरप्राइजेस से खरीदें ट्रैक्टर अटैचमेंटस



**रायपुर।** बुल मशीन प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा अधिकृत विक्रेता आन्द्रया इंटरप्राइजेस देवपुरी में बहुउद्देशीय उपयोग के लिए ट्रैक्टर अटैचमेंटस उपलब्ध है। यहां एबी सीरीज के एबी लोडर और नॉन एबी लोडर उपलब्ध है। जिसके द्वारा कृषि से लेकर कंस्ट्रक्शन का काम किया जा सकता है। आन्द्रया इंटरप्राइजेस के संचालक अनुराग सेन ने बताया कि आज बुल मशीन प्राइवेट लिमिटेड के बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर मुकेश कुमार का रायपुर आगमन हुआ है जिनका हमारी टीम ने भव्य स्वागत किया और उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट किया।

# चौतरफा तेजी से सेंसेक्स, निफ्टी नए शिखर पर

एजेंसी ⏭ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को चौतरफा तेजी से लगातार दूसरे दिन मजबूती आई और बीएसई सेंसेक्स 929 अंक से अधिक उछलकर नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी अबतक के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर को यथावत रखने और अगले साल इसमें कटौती किये जाने के संकेत के बाद मुख्य रूप से आईटी, प्रौद्योगिकी और रियल्टी कंपनियों के शेयरों में तेज लिवाली से बाजार में उछाल आया। इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार लिवाली और कच्चे तेल के दाम में नरमी से भी बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 929.60 अंक यानी 1.34 प्रतिशत उछलकर अबतक के उच्चतम स्तर 70,514.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,018.29 अंक तक चढ़ गया था।



## कंपनी ने पांच साल में 9.63 लाख करोड़ रुपए जोड़े

# रिलायंस इंडस्ट्रीज लगातार पांचवीं बार सबसे बड़ी वेल्थ क्रिएटर बनी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) पांच साल (2018-2023) की अवधि में लगातार पांचवीं बार अपने निवेशकों के लिए सबसे बड़ी वेल्थ क्रिएटर कंपनी के रूप में उभरी है। मुंबई बेस्ड ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल ने 14 दिसंबर को जारी अपनी 28वीं एनुअल वेल्थ क्रिएशन स्टडी रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी है। मोतीलाल ओ बताया कि रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 2018 से 2023 की अवधि (31 मार्च 2023 तक) में 9.63 लाख करोड़ रुपए जोड़े हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक, लिस्ट में टॉप 100 कंपनियों द्वारा बनाई गई टोटल वेल्थ में रिलायंस का योगदान 13.7 प्रतिशथ है।

- टॉप 100 कंपनियों की टोटल वेल्थ में रिलायंस का योगदान 13.7 प्रतिशत




### अपने निवेशकों को दिया 123% रिटर्न

रिपोर्ट के अनुसार, रिलायंस ग्रुप ने पिछले 17 सालों में सालाना जारी होने वाली सबसे बड़ी वेल्थ क्रिएटर कंपनियों की लिस्ट में 10 बार नंबर-1 पोजिशन हासिल की है। हालांकि, आरआईएल के शेयरों में साल 2023 में अब तक 4.5% की गिरावट आई है और पिछले साल इसमें करीब 6% की गिरावट आई थी।

### फास्टेस्ट वेल्थ क्रिएटर्स में लॉयड्स मेटल्स टॉप पर रही

2018-2023 की अवधि में बेंचमार्क सेंसेक्स में 95% की तेजी देखने को मिली। वहीं, पांच साल की अवधि में फास्टेस्ट वेल्थ क्रिएटर्स कंपनियों की लिस्ट में लॉयड्स मेटल्स टॉप पर रही, जिसका पांच साल का प्राइस सीएजीआर 79% रहा। सबसे तेजी से वेल्थ बनाने वाली कंपनियों की लिस्ट में अदाणी एंटरप्राइजेज दूसरे नंबर पर रही।

### टीसीएस दूसरे नंबर पर

सबसे ज्यादा वेल्थ क्रिएशन के मामले में रिलायंस के अलावा टॉप 5 कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और भारती एयरटेल शामिल है। इन कंपनियों ने भी अपने निवेशकों को सबसे ज्यादा मुनाफा कराया है।

### सूची में पांचवें स्थान पर हिन्दुस्तान यूनिलीवर

इसके बाद वेल्थ क्रिएशन कंपनियों की लिस्ट में अगली पांच कंपनियां हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), बजाज फाइनेंस, अदाणी एंटरप्राइजेज और एचसीएल टेक्नोलॉजीज हैं। यहां वेल्थ क्रिएशन का मतलब पिछले पांच सालों में कंपनियों के मार्केट कैप में बढ़ोतरी से है।

# ब्रिटेन में नीतिगत दर 5.25 प्रतिशत पर स्थिर

एजेंसी ⏭ लंदन

ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक ने अर्थव्यवस्था की स्थिति को लेकर व्याप्त चिंताओं के बावजूद नीतिगत ब्याज दर को अपरिवर्तित रखने का फैसला किया है। बैंक ऑफ इंग्लैंड ने बृहस्पतिवार को नीतिगत दर को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखने का फैसला किया। यह ब्याज दर का 15 साल का उच्चस्तर है और इस स्तर पर यह पिछले अगस्त से ही बनी हुई है। ब्रिटेन में करीब दो साल से ब्याज दर में तेजी रहने से मुद्रास्फीति को चार दशक के उच्चस्तर 11 प्रतिशत से नीचे लाने में मदद मिली है। हालांकि, ब्रिटेन की आर्थिक वृद्धि पर ऊंची ब्याज दरों ने नकारात्मक असर डाला है।



### अक्टूबर में 0.3 फीसदी की मासिक गिरावट आई

एक दिन पहले आए आंकड़ों के मुताबिक ब्रिटिश अर्थव्यवस्था में अक्टूबर के दौरान 0.3 प्रतिशत की मासिक गिरावट आई है। इसने निकट अवधि में वृद्धि परिदृश्य को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने भी बुधवार को अपनी नीतिगत दर में कोई बदलाव नहीं किया। इसके अलावा भारतीय रिजर्व बैंक ने भी रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर कायम रखने का फैसला किया है।

City_Main_15_2023-1_Layout 1 15-12-2023 01:04 Page 1



# टेस्ट में भारतीय महिला टीम का धमाका, स्टंप तक सात विकेट पर बनाए 410 रन

एजेंसी ▸▸| नवी मुंबई

भारतीय महिला टीम ने बल्ले से आक्रामक प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र महिला टेस्ट के पहले दिन स्टंप तक सात विकेट पर 410 रन का विशाल स्कोर बना लिया। करीब दो साल में पहला टेस्ट और अपनी सरजमीं पर नौ साल में लाल गेंद का अपना पहला मैच खेल रही भारतीय टीम ने डीवाई पाटिल स्टेडियम की बल्लेबाजी के मुफीद पिच पर दमदार खेल दिखाया और प्रति ओवर लगभग पांच रन जोड़े। पर्दापण कर रही चौबीस साल की शुभा सतीश ने शानदार फुटवर्क के साथ गेंदबाजों की लाइन एवं लेंथ को अच्छी तरह पढ़ते हुए 76 गेंद में 13 चौकों से 69 रन की पारी खेली। उन्होंने करीब 91 के स्ट्राइक रेट से रन जुटाए। इस तरह शुभा पदार्पण में अर्धशतक जड़ने वाली भारत की 12वीं बल्लेबाज बन गई। सोफी एक्लेस्टोन ने उन्हें नैट साइवर ब्रंट के हाथों कैच आउट कराया। डेब्यू में जेमिमा रोड्रिग्स ने भी अपने अनुभव के दम पर 68 रन की पारी के दौरान 11 चौके जमाए।


शुभा सतीश 69 रन
जेमिमा रोड्रिग्स 68 रन


दीप्ति शर्मा 60* रन


यास्तिका भाटिया 66 रन

## हरमनप्रीत और यास्तिका का तूफान

*भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने स्वीप शॉट से शुरुआत की और वह अच्छी फॉर्म में दिख रही थीं लेकिन एक रन लेने के प्रयास में डैनी वियाट के थ्रो ने उन्हें रन आउट कर दिया। हरमनप्रीत ने 81 गेंद में छह चौकों की मदद से 49 रन बनाए। पर उन्होंने और यास्तिका भाटिया (66 रन) ने पांचवें विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी की जो भारत के लिए इस प्रारूप में दूसरी सबसे बड़ी भागीदारी है। यास्तिका ने भी तेजी से रन जुटाए और वह कभी भी जोखिम लेती हुई नहीं दिखी। बायें हाथ की विकेटकीपर बल्लेबाज ने अपनी पारी के दौरान 10 चौके और पारी का एकमात्र छक्का भी जड़ा।*

## शुभा और जेमिमा ने जोड़े 115 रन

शुभा और जेमिमा ने तीसरे विकेट के लिए रिकॉर्ड 115 रन की साझेदारी निभायी। शुभा और जेमिमा के बीच यह भागीदारी तीसरे विकेट के लिए टेस्ट क्रिकेट में दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी बन गई है। भारतीय टीम कई रिकॉर्ड बनाने के करीब थी लेकिन चूक गई।

## दीप्ति का भी अर्धशतक

*यास्तिका को अपने दूसरे ही टेस्ट में अर्धशतक से संतोष करना पड़ा। लॉरेन ने दूसरी बार इसी गेंदबाज की गेंद पर उसी जगह उनका कैच लपकने में गलती नहीं की। दीप्ति शर्मा (60 रन) और स्नेह राणा (30 रन) ने मिलकर इंग्लैंड की गेंदबाजों की परेशानी और बढ़ाई। इन दोनों ने सातवें विकेट के लिए 92 रन जोड़े जिससे भारतीय टीम 400 रन के पार पहुंच गई। इंग्लैंड ने 94 ओवर डाले और भाग्य ने भी उनका साथ नहीं दिया क्योंकि उसकी क्षेत्ररक्षकों ने आउट करने के कुछ मौके गंवाए और उनके दोनों डीआरएस भी खराब हो गए।*

## खबर संक्षेप



### बांह पर काली पट्टी बांधकर उतरे ख्वाजा

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को उन जूतों को पहनने की अनुमति नहीं दी गई जिस पर उन्होंने 'सभी जीवन समान हैं' का संदेश लिखा था जिससे वह पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला के शुरुआती क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बांह पर का काली पट्टी बांधकर उतरे। आईसीसी ने बुधवार को ख्वाजा को उन जूतों को पहनने की अनुमति नहीं दी जिस पर उन्होंने जाहिर तौर पर गाजा के संदर्भ में कुछ संदेश लिखे थे। आईसीसी के नियम टीम की पोशाक या उपकरणों पर राजनीति या धार्मिक बयान के प्रदर्शन की अनुमति नहीं देते हैं।

### बशीर ने मैकुलम को नजरअंदाज किया

**लंदन।** इंग्लैंड के युवा ऑफ स्पिनर शोएब बशीर ने कुछ दिन पहले न्यूजीलैंड के 'डायलिंग कोड नंबर' से एक 'मिस्ड कॉल' देखी और उन्होंने इसे यह समझते हुए नजरअंदाज किया कि यह किसी ने ऐसे ही कर दिया होगा। छह प्रथम श्रेणी मैच खेल चुके बशीर ने सपने में भी नहीं सोचा था कि यह नंबर न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रैंडन मैकुलम का हो सकता है और इंग्लैंड की टेस्ट टीम का कोच उन्हें टीम में चुने जाने की रोमांचक खबर देने के लिए फोन कर रहा था। बशीर ने बताया, 'मैंने नंबर देखकर सोचा, 'ये कौन है'? यह कोई ऐसा ही कोई नंबर हो सकता है।'



### 'क्रॉनिक किडनी' रोग से पीड़ित हैं कैमरन

**पर्थ।** आस्ट्रेलिया के आल राउंडर कैमरन ग्रीन ने खुलासा किया कि जब वह पैदा हुए थे तो वह 'इररिवर्सिबल क्रॉनिक किडनी' रोग से पीड़ित थे। आस्ट्रेलिया के इस दुबले पतले हरफनमौला खिलाड़ी ने कहा कि एक समय उनके 12 साल से ज्यादा जीने की उम्मीद नहीं थी। उन्होंने कहा कि इस बीमारी के कोई लक्षण नहीं होते और इसमें किडनी को ठीक भी नहीं किया जा सकता। ग्रीन ने कहा, 'जब मेरा जन्म हुआ तो मेरे माता पिता को बताया गया कि मुझे 'इररिवर्सिबल क्रॉनिक किडनी' बीमारी है जिसके कोई लक्षण नहीं होते लेकिन अल्ट्रासाउंड के जरिए इसका पता चला।'



### भारत की दृष्टिबाधित महिला टीम ने जीती श्रृंखला

**मुंबई।** सुषमा पटेल की 37 गेंद में 45 रन की पारी की बदौलत भारत ने गुरुवार को चौथे टी20 मुकाबले में नेपाल को यहां सात विकेट से हराकर दृष्टिबाधित महिलाओं की पांच मैच की द्विपक्षीय क्रिकेट श्रृंखला में 3-1 की विजयी बढ़त बना ली। नेपाल की टीम टॉस हारने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी। मेहमान टीम ने कप्तान बिंता पुन की 69 रन की पारी और मानकेशी चौधरी के साथ उनकी 101 रन की साझेदारी से 20 ओवर में छह विकेट पर 165 रन का स्कोर खड़ा किया।



## क्रिकेट : कुलदीप ने अपने 29वें जन्मदिन पर 17 रन देकर झटके पांच विकेट

# भारत ने जीत के साथ बराबर की श्रृंखला दक्षिण अफ्रीका को रौंदा, सूर्या का शतक



एजेंसी ▸▸| जोहानिसबर्ग

भारत ने गुरुवार को तीसरे और आखिरी टी20 क्रिकेट मैच में दक्षिण अफ्रीका को 106 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। यह टीम इंडिया की टी-20 में द.अफ्रीका के खिलाफ सबसे बड़ी जीत है। पिछली जीत का रिकॉर्ड 88 रन का था, जो टीम इंडिया ने राजकोट में बनाया था। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजी गई भारतीय टीम ने सात विकेट पर 201 रन बनाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम 13.5 ओवर में 95 रन पर आउट हो गई। सूर्यकुमार यादव ने 56 गेंद में सात चौकों और आठ छक्कों की मदद से 100 रन बनाए। वहीं युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने 41 गेंद में 60 रन की पारी खेली। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 112 रन की साझेदारी की। अपना 29वां जन्मदिन मना रहे कुलदीप ने 2.5 ओवर में 17 रन देकर पांच विकेट लिए जिसमें 14वें ओवर में लिए गए तीन विकेट शामिल हैं। रविंद्र जडेजा को दो जबकि तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और अर्शदीप सिंह को एक एक विकेट मिला।



### वर्ल्ड रिकार्ड की बराबरी

सूर्यकुमार यादव ने 56 बॉल पर 100 रन की पारी खेली, जबकि यशस्वी जायसवाल ने 60 रन बनाए। सूर्या ने टी-20 इंटरनेशनल में चौथा शतक जमाया है। वे दुनिया में सबसे ज्यादा टी-20 सेंचुरी जमाने वाले बैटर की सूची में रोहित शर्मा और ग्लेन मैक्सवेल की बराबरी पर आ गए हैं। वहीं, जायसवाल ने तीसरी फिफ्टी जमाई।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का हेंड्रिक्स बो शम्सी | 60 | 41 | 6 | 3 |
| शुभमन पगबाधा बो महाराज | 08 | 06 | 2 | 0 |
| तिलक का मार्करम बो महाराज | 00 | 01 | 0 | 0 |
| सूर्यकुमार का फरेरा बो विलियम्स | 100 | 56 | 7 | 8 |
| रिंकू सिंह का हेंड्रिक्स बो बर्गर | 14 | 10 | 0 | 1 |
| जितेश हिट विकेट बो विलियम्स | 04 | 04 | 1 | 0 |
| रवींद्र जडेजा रन आउट | 04 | 02 | 1 | 0 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 02 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 09, कुल : 20 ओवर में 201/7
गेंदबाजी : बर्गर 4-0-39-1, मार्करम 1-0-15-0, महाराज 4-0-26-2, विलियम्स 4-0-46-2, फेलुकवायो 3-0-33-0, शम्सी 4-0-39-1.

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रीजा हेंड्रिक्स रन आउट | 08 | 13 | 1 | 0 |
| मैथ्यू ब्रीत्जके बो मुकेश | 04 | 03 | 1 | 0 |
| एडेन का जायसवाल बो जडेजा | 25 | 14 | 3 | 2 |
| क्लासेन का सिंह बो अर्शदीप | 05 | 05 | 1 | 0 |
| डेविड मिलर बो कुलदीप | 35 | 25 | 2 | 3 |
| डोनोवन फरेरा बो कुलदीप | 12 | 11 | 0 | 1 |
| फेलुकवायो का और बो जडेजा | 00 | 03 | 0 | 0 |
| केशव महाराज बो कुलदीप | 01 | 03 | 0 | 0 |
| नांद्रे बर्गर पगबाधा बो कुलदीप | 01 | 03 | 0 | 0 |
| विलियम्स पगबाधा बो कुलदीप | 00 | 02 | 0 | 0 |
| तबरेज शम्सी नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 03, कुल : 13.5 ओवर में 95/10
गेंदबाजी : सिराज 3-1-13-0, मुकेश 2-0-26-1, अर्शदीप 2-0-13-1, जडेजा 3-0-25-2, वर्मा 1-0-4-0, कुलदीप 2.5-0-17-5.

## विजय हजारे : राजस्थान फाइनल में, हरियाणा से कल होगा सामना

*राजकोट। कप्तान दीपक हुड्डा के शानदार 180 रन की मदद से राजस्थान ने कर्नाटक को छह विकेट से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश कर लिया। हुड्डा ने 128 गेंद की पारी में 19 चौके और पांच छक्के लगाए। राजस्थान ने जीत का लक्ष्य 38 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। करण लाम्बा ने हुड्डा का बखूबी साथ निभाते हुए 112 गेंद में नाबाद 73 रन बनाए। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 255 रन जोड़े। राजस्थान का सामना शनिवार को फाइनल में हरियाणा से होगा। हरियाणा ने पांच बार की चैम्पियन तमिलनाडु को 63 रन से हराकर पहली बार फाइनल में जगह बनाई है। इससे पहले कर्नाटक के लिए अभिनव मनोहर ने 91 और मनोज भंडागे ने 63 रन की पारियां खेली।*



## मेसी, एमबाप्पे और हॉलेंड प्लेयर ऑफ द ईयर की दौड़ में शामिल

*ज्यूरिख। फीफा के 2023 के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष फुटबॉल खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए इस बार मुकाबला लियोनल मेसी, काइलियान एमबाप्पे और एर्लिंग हैलेंड के बीच है। फुटबॉल की वैश्विक संचालन संस्था फीफा ने गुरुवार को पुरस्कार की दौड़ में शामिल खिलाड़ियों की अंतिम सूची की घोषणा की। यही तीनों खिलाड़ी बेलोन डियोर पुरस्कार की दौड़ में भी शामिल थे जिसे अक्टूबर में मेस्सी ने जीता था। बेलोन डियोर में हालांकि 2022 विश्व कप के प्रदर्शन पर भी गौर किया गया था जिसे मेस्सी की अगुआई में अर्जेन्टीना ने जीता था। कतर में खिताबी जीत के लिए मेस्सी फरवरी में पहले ही करियर में सातवीं बार फीफा पुरस्कार जीत चुके हैं। महिलाओं के वर्ग में साल की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार की दौड़ में 2023 विश्व कप विजेता स्पेन की एटाना बोनमेट और जेनी हर्मोसो के अलावा कोलंबिया की लिंडा केइसेडो शामिल है।*



# वॉर्नर ने बनाया 26वां टेस्ट शतक आलोचकों के मुंह पर जड़ा तमाचा



एजेंसी ▸▸| पर्थ

पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में डेविड वॉर्नर ने गुरुवार को शानदार शतक जमा दिया है। वॉर्नर का टेस्ट में यह 26वां शतक है। वॉर्नर का पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट में यह छठा शतक है। ऐसा कर वॉर्नर ने ऑस्ट्रेलिया-पाकिस्तान टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में जावेद मियांदाद, एलन बॉर्डर, ग्रेग चैपल की बराबरी कर ली है। वहीं, रिकी पोंटिंग ने पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट में 5 शतक लगाए थे। यानी वॉर्नर ने 6 शतक लगाकर पोंटिंग के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।

### 49वीं इंटरनेशनल सेंचुरी

इंटरनेशनल क्रिकेट में वॉर्नर का यह 49वां शतक है। वॉर्नर ने अबतक पाकिस्तान के खिलाफ 11 टेस्ट मैच ही खेले है और 6 शतक लगाकर धमाका कर दिया है। वॉर्नर टेस्ट क्रिकेट में बतौर ओपनर सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले दुनिया के तीसरे बल्लेबाज हैं। उनसे आगे इस मामले में सुनील गावस्कर (33), एलिस्टेयर कुक, मैथ्यू हेडन (30), ग्रीम स्मिथ (27) हैं। वॉर्नर ने बतौर ओपनर यह 26वां शतक लगाया है। वहीं, वॉर्नर दुनिया के इकलौते ऐसे ओपनर बल्लेबाज हैं जिनके नाम टेस्ट और वनडे में 20 से ज्यादा शतक दर्ज है।

### चयन पर हुआ था हंगामा

बता दें कि वॉर्नर के टेस्ट कॅरियर का यह आखिरी सीरीज है। टेस्ट सीरीज से पहले उनके चयन को लेकर काफी हंगामा पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों ने बरपाया था लेकिन डेविड वॉर्नर ने शतकीय पारी खेलकर आलचना करने वाले सभी लोगों के मुंह में ताला लगा दिया है।

### ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकेट पर बनाए 346 रन

*सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने अपनी विदाई टेस्ट श्रृखंला में शानदार शतक जड़ा जिससे आस्ट्रेलिया ने गुरुवार का यहां तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले के शुरुआती दिन पाकिस्तान के कम अनुभवी गेंदबाजों के खिलाफ स्टंप तक पांच विकेट पर 346 रन बना लिए। वॉर्नर ने 211 गेंद में 164 रन की शतकीय पारी खेली और यह उनका साल का पहला टेस्ट शतक था जिससे उन्होंने कप्तान पैट कमिंस के उछाल भरी पिच पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने के फैसले को सही साबित किया। सैंतीस साल के वॉर्नर अपने गृहनगर सिडनी में अंतिम टेस्ट के बाद संन्यास ले लेंगे।*

## केकेआर की कप्तानी के लिए अय्यर की वापसी, राणा होंगे उप कप्तान

एजेंसी ▸▸| कोलकाता



कोलकाता नाइटराइडर्स के टीम प्रबंधन ने गुरुवार को घोषणा की कि भारतीय मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में टीम की अगुवाई करेंगे। अय्यर पीठ की चोट के कारण आईपीएल के पूरे 2023 चरण में नहीं खेल पाए थे जिससे कोलकाता नाइटराइडर्स को कप्तानी की जिम्मेदारी नीतिश राणा को सौंपनी पड़ी थी। अय्यर ने फिर अप्रैल में लंदन में सर्जरी कराई थी।

केकेआर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वेंकी मैसूर ने यह घोषणा करते हुए कहा, 'हमें खुशी है कि वह वापस आ गए हैं और कप्तानी की जिम्मेदारी उठाएंगे।' श्रेयस ने सितंबर में एशिया कप में वापसी की थी और आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में मोहाली में 86 गेंद में शतक जड़कर फॉर्म में वापसी की थी। हाल में समाप्त हुए विश्व कप में वह महत्वपूर्ण चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे थे और उन्होंने 11 पारियों में दो शतक और तीन अर्धशतकों से 66.25 के औसत से 530 रन बनाए थे।

# सेमीफाइनल में जर्मनी से हारा भारत, अब कांस्य की उम्मीद

एजेंसी ▸▸| कुआलालपुर



पिछले मैच में नीदरलैंड पर शानदार जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम उस लय को सेमीफाइनल में कायम नहीं रख सकी और जर्मनी ने कमोबेश एकतरफा मुकाबले में उसे 4-1 से हराकर तीसरी बार जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप जीतने का सपना तोड़ दिया। क्वार्टर फाइनल में दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करने वाली भारतीय टीम के पास जर्मनी के मजबूत डिफेंस और चुस्त आक्रमण का जवाब नहीं था।

जर्मनी ने चारों क्वार्टर में एक एक गोल किया जबकि भारत के लिए एकमात्र गोल चिरमाको सुदीप ने 11वें मिनट में दागा। जर्मनी के लिए हेसबाक बेन ने आठवें मिनट में मैदानी गोल और 30वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया जबकि ग्लेंडर पॉल ने 41वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया। स्पर्लिंग फ्लोरियन ने आखिरी सीटी बजने से दो मिनट पहले मैदानी गोल करके 4-1 से जीत पर मुहर लगाई। अब भारत को कांस्य पदक के लिए फ्रांस या स्पेन से खेलना होगा।

# शमी का अफ्रीकी दौरे तक फिट होना मुश्किल



एजेंसी ▸▸| बेंगलुरु

टखने की चोट से उबर रहे भारत के सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 26 दिसंबर से सेंचुरियन में शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला के लिए समय पर फिट होने की राह आसान नहीं होगी।

शमी को 30 नवंबर को घोषित भारत की टेस्ट टीम में शामिल किया गया था लेकिन इस 33 वर्षीय तेज गेंदबाज की उपलब्धता चोट से उनके उबरने पर निर्भर करेगी।

इस संदर्भ में एजेंसी का अनुमान है कि शमी कप्तान रोहित शर्मा, सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली, साथी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और टेस्ट टीम के अन्य सदस्यों के साथ शायद दक्षिण अफ्रीका रवाना नहीं हो पाएंगे। इन सभी को शुक्रवार को जोहानिसबर्ग के लिए रवाना होना है।










# दुनिया के अलग-अलग कोनों में हैं सुंदरता से जुड़ी अजीबोगरीब परंपराएं

*नई दिल्ली। हर महिला की ख्वाहिश होती है कि वह सुंदर दिखे और इसके लिए वह मेकअप का सहारा भी लेती है। हालांकि, दुनियाभर के अलग-अलग कोनों में इसे लेकर अजीबोगरीब परंपराएं भी निभाई जाती हैं। सुंदरता से जुड़ी ये परंपराएं इतनी खतरनाक और दर्दनाक है कि इनके बारे में जानकर आपको हैरानी होगी। आइए जानते हैं सुंदरता के लिए दुनियाभर में निभाई जाने वाली कुछ अजीबोगरीब परंपराओं के बारे में जानते हैं।*



## गले में पीतल के कुंडल पहनने की परंपरा

म्यांमार में कायन जनजाति की महिलाएं सुंदर दिखने के लिए गले में कई पीतल के कुंडल पहनती हैं। माना जाता है कि महिलाओं के गर्दन में कुंडलियों की संख्या जितनी ज्यादा होगी, वो उतनी ज्यादा सुंदर दिखेंगी। जब महिलाओं की उम्र 5-8 साल होती है, तब पहली बार उनके गले में कुंडल पहनाया जाता है और उम्र बढ़ने के साथ-साथ इनकी गिनती भी बढ़ती जाती है।

## पैरों को बांधने की परंपरा

पैरों को बांधने की परंपरा प्राचीन समय में चीन में निभाई जाती थी। दरअसल, पहले यहां छोटे पैर सुंदरता की पहचान होते थे। इसके लिए छोटी उम्र में ही महिलाओं के पैरों की उंगलियों को मोड़कर तलवे के अंदर बांध दिया जाता था, ताकि इससे पैरों का आकार छोटा रहे। इस परंपरा को फूट बाइंडिंग या लोटस फूट कहते हैं और यह बेहद दर्दनाक है। अच्छी बात यह है कि ये परंपरा अब पूरी तरह से खत्म हो चुकी है।

## निचले होंठ पर मिट्टी की प्लेट पहनने की परंपरा

इस परंपरा को इथियोपिया निवासी मुर्सी और सुरमा जनजाति की महिलाएं निभाती हैं। इसे लिप प्लेट भी कहते हैं। इनके मुताबिक, सुंदरता का मतलब है बड़े होंठ, लेकिन इसके लिए वे सर्जरी नहीं, बल्कि मिट्टी की प्लेट का इस्तेमाल करती हैं। इस परंपरा के तहत जब लड़कियां जवान हो जाती हैं तब उनके सामने और नीचे के 2 दांत हटा दिए जाते हैं। निचले होंठ में छेद करके उसमें लिप प्लेट लगा दिया जाता है।







## रायपुर आरटीओ आफिस में मनमानी, हाईकोर्ट ने कहा- पूरा स्टाफ बदल देना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

जमानत आवेदन पर सुनवाई करते हुए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने रायपुर के क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को जमकर फटकार लगाई है। वर्षों से एक ही जगह और एक टेबल पर जमे कर्मचारियों का तबादला करने का निर्देश कोर्ट ने दिया है। हाईकोर्ट ने खमतराई थाना प्रभारी की अनुपस्थिति को लेकर नाराजगी जताई। इस पर राज्य शासन के अधिवक्ता ने बताया कि वीआइपी ड्यूटी में होने के कारण कोर्ट में उपस्थित नहीं हो पाए। अधिवक्ता की जानकारी के बाद कोर्ट ने जवाब के लिए मोहलत दे दी। रायपुर के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में लाइसेंस को लेकर विवाद की स्थिति बनने के बाद बाबुओं ने पीड़ित के साथ मारपीट की और खमतराई थाना में झूठी शिकायत दर्ज करा दी। झूठी शिकायत के आधार पर पुलिस ने एफआइआर भी दर्ज कर लिया। अब पीड़ित ने जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। मामले की सुनवाई के दौरान पीड़ित के अधिवक्ता ने बताया कि रायपुर के क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में पदस्थ क्लर्क की मनमानी चलती है।









हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com